RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 61
नई दिल्ली, बुधवार, 6 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शिल्पा शेट्टी ने दीं योग की उपयोगी टिप्स
विविध-12

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री का भारत दौरा रद्द

## गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि थे बोरिस जॉनसन, पीएम मोदी को फोन कर जताया खेद

**कोरोना का कहर**

● ब्रिटेन में फैल रहे नए स्ट्रेन के कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के चलते किया फैसला



**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**ब्रिटेन** में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन से संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों के बाद प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस माह के अंत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को रद्द कर दिया है। वे गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। जॉनसन ने पिछले महीने आमंत्रण स्वीकार किया था और दिसंबर में ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर होने के बाद उनकी यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होती। संयोग से उनकी नई दिल्ली की यात्रा भी महामारी फैलने के बाद पहले ऐसे किसी कार्यक्रम भाग लेने के लिए किसी राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा होती। अधिकारियों ने बताया कि जॉनसन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात कर महामारी की स्थिति के कारण अपना दौरा रद्द करने के लिए खेद प्रकट किया। जॉनसन ने संकेत दिया है कि उनकी भारत यात्रा जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले साल के पूर्वार्द्ध में होगी। ब्रिटेन की अध्यक्षता में यह सम्मेलन इस साल के अंत में होने की योजना है। गौरतलब है कि जॉनसन ने एक दिन पहले टेलीविजन के माध्यम से ब्रिटेन को संबोधित करते हुए कहा था कि संक्रमण की दर अत्यधिक बढ़ने के कारण उनके मेडिकल प्रमुखों ने चेतावनी दी है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा खतरे का सामना कर रही है। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री (जॉनसन) ने योजना के अनुसार इस महीने के आखिर में होने वाली अपनी भारत यात्रा पर नहीं जा सकने के लिए खेद प्रकट करने को लेकर आज सुबह प्रधानमंत्री मोदी से बात की। प्रवक्ता ने कहा कि बीती रात घोषित राष्ट्रीय लॉकडाउन के आलोक में और कोरोना वायरस के नये प्रकार के फैलने की गति के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनके लिए यह जरूरी है कि वह ब्रिटेन में मौजूद रहें, ताकि वह वायरस के खिलाफ घरेलू प्रतिक्रिया पर ध्यान दे सकें। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंध के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और महामारी के खिलाफ प्रतिक्रिया सहित दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग के जरिए इसे जारी रखने की भी बात कही। प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह 2021 की पहली छमाही में और ब्रिटेन के जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले भारत की यात्रा पर जा सकेंगे, जिसमें (सम्मेलन में) प्रधानमंत्री मोदी एक अतिथि के तौर पर शरीक होने वाले हैं।

### ब्रिटेन में फिर लगा लॉकडाउन, फरवरी माह के मध्य तक रहेगा प्रभावी

**भाषा** । लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोरोना वायरस महामारी के चलते फरवरी माह के मध्य तक एक नया लॉकडाउन लगा दिया है और लोगों से आने-अपने घरों में रहने की अपील की है। दरअसल कोरोना वायरस के नए रूप के चलते यह महामारी और भी खतरनाक रूप ले चुकी है तथा और अधिक संक्रामक बन गई है।

देश को सोमवार रात को संबोधित करते हुए जॉनसन ने कहा कि तेजी से फैल रहे संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में ब्रिटेन एक निर्णायक मोड़ पर है। उन्होंने मार्च 2020 में लगाए लॉकडाउन की तरह ही संपूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की जिसमें स्कूल और कारोबार बंद रहेंगे। जॉनसन ने कहा, आज हमारे अस्पताल कोविड-19 के कारण पहले के मुकाबले कहीं अधिक दबाव में हैं। यह साफ है कि वायरस के इस नए रूप को काबू में करने के लिए हमें मिलकर बहुत कुछ करने की जरूरत है।इंग्लैंड में हमें राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लगाना होगा जो इस वायरस से मुकाबला करने के लिहाज से बहुत सख्त हो। इसका मतलब यह है कि सरकार एक बार फिर आपको घर पर रहने का निर्देश दे रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़कर करीब 27,000 हो गई है जो अप्रैल 2020 के मुकाबले कहीं अधिक है। जॉनसन ने कहा, हम हमारे इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम चला रहे हैं। ब्रिटेन में पूरे यूरोप के मुकाबले कहीं अधिक संख्या में लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

# नए संसद परिसर के निर्माण का रास्ता साफ

● सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट को सुप्रीम कोर्ट ने दी हरी झंडी

**राजेश कुमार** । नई दिल्ली




नए संसद भवन का मॉडल

**सुप्रीम** कोर्ट ने सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना को हरी झंडी दे दी है। इससे नए संसद भवन, मंत्रालयों के कार्यालय और मंत्रियों के आवास जैसी तमाम सुविधाओं के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अदालत ने कहा कि परियोजना को आगे बढ़ाने में कोई दिक्कत नहीं है। पर्यावरणीय मंजूरी और परियोजना के लिए भूमि उपयोग में बदलाव की अधिसूचना भी वैध तरीके से जारी की गई है। तीन जजों की पीठ ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मंगलवार को उन सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया जिनमें आरोप लगाया गया था कि सेंट्रल विस्टा परियोजना के लिए लैंड यूज और पर्यावरण नियमों का उल्लंघन किया गया है। तीन सदस्य पीठ ने दो-एक से अपना फैसला सुनाया। कुल 611 पन्नों के बहुमत का फैसला जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने दिया। बेंच के तीसरे सदस्य न्यायाधीश संजीव खन्ना भू-उपयोग के परिवर्तन और विरासत संरक्षण समिति (एचसीसी) की पूर्व स्वीकृति को लेकर असंतुष्ट नजर आए। न्यायमूर्ति खन्ना ने पर्यावरण मंजूरी को भी अपर्याप्त पाया। न्यायमूर्ति खानविल्कर और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी ने कहा कि परियोजना को हरी झंडी देने में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। साथ ही पर्यावरणीय मंजूरी और परियोजना के लिए भूमि उपयोग में बदलाव के लिए जारी अधिसूचना पूरी तरह वैध हैं। दोनों जजों ने बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि सेंट्रल विस्टा कमिटी (सीवीसी) द्वारा) नो ऑब्जेक्षन, दिल्ली अर्बन आर्ट कमिषन (डीयूएसी) द्वारा परियोजना मंजूरी और हेरिटेज कंजर्वेषन कमिटी (एचसीसी) द्वारा पूर्व अनुमति दिए जाने में किसी तरह की गड़बड़ी सामने नहीं आई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए डीडीए अधिनियम के तहत केंद्रीय विस्टा परियोजना के सात भूखंडों के भूमि उपयोग में परिवर्तन के संबंध में जो संशोधन किया, वह पूर्णतया उचित है। इससे भूमि उपयोग पर सरकार की 20 मार्च, 2020 की अधिसूचना की पुष्टि हो गई। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) द्वारा पर्यावरण मंजूरी की सिफारिश और केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय की ओर से अनुदान दिए जाने में भी किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। यह 2006 की अधिसूचना के मद्देजनर पूरी तरह कानून के अनुसार है। अदालत ने कहा कि परियोजना को कियान्वित करने वाली एजेंसी को हर हाल में नियमों का पालन करना होगा और अपने पत्र में दिखाई गई स्प्रिट को बरकरार रखना होगा।

# मुरादनगर हादसा मामले में फरार ठेकेदार गिरफ्तार

● न्यायिक हिरासत में भेजा, अस्पताल में मेडिकल जांच के दौरान पीड़िता ने आरोपी को पीटा, अभियुक्तों पर रासुका के तहत कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा** । गाजियाबाद/लखनऊ



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी ठेकेदार अजय त्यागी और उसका पार्टनर संजय गर्ग।

**मुरादनगर** के उखलारसी श्मशान हादसा मामले में मुख्य आरोपी ठेकेदार अजय त्यागी व उसके पार्टनर संजय गर्ग को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

अदालत में पेश करने से पहले पुलिस दोनों को अलग अलग मेडिकल परीक्षण कराने के लिए सरकारी अस्पताल लायी थी, उसी दौरान एक पीड़िता ने अजय त्यागी को पहचान कर उसकी चप्पलों से पिटाई करनी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह अजय को पीड़िता के चंगुल से छुड़ाया और मेडिकल कराने के बाद उसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश कर दिया।

जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान किये जाने की घोषणा की है। उन्होंने प्रत्येक आवासहीन (शेष पेज 9)

# दस दिन में टीकाकरण शुरू करने की तैयारी

**कोरोना पर वार**

● भंडारण से लेकर सेंटर तक पहुंचाने संबंधी सभी इंतजाम, सरकार से हरी झंडी मिलने का इंतजारः स्वास्थ्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



नोएडा में एक चिकित्सा केंद्र में कोरोना के टीके का पूर्वाभ्यास।

**देश** में 13 या 14 जनवरी से कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण शुरू हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वैक्सीन को आपातकालीन स्वीकृति मिलने के 10 दिन के भीतर ही टीकाकरण शुरू करने के लिए तैयार है।

वैक्सीन के भंडारण से लेकर सेंटर तक पहुंचाने और किसे कब टीका लगना है, जैसी तमाम तैयारियां कर ली गई हैं। हालांकि, अंतिम फैसला सरकार को करना है। एक टीकाकरण टीम में 5 सदस्य होंगे। डीसीजीआई ने पिछले हफ्ते सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की को-वैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी है। कोरोना वैक्सीन को रखने की व्यवस्था की जानकारी देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि करनाल, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में स्थित जीएमएसडी नामक 4 प्राथमिक वैक्सीन स्टोर बनाए गए हैं।

देशभर में ऐसे 37 वैक्सीन स्टोर हैं। वे टीकों को थोक में इकठ्ठा करेंगे और फिर आगे यानी केंद्रों तक वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि देश के 4 बड़े डिपो में निर्माता वैक्सीन पहुंचाते हैं। वहां से स्टेट वैक्सीन स्टोर तक इसे पहुंचाया जाता है, जो 37 हैं। वैक्सीन को आगे पहुंचाने की जिम्मेदारी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश की होती है। यहां से रेफ्रिजरेटेड वाहन या अन्य साधनों के माध्यम से जिलों और फिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक वैक्सीन जाती है। उन्होंने कहा कि भारत के पास वैक्सीन डिलिवरी की निगरानी के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम हैं।

यह पिथले 10 साल है मौजूद है, लेकिन अब कोरोना वैक्सीन के लिए इसमें कुछ और चीजें जोड़ी गई हैं। वैक्सीन की जगहों पर तापमान मापने के यंत्र होगा। हमने ड्राई रन के लिये 125 जिलों में 286 सेशंस साइट्स तैयार की हैं। टीकाकरण प्रक्रिया के बारे में बात करते हुए स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि (शेष पेज 9)

# टीके की आपूर्ति के लिए मिलकर काम करेंगे सीरम, भारत बायोटेक

● एक दिन पहले हुई जुबानी जंग के बाद दोनों कंपनियों ने मतभेद भुला जारी किया संयुक्त बयान

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**कोरोना** वायरस टीकों की क्षमता को लेकर एक दिन पहले हुई जुबानी जंग के बाद वैक्सीन निर्माता फर्म सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक ने मंगलवार को अपने मतभेदों को खत्म कर संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें दोनों ने टीके के विकास और आपूर्ति के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों कंपनियों के संयुक्त बयान में एसआईआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अदार पूनावाला और भारत बायोटेक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कृष्णा एल्ला ने भारत समेत दुनिया के लिये कोविड-19 टीकों के विकास, विनिर्माण तथा आपूर्ति के अपने संयुक्त इरादे के साथ काम करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनके सामने सबसे महत्वपूर्ण कार्य भारत और विश्व स्तर पर जीवन व आजीविका को बचाना है। टीका सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी वैश्विक वस्तु हैं। उनमें जीवन को बचाने और जल्द से जल्द आर्थिक पुनरुद्धार को तेज करने की शक्ति है। भारत में दो टीके के आपात उपयोग की मंजूरी मिल चुकी है। ऐसे में अब ध्यान इसके विनिर्माण, आपूर्ति व वितरण पर है कि आबादी के जिस हिस्से को इसकी सबसे अधिक जरूरत है, उसे उच्च गुणवत्तायुक्त, सुरक्षित व प्रभावी तरीके से टीका मिले। डीसीजीआई ने रविवार को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोविशील्ड और भारत बायोटेक के कोवैक्सीन को आपातकालीन उपयोग की मंजूरी प्रदान कर दी है। दोनों ने कहा, 'हमारी दोनों कंपनियां इस गतिविधि में पूरी तरह से लगी हुई हैं और देश व दुनिया में बड़े पैमाने पर टीके को उतारने को सुनिश्चित करने को अपना कर्तव्य मानती हैं।

# संसद का बजट सत्र 29 से होगा आरंभ

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**संसदीय** मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने 29 जनवरी से संसद का बजट सत्र बुलाए जाने की सिफारिश की है। दो हिस्सों में आयोजित होने वाला बजट सत्र आठ अप्रैल को समाप्त होगा। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने बजट सत्र का पहला हिस्सा 29 जनवरी से 15 फरवरी तक, दूसरा हिस्सा आठ मार्च से आठ अप्रैल तक आयोजित करने की सिफारिश की। सीसीपीए की सिफारिशों का हवाला देते सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द 29 जनवरी को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे तथा एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश होगा। सूत्रों ने बताया कि संसद के बजट सत्र के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। सत्र आयोजित करने के बारे में अंतिम निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया जाएगा। कोविड-19 के कारण संसद का शीतकालीन सत्र आयोजित नहीं हो सका था।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,437 | ↑ 260 | |
| निफ्टी | 11,199 | ↑ 66 | |
| सोना | 50,969 | ↑ 335 | /10g |
| चांदी | 69,693 | ↑ 382 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारतीय वायु सेना का मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ

**नई दिल्ली।** राजस्थान में सूरतगढ़ के निकट मंगलवार की रात को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का एक लड़ाकू विमान मिग-21 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आईएएफ ने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल आया। यह घटना रात लगभग आठ बजकर 15 मिनट पर हुई। आईएएफ ने ट्वीट किया, पश्चिमी क्षेत्र में प्रशिक्षण के दौरान, एक मिग -21 बाइसन विमान में आज शाम एक बड़ी तकनीकी खराबी आ गई। पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल आया। कोई जनहानि नही हुई है। उसने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। इससे पहले भी वायुसेना के विमान दुर्घटनाग्रस्त होते रहे हैं।

# किसानों ने ट्रैक्टर मार्च एक दिन के लिए टाला

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**प्रदर्शनकारी** किसान संघों ने छह जनवरी को प्रस्तावित अपने ट्रैक्टर मार्च को खराब मौसम के पूर्वानुमान के चलते मंगलवार को सात जनवरी के लिए टाल दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि वे आने वाले दिनों में अपने आंदोलन को तेज करेंगे। सिंघू सीमा पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि हजारों किसान सात जनवरी को सभी प्रदर्शन स्थलों से कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) के लिए ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। स्वराज अभियान के नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि बुधवार को खराब मौसम की संभावना के बाद मार्च को टालने का फैसला किया गया है। पिछले तीन दिन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। किसान संघों ने कहा कि तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन को आने वाले दिनों में तेज किया जाएगा। किसान नेता जोगिंदर नैन ने 26 जनवरी को दिल्ली के लिए प्रस्तावित एक और ट्रैक्टर मार्च के बारे में कहा कि हम हरियाणा के हर गांव से 10 ट्रैक्टर ट्रॉलियां भेजेंगे। हम लोगों से अनुरोध करते हैं कि हर घर से कम से कम एक व्यक्ति और एक गांव से कुल 11 महिलाएं आएं।

# सेना किसी भी चुनौती का सामना करने को तैयार

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

● रक्षा मंत्रालय ने सालाना समीक्षा में कहा- चीन की लद्दाख में यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिश का दिया मुंहतोड़ जवाब

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर नौ महीने से चले आ रहे तनाव के बीच रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि चीन ने लद्दाख में यथास्थिति को बलपूर्वक और एकतरफा बदलने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया। गतिरोध खत्म करने के लिए राजनयिक स्तर पर कई वार्ताएं हुईं लेकिन अभी तक कोई फायदा नहीं हुआ।

मंत्रालय ने हाल ही में जारी अपनी वार्षिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि चीन ने एलएसी के पास सीमा क्षेत्र में अपनी सैन्य ताकत को और बढ़ाया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सीमा पर कई क्षेत्रों में चीन की यथास्थिति बदलने की कोषिषों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है और आगे भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सेना ने दोनों देशों के बीच सभी प्रोटोकॉल और समझौतों का पालन किया है, जबकि चीन ने अपरंपरागत हथियारों के उपयोग और बड़ी संख्या में सैनिकों को जमा कर सीमा पर तनाव बढ़ाया है।

गालवान घाटी में बीते साल 15 जून को भारतीय सैनिकों पर हमला करने के लिए चीनी सैनिकों ने क्लबों और नुकीली छड़ों का उपयोग किया था। उस खूनी संघर्ष में कमांडिंग अधिकारी सहित 20 भारतीय जवान मारे गए थे। चीन के भी बड़ी सख्या में सैनिक हताहत हुए थे, लेकिन उनकी संख्या उजागर नहीं की गई थी। इसके बाद 28-29 अगस्त को भी चीनी सेना ने पैंगोंग त्सो झील के दक्षिणी हिस्से में ऊंचाई वाले क्षेत्र पर कब्जा किया था लेकिन पहले से चौकस भारतीय जवानों ने पूरी बहादुरी से मुकाबला करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विपरीत मौसम के बावजूद ऊंची पहाड़ी चोटियों पर अभी भी जवान तैनात हैं। चीन की किसी भी हरकत का जवाब देने के लिए सैनिक पूरी तरह मुस्तैद हैं और पर्याप्त रसद का स्टॉक किया गया है, ताकि कड़ाके की सर्दी में वहां उन्हें कोई दिक्कत न हो। इस बीच, हालात को सामान्य बनाने की कोशिशों के तहत बातचीत की प्रक्रिया भी जारी है। आने वाले दिनों में कोर कमांडर स्तर की वार्ता के नौवें दौर के लिए तैयारी चल रही है। पिछली बैठक बीते साल छह नवंबर को आयोजित हुई थी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले सप्ताह कहा था कि दोनों पक्षों के बीच मतभेदों को खत्म करने और तनाव की स्थिति टालने के लिए जारी वार्ताओं का सकारात्मक परिणाम नहीं मिला है। समीक्षा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वायुसेना के भारी-भरकम विमानों ने लद्दाख सेक्टर में सैन्य गतिशीलता को बदल दिया है। वायुसेना ने इन विमानों से युद्ध के साजो-सामान और मशीनरी के साथ-साथ बहुत कम समय में युद्ध के लिए तैयार सैनिकों को सीमा पर पहुंचा दिया है।

**एलएसी पर गतिरोध**



प्रतीकात्मक चित्र

## मुरादनगर श्मशान घाट हादसे पर सनसनीखेज खुलासा

# अजय त्यागी ने टेंडर पुलींग करके लिया था ठेका

**अशोक निर्वाण।** गाजियाबाद



हादसे की फाइल फोटो

मुख्यालय से लगभग 14 किमी दूर मुरादनगर थाना क्षेत्र स्थित गांव उखलारसी श्मशान घाट की छत का लेंटर गिरने से मारे गये 25 लोगों के मामले में नये-नये खुलासे हो रहे हैं। श्मशान घाट के गलियारे के निर्माण का टेंडर लेने में ठेकेदार अजय त्यागी और उसके सिन्डिकेट की बड़ी हेरा फेरी सामने आयी है। खास बात यह है कि मुरादनगर श्मशान घाट गलियारे के निर्माण का टेंडर लेने के लिए ठेकेदार अजय त्यागी और उसकी तीन मित्र कंपनियों ने मिलीभगत करके टेंडर पुलींग कर 55 लाख का यह काम हथियाया था। इस पूरे काम में नगर पालिका का पूरा प्रशासन मिला हुआ था।

सूत्रों की माने तो ये तीनों मित्र कंपनियों के मालिक आपस में पार्टनर भी हैं। मुरादनगर पुलिस ने अजय त्यागी और उसकी तीनों मित्र कंपनियों के मालिको की फाइल भी तलब कर ली है। पुलिस का कहना है कि तीनों मित्र कंपनियों के मालिकों के मोबाइल स्वीच ऑफ है। साफ जाहिर है कि ये ठेके इन सब लोगों ने सैटिंग करके लिए होंगे। पुलिस के शीर्ष सूत्रों का कहना है कि महज एक फीसदी ब्ल्यू टेन्डर करके यह ठेका हथियाया गया है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि नगर पालिका परिषद मुरादनगर की अधिशासी अधिकारी निहारिका सिंह ने इस ठेके की एवज में 35 से 40 प्रतिशत कमीशन लिया है।

पुलिस कोर्ट में अर्जी देकर निहारिका को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। रिमांड पर लेने के बाद ही श्मशान घाट गलियारे के निर्माण में दबे राज खुल सकेंगे। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी नाराज बताये जा रहे हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त अनीता सी मेश्राम से फोन पर बातचीत कर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। इसलिए जिला प्रशासन और मंडल प्रशासन इस प्रकरण में दोषियों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के मूड में नहीं है।

### पीड़ितों से मिला कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल

**गाजियाबाद।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लु के आह्वन पर सहारनपुर ग्रामीण से पार्टी के विधायक मकसूद अख्तर के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुरादनगर शमशान घाट हादसे में मारे गए पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। मृतकों के परिजनों के साथ अपनी संवेदना व्यक्त की। विधायक मकसूद अख्तर ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और सरकार से मांग की कि भ्रष्टाचार के कारण दुखद मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और नेताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

# निगम में करोड़ों रुपए का ले रखा है काम

## मेयर ने फर्म को ब्लैक लिस्ट करने और कार्यों की जांच के दिए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर श्मशान घाट के गलियारे का निर्माण करने वाले ठेकेदार अजय त्यागी का राजनैतिक रसूख मुरादनगर तक ही सीमित नहीं था, बल्कि गाजियाबाद नगर निगम में उसके करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य के ठेके हैं। इन सभी ठेकों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए निगम प्रशासन ने निगम के मुख्य अभियंता मोइनुददीन को निर्देश जारी किए हैं।

निगम प्रशासन ने उसके सभी कार्यो की पत्रावली भी तलब की है। यदि उसके किसी भी निर्माण कार्य में तनिक भी कोताही मिली तो उसकी कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा। पड़ताल के बाद यह पता चला है कि अजय त्यागी ने टेंडर मेनेज करने के लिए लगभग आधा दर्जन छदम कंपनियां भी बनायी हुई हैं। जिसके जरिये वह किसी भी टेंडर को पुलिंग कर लेता था। नगर निगम रिकॉर्ड के मुताबिक इस समय निगम में उसकी तीन कंपनियां कार्य कर रही हैं। जिनके नाम अजय त्यागी कंस्ट्रक्शन ,माही कंस्ट्रक्शन एण्ड बिल्डर्स एवं कृष्णा एसोसिएट हैं। सूत्रो का कहना है कि अजय त्यागी उत्तर प्रदेश के एक विधायक का मुंह लगा बताया जाता है। जिले में ज्यादातर ठेके इसी विधायक की पैरवी पर दिये गये हैं।



जांच के लिए मेयर द्वारा जारी पत्र।

अजय त्यागी ने निगम में एक कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन का भी गठन कर लिया था जिसका बाद में नगर निगम के अन्य ठेकेदारों ने विरोध कर इसे फर्जी करार दे दिया था। जब से अजय त्यागी के कारनामों के बारे में नगर निगम प्रशासन को पता चला है अधिकारियो की भौहें भी तन गयी है।

इस संबंध में मेयर आशा शर्मा ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर अजय त्यागी की तीनों कंपनियों द्वारा निगम में कराये गये कार्यो की गुणवत्ता जांच की बात कही है। उन्होंने अजय त्यागी की तीनो फर्मो को ब्लैक लिस्ट करने के लिए कहा है। इस संबंध में नगर आयुक्त महेन्द्र सिहं तंवर का कहना है कि अजय त्यागी का कोई भी निर्माण कार्य यदि मानक के विपरित पाया गया तो उसकी कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा और विधिक कार्रवाई भी होगी।



मंगलवार को मुरादनगर हादसे में जान गवाने वाले लोगों के परिजनों से मिलने पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. अजय शंकर पांडे।

### मानवाधिकार आयोग में दायर की याचिका

**गाजियाबाद।** मुरादनगर हादसे का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। अधिवक्ता विष्णु कुमार गुप्ता ने आयोग में याचिका दायर की है। उन्होंने जल्द जांच पूरी करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

मुरादनगर के उखलारसी में श्मशान स्थल पर बनी गैलरी की छत गिरने से रविवार को 25 लोगों की मौत हो गई थी। साथ ही करीब 40 लोग घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को दस लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। इस हादसे की जांच मंडलायुक्त अनीता सी मेश्राम और एडीजी जोन मेरठ राजीव सभरवाल को दी गई है।

# अजय त्यागी सिंडीकेट को घेरने की तैयारी शुरू

## ठेकेदार के कराए कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित

**पाययिर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर कांड के सूत्रधार अजय त्यागी और उसके सिंडीकेट को चौतरफा घेरने की रणनीति जिला प्रशासन ने तैयार कर ली है। प्रशासन ने कार्यदायी संस्था गाजियाबाद नगर निगम, जीडीए, यूपीएसआईडीसी और जिले की सभी स्थानीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि वे अजय त्यागी और उसकी सहयोगी फर्मो ने जो कार्य किये है उनकी एक सूची जिला प्रशासन के पास उपलब्ध कराए। साथ ही त्यागी की फर्मो को होने वाले सभी भुगतानों को भी रोका जाए।

जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पाण्डे ने बताया कि जो भुगतान उसे पूर्व में कर दिया गया है उस रकम की ब्याज सहित रिकवरी के भी आदेश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही यह रकम उसकी चल व अचल सम्पत्ति को कुर्क करके वसूली जा सकती है। खास बात यह है कि अजय त्यागी सिंडीकेट द्वारा नगर निगम, मुरादनगर नगर पालिका परिषद व अन्य निकायों में जो कार्य किये गये हैं उनकी गुणवत्ता की जांच करने के लिए उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबन्धक छेदी लाल, जीडीए के मुख्य अभियंता बीएन सिहं और गाजियाबाद नगर निगम के मुख्य अभियंता मोइनुददीन को जिम्मेदारी सौंपी है। यदि ये सभी निर्माण मानक के विपरित पाये गये तो उन्हें तुरंत जमींदोज किया जायेगा। जिला प्रशासन का अनुमान है कि अजय त्यागी सिंडीकेट का पूरे जिले में अरबों का कारोबार है।

# हादसे में एक ही पल में छिन गया पिता और भाई का साथ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर में श्मशान घाट की गैलरी की छत गिरने से रविवार को कई परिवार तबाह हो गए। इनमें एक परिवार मोदीनगर के योगेश का भी था। एक ही हादसे में उन्होंने अपने पिता और छोटे भाई को खो दिया।

मोदीनगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी के रहने वाले परमानंद, छोटे भाई दिनेश के साथ चाचा जयराम के अंतिम संस्कार में गए थे। श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की तैयारी होने लगी। इस बीच योगेश शौच के लिए श्मशान के बाहर चले गए जबकि, पिता व भाई वहीं थे। इसी बीच तेज आवाज के साथ छत भरभराकर गिर पड़ी।

आवाज सुनते ही योगेश उस तरफ दौड़े। योगेश अपने भाई व पिता को खोजने के लिए हाथों से मलबा हटाने लगे। थोड़ी देर बाद एनडीआरएफ और पुलिस की टीम ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया, तब उनके पिता और भाई का शव मलबे से बाहर आया।

## संक्षिप्त समाचार



प्रदर्शन करते टीला शहबाजपुर गांव के निवासी।

### गांव को नगरपालिका में शामिल करने का विरोध

**गाजियाबाद।** लोनी के टीला शाहबाजपुर गांव के आर्य समाज मंदिर में ग्रामीणों ने पंचायत कर नगर पालिका लोनी विस्तार में टीला गांव को शामिल करने का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के अस्तित्व को खत्म करने के लिए यह साजिश की जा रही है। गांव के लोग ग्राम पंचायत के माध्यम से ही अपने गांव का विकास कार्य एवं आपसी मुद्दों को निपटाने में सक्षम है। ग्रामीणों का कहना है कि लोनी नगर पालिका खुद का विकास ही अभी तक नहीं कर पाई है। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से पता चलता है कि लोनी में तमाम जगह बदहाल हैं और तमाम जगह पर विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। जिसका ग्रामवासी पुरजोर विरोध करते हैं। वहीं इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने तहसील दिवस में जाकर गांव की तरफ से आपत्ती पत्र सौंपा। पंचायत में टीला गांव के सैकड़ों निवासी मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में अव्वल छात्राएं पुरुस्कृत

**गाजियाबाद।** जीटी रोड स्थित श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में विज्ञान की ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर कक्षा 6 से 10 की छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा 6 में रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितिका, द्वितीय स्थान अग्रिमा तथा तृतीय स्थान खुशी ने प्राप्त किया। कक्षा 7 में एड मेड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर योगिता, द्वितीय स्थान पर अनंता तथा तृतीय स्थान पर अनन्या रही। कक्षा 8 में मैजिकल ट्रिक्स में डोली प्रथम स्थान पर तृषा द्वितीय स्थान पर वहीं रीतिका तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 9 में वर्ल्ड आर्ट के विषय पर कोरोना एक महामारी पर बच्चों ने बहुत सुंदर प्रस्तुति की प्रथम स्थान पर सिमरन द्वितीय स्थान पर प्रियंका तथा तृतीय स्थान पर पंखी रही। कक्षा 10 में प्रोटोटाइप क्रिएशन में अंशिका प्रथम स्थान पर तान्या द्वितीय स्थान पर तथा लहर तृतीय स्थान पर रही।



ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रस्तुति देती छात्रा

### एनसीआर में बारिश ने बदली हवा की रंगत

**नोएडा।** पिछले दो दिन से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हुई बारिश की वजह से वायु प्रदूषण का स्तर काफी कम हुआ है। एनसीआर के ज्यादातर शहर यलो तथा ग्रीन जोन में पहुंच गए हैं। प्रदूषण सूचकांक ऐप समीर के अनुसार मंगलवार को नोएडा की एक्यूआई 157, गाजियाबाद की 149, ग्रेटर नोएडा की एक्यूआई 144 दर्ज की गई। दिल्ली की एक्यूआई 141 दर्ज की गई। बागपत 102, बुलंदशहर की 109, हापुड़ की 45, फरीदाबाद 150, गुरुग्राम 77, आगरा 139, बल्लभगढ़ 69 , भिवानी 101 , मेरठ 90 एक्यूआई दर्ज की गई। नोएडा प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण को रोकने के लिए प्रदूषण विभाग कई योजनाएं चला रहा है।

# खेत में मिला युवक का शव ठंड से मौत की जताई आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना जेवर क्षेत्र के मोहल्ला रावतिया में रहने वाले एक युवक का शव खेत से बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर ने बताया कि गौतम भारती का शव सोमवार को जेवर क्षेत्र के एक खेत में मिला है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक के भाई पुरुषोत्तम भारती ने थाना जेवर में सूचना दी कि उसका भाई गौतम भारती बीती रात को खेत में घूमने गया था। उसका शव खेत में पड़ा मिला है।

उन्होंने बताया कि मृतक के भाई ने आशंका जताई है कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उसके भाई की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। जानकारी मिली है कि मृतक की छह माह पहले ही शादी हुई थी।

### तीन शराब तस्कर दबोचे

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस ने मंगलवार सुबह टीसीएस चौराहे के पास से तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये लोग एक कार में हरियाणा मार्का शराब भरकर बेचने के लिए जा रहे थे। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि वे लोग काफी दिनों से शराब तस्करी के धंधे में संलिप्त हैं।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी अभिनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुबह को गश्त पर निकली थाना फेस. 2 के प्रभारी निरीक्षक सुश्री अनीता चौहान ने सेक्टर 80 के टीसीएस चौराहे के पास से सोनू एसचिन तथा आकाश नामक तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# संक्रमण के बीस नए मरीज मिले, एककी मौत

## गौतमबुद्धनगर जनपद में अब तक 25,053 लोग हो चुके हैं संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर में कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से एक मरीज की मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई है। साथ ही मंगलवार को जनपद में कोविड-19 से संक्रमित 20 नए मरीज मिले। जनपद में कोविड-19 के संक्रमण की वजह से अब तक 91 लोगों की मौत हो चुकी है।

जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि मंगलवार को कोविड-19 के संक्रमण की वजह से उपचार के दौरान एक मरीज की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कोरोना वायरस से संक्रमित 20 मरीज पाए गए हैं। साथ ही 30 मरीज उपचार के दौरान ठीक होकर 24 घंटे के अंदर अस्पताल से डिस्चार्ज हुए हैं।

उन्होंने बताया कि यहां के विभिन्न अस्पतालों में 327 मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद में 24,635 मरीज उपचार के दौरान ठीक होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं, जबकि 25,053 मरीज अब तक जिले में कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं।

जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि जनपद में अब तक कोविड-19 के संक्रमण की वजह से 90 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 6,34,489 लोगों का अब तक सैंपल कोविड-19 के टेस्ट के लिए लिया गया है। उन्होंने बताया कि जो लोग मंगलवार को कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं, उन्हें यहां के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया गया है।

# छह केंद्रों पर किया गया टीकाकरण का ट्रॉयल

## नोएडा स्वास्थ्य विभाग के तीन सौ कर्मियों ने लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



मंगलवार को कोविड-19 टीकाकरण का पूर्वाभ्यास छह केंद्रों के 12 बूथों पर हुआ। इस पूर्वाभ्यास में स्वास्थ्य विभाग के 300 कर्मियों ने हिस्सा लिया और शांति बनाए रखने के लिए सभी बूथों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रही।

सीएमओ)डॉ. दीपक ओहरी ने बताया कि कोविड-19 के टीकाकरण का पूर्वाभ्यास मंगलवार को किया गया। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनपद गौतमबुद्धनगर में छह केंद्रों पर 12 बूथ बने हैं। उन्होंने बताया कि इसमें 300 स्वास्थ्य कर्मियों ने हिस्सा लिया। पूर्वाभ्यास के लिए जनपद में नोएडा के सुपर स्पेशलिटी शिशु अस्पताल, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स), शारदा अस्पताल, बिसरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिसरख प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और भंगेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर दो बूथ बनाए गए। एक बूथ पर 25 लाभार्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से 12 बजे तक पूर्वाभास किया गया।

वहीं गाजियाबाद जिले में भी मंगलवार को छह स्थानों पर ड्राई रन किया गया। कोरोना वैक्सीन लगने से पहले किस तरह से मरीज को वैक्सीन लगाई जाएगी, क्या मानक रखे जाएंगे, इन सबका ट्रायल किया गया। डीएम अजय शंकर पाण्डेय सबसे पहले नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने ड्राई रन का निरीक्षण किया।

### बदमाशों ने युवक के गले से झपटी सोने की चेन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र की एक सोसाइटी के निकट बाइकसवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति के गले से कथित तौर पर सोने की चेन झपट ली। पुलिस शिकायत दर्ज करके जांच कर रही है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) अंकुर अग्रवाल ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के महागुन माइवुड्स गौर सिटी-दो में रहने वाले सुमित प्रकाश बीती रात अपनी सोसाइटी के द्वार संख्या तीन के पास से गुजर रहे थे, तभी बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज करके पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जेवर हवाई अड्डे के बाहर भी वन्यजीवों का संरक्षण करेगा यीडा

## वाइल्ड लाइफ संस्था को विस्तृत योजना बनाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ ने कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


यमुना विकास एक्सप्रेसवे प्राधिकरण ने नोएडा हवाईअड्डे और उसके आसपास के वन्य जीवों और धनौरा पक्षी विहार को सहेजने का निर्णय लिया है। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुण वीर सिंह ने सोमवार को ऑनलाइन बैठक में वाइल्डलाइफ संस्था को इस संबंध में एक विस्तृत योजना तैयार करने के लिए कहा है।

उन्होंने बताया कि यमुना विकास प्राधिकरण ने नोएडा हवाईअड्डे के 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले वन्य जीव-जंतुओं और धनौरी वेटलैंड (आर्द्रभूमि) के संरक्षण के लिए योजना बनाने की जिम्मेदारी दिसंबर 2019 में वाइल्डलाइफ संस्था को सौंपी थी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि हालांकि, इस संबंध में संस्था ने प्राथमिक रिपोर्ट तैयार कर ली है और सोमवार को इस पर ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। उन्होंने बताया कि संस्था से कहा गया है कि नोएडा हवाईअड्डे की परिधि से बाहर भी वन्य जीवो को संरक्षित करने और सिर्फ निर्माण की अवधि तक ही नहीं बल्कि उसके बाद भी उनको सहेजने के संबंध में योजना तैयार की जाए ताकि हवाईअड्डे के विस्तार के समय दोबारा इसका अध्ययन करने की जरूरत न पड़े।



धनौरी वेटलैंड फाइल फोटो

उन्होंने बताया कि संस्था ने पहली रिपोर्ट इसी सप्ताह प्रस्तुत करने की बात कही है, जबकि नोएडा हवाईअड्डे की परिधि के बाहर करीब 20 किलोमीटर तक में वन्य जीवों के संरक्षण की योजना की रिपोर्ट बाद में पेश करेगी। सीईओ ने बताया कि वाइल्डलाइफ संस्था के अनुसार क्षेत्र में काले हिरण और सारस हैं। उन्होंने बताया कि इनकी सटीक संख्या की जानकारी रिपोर्ट आने के बाद ही मिल पाएगी, लेकिन 250 काले हिरण का आकलन किया गया है। वहीं सारस की संख्या 170 से अधिक बताई जा रही है।




यासीनगढ़ी में बनी पानी की टंकी पर बैठा युवक।

# पानी की टंकी पर चढ़ गया युवक लोगों की घंटों अटकी रही सांस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● काफी प्रयास के बाद उतारा गया नीचे

मसूरी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे से सटे डासना यासीन गढ़ी के पास डूडा के फ्लैटों के पास बनी पानी की टंकी पर एक युवक चढ़ गया और घंटो तक खेल खेलता रहा। इसी बीच लोगों को डर सताने लगा कि युवक के गिरने से कहीं उसकी मौत न हो जाए। स्थानीय लोगों द्वारा युवक को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया पर युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। बमुश्किल युवक को समझा-बुझाकर टंकी से नीचे उतारा गया इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

स्थानीय निवासी अनीश खान, शबाना बेगम और रुखसार ने बताया कि एक युवक पानी की टंकी पर चढ़कर कई घंटों तक ड्रामा करता रहा, कई मर्तबा तो ऐसा लगा कि वह टंकी से नीचे गिरने वाला है। लिहाजा उसे काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया पर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसका दिमागी संतुलन सही नहीं है।

बहरहाल इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले लोगों द्वारा युवक को समझाया जा रहा था तभी युवक किसी तरह पानी की टंकी से उतरकर नीचे आया जब उससे कारण पूछा गया तो ऐसा लगा जैसे उसका दिमागी संतुलन सही नहीं है और वह हंसी खेल में ही पानी की टंकी पर चढ़कर ड्रामा कर रहा था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# मंदिर तोड़ने पर छिड़ा सियासी घमासान

## भाजपा ने आप को बताया जिम्मेदार तो दिल्ली सरकार बोली निगम का है काम



चांदनी चौक पहुंचे हिंदूवादी संगठन प्रदर्शन करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चांदनी चौक में प्राचीन हनुमान मंदिर को तोड़े जाने पर सियासी घमासान मच गया है। हाईकोर्ट के आदेश में चांदनी चौक के री-डेवलपमेंट के लिए तोड़े गए मंदिर पर आप और भाजपा आमने-सामने आ गए हैं।

भाजपा जहां इस पूरे मामले में दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है तो आम आदमी पार्टी भाजपा शासित एमसीडी को दोषी करार दे रही है। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2 दिन पहले भाजपा शासित उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने हजारों पुलिसकर्मियों के संरक्षण में चांदनी चैक में स्थित पुराना प्राचीन हनुमान मंदिर तोड़ दिया। यह जग जगजाहिर है कि दिल्ली पुलिस केंद्र सरकार के अधीन है। जब कभी किसी छोटे अवैध निर्माण को नहीं हटाने के लिए भाजपा शासित नगर निगम को रिश्वत मिल जाती है, तो बहाना बना दिया जाता है कि उसके पास अभी पुलिस की कमी है इसलिए अतिक्रमण नहीं हटाया जा सकता।

लेकिन भगवान श्रीराम के प्रिय हनुमान जी का वर्ष पुराना मंदिर तोड़ने के लिए नगर निगम को पुलिसकर्मी उपलब्ध करा दिए गए। उन्होंने कहा जब से भाजपा के चेहरे से नकली हिंदुत्व का मुखौटा उतर गया है, तब से वह बौखलाई गई है। भाजपा के नेता मीडिया में अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं और अपने किए से बचने के लिए आम आदमी पार्टी पर झूठा आरोप मढ़ रहे हैं।

भारद्वाज ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल किए गए शपथ पत्र की कॉपी मीडिया में जारी करते हुए कहा कि इस शपथ पत्र में निगम ने साफ तौर पर यह लिखा हुआ है कि गत दिनों त्योहारों के कारण वह इस मंदिर को नहीं तोड़ पाए थे।

लेकिन अब उनकी पूरी तैयारी हो चुकी है और वह इस हनुमान मंदिर को तोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सौरभ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता से सवाल किया कि क्या यह शपथ पत्र भी आम आदमी पार्टी का है। ऐसा कैसे हो सकता है कि मेयर और स्टैंडिंग कमेटी की जानकारी के बिना ही उनका आला अधिकारी कोर्ट में तारीख बता कर इस बात को कह रहा है कि उसने मंदिर तोड़ने की सारी तैयारियां कर ली हैं और मंदिर को तोड़ दिया जाएगा।

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने एक वीडियों संदेश में कहा हुमान मंदिर का तोड़ा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग ने अक्टूबर 2019 में हाईकोर्ट में कहा एमसीडी और दिल्ली पुलिस विभाग का सहयोग नहीं कर रहे हैं। ऐसे में अदालत इस मंदिर को हटाने का निर्देश दें ताकि वह चांदनी चौक में री-डेवलपमेंट का काम कर सकें। पूरे मामले में दिल्ली सरकार दोषी है।

जबकि स्थानीय आरडब्ल्यूए, स्थानीय लोगों व मंदिर की कमेटी ने इसका विरोध किया और इसे बचाने की मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी। उन्होंने भी उनकी बात नहीं सुनी। इस मुद्दे पर दिल्ली सरकार की धार्मिक समिति अदालत में जाती और यह कहती कि इससे विकास के काम में कोई भी बाधा नहीं आ रही है। तो मंदिर को बचाया जा सकता था।

## चांदनी चौक में हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में हनुमान मंदिर तोड़े जाने के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उत्तर दिल्ली नगर निगम ने अदालत के आदेश के बाद रविवार को मंदिर को तोड़ दिया था।

यह चांदनी चौक सौंदर्यकरण योजना का हिस्सा है। प्रदर्शनकारी भगवा झंडे थामे हुए थे। उन्होंने गौरी शंकर मंदिर से लेकर उस स्थान तक मार्च निकाला जहां मंदिर बना था। उन्होंने नारेबाजी भी की। पुलिस ने उन्हें बेरिकेड लगाकर रोक दिया।

विहिप के प्रवक्ता महेंद्र रावत ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख कपिल खन्ना, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, सचिव रवि जी और बजरंग दल के राज्य संयोजक बी बत्रा समेत 15-20 कार्यकर्ताओं और नेताओं को प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा कि जिस प्रकार चांदनी चौक में प्राचीन हनुमान मंदिर को तोड़ा गया है उसका वीएचपी पुरजोर विरोध करती है और हमारी मांग है कि जहां मंदिर तोड़ा गया है उसका पुनर्निर्माण उसी जगह दोबारा दिल्ली सरकार के द्वारा करवाया जाए।

# किसानों ने भरी हुंकार, ठंड और बारिश में नहीं डिगेगा हौसला

- राजधानी की सीमाओं पर डटे हैं आंदोलनकारी, सरकार से दोहराई अपनी मांगे



फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के दिल्ली में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी कुछ जगहों पर बारिश हुई बाजजूद इसके किसान सीमाओं पर डटे हुए हैं। सिंघु बॉर्डर पर ठंड और बारिश से बचने के लिए किसान चाय और अलाव का सहारा ले रहे हैं। प्रदर्शन स्थल पर अब भी बड़ी संख्या में बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष जमा है। बुजुर्ग किसान सुखदेव सिंह ने कहा यह थोड़ी बारिश हमारे हौसले को नहीं डगमगा सकती है। यह हमारे सामान भिगो देगी, लेकिन मजबूत इरादे को नहीं। बड़ी कड़ाही में दूध को लकड़ी की आंच पर धीमे-धीमे पका रहे वह कहते हैं कि बारिश की बूंदें जब पड़ती हैं, तो आग की तपिश और तेज हो जाती है। जब इस तरह खाना पकता है तो उसका स्वाद बढ़ जाता है।

भीषण सर्दी के मौसम में विभिन्न राज्यों के आए किसान दिल्ली की सीमाओं पर पिछले करीब 40 दिन से डटे हैं। इनमें अधिकतर किसान पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं। शहर में पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है, जिसके बाद दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएमसी) ने सिंघू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को बारिश से बचाने के लिए तंबुओं में अस्थाई ऊंचे बेड उपलब्ध कराए हैं। तंबुओं के मुख्य मंच के ठीक पीछे और राजमार्ग के ढलान वाले हिस्से पर होने के कारण, वहां बारिश में जलभराव का खतरा बना रहता है।

किसान पिछले साल नवम्बर से सीमाओं पर डटे हैं और यातायात पुलिस के अधिकारी लगातार सोशल मीडिरू पर लोगों को बंद एवं वैकल्पिक रास्तों की जानकारी दे रहे हैं। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने मंगलवार को सिलसिलेवार ट्वीट में बताया कि सिंघू, औचंदी, प्याऊ मनियारी, सबोली और मंगेश बॉर्डर बंद हैं। उसने लोगों से लामपुर, सफियाबाद, पल्ला और सिंघू स्कूल टोल टैक्स बार्डर से होकर जाने की सलाह दी। साथ ही मुकरबा और जीटेके रोड पर भी यातायात परिवर्तित किया गया है। आउटर रिंग रोड, जीटीके रोड और एनएच-44 पर जाने से भी बचने को कहा। उसने ट्वीट कर बताया कि चिल्ला और गाजीपुर बॉर्डर नोएडा तथा गाजीपुर से दिल्ली आने वाले लोगों के लिए बंद है। वाहन चालक आनंद विहार, डीएनडी, अप्सरा, भोपुरा और लोनी बॉर्डर से होकर दिल्ली आएं। टिकरी, ढांसा बॉर्डर पर यातायात पूरी तरह बंद है। झटीकरा बॉर्डर केवल हल्के वाहनों, दो-पहिया वाहनों और राहगीरों के लिए खुला है। उसने कहा कि हरियाणा जाने के लिए झाड़ोदा (वन सिंगल कैरिजवे), दौराला, कापसहेड़ा, रजोकरी एनएच-8, बिजवासना बजघेड़ा, पालम विहार और डूंडाहेड़ा बॉर्डर खुले हैं।

### किसानों संग दुश्मन जैसा व्यवहार: संजय सिंह



नए कृषि कानूनों के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। किसान काले कानूनों के खिलाफ आंदोलित होकर अपनी जान दे रहे हैं। वहीं केंद्र की भाजपा सरकार उनके साथ दुश्मन जैसा व्यवहार कर रही है। किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और लाठियों से पीटा जा रहा है। इतना ही नहीं उन्हें अपमानित करने के लिए आतंकवादी, खालिस्तानी जैसे आरोप मढ़े जा रहे हैं। सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने संकल्प लिया है कि आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता किसानों के साथ है।

# प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार के विभाग जिम्मेदार: महापौर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली नगर निगम और आम आदमी पार्टी की सरकार में रार है। हाल ही में दिल्ली विधानसभा की पर्यावरण समिति की अध्यक्ष आतिशी ने कहा था कि नगर निगमों की ओर से सड़कों की मैन्युअल सफाई किए जाने से धूल प्रदूषण बढ़ा है। इस पर पलटवार करते हुए उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर जय प्रकाश ने कहा कि धूल व वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर के लिए दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग व दिल्ली जल बोर्ड जिम्मेदार है। ये विभाग विभिन्न जगहों पर रोड कटिंग व सड़कों के किनारे बिना अनुमति खुदाई का काम करते रहते हैं।

- पीडब्ल्यूडी व जल बोर्ड बिना अनुमति रोड कटिंग व सड़कों के किनारे करते रहते हैं खुदाई

जय प्रकाश दिल्ली सरकार पर हमला करते हुए कहा कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम लोक निर्माण विभाग के क्षेत्राधिकार में आने वाली सड़कों व जल बोर्ड के कामों के बाद अधिक्तर मलबा उठाती है ताकि मलबे के कारण धूल के कणों का स्तर हवा में ना बढ़े। मलबा उठाने के लिए ना तो पीडब्ल्यूडी और ना ही डीजेबी एनडीएमसी को फंड दे रहे है।

महापौर के अनुसार, एक तरफ दिल्ली सरकार उत्तरी नगर निगम को उसका बकाया फंड़ नही दे रही है। वहीं दूसरी ओर उसके विभाग रोड कटिंग व रोड रिपेयरिंग के लिए भी पैसा नगर निगम को नहीं दे रहे है। ये विभाग अपने क्षेत्राधिकार में आने क्षेत्रों से मलबा भी नहीं उठाते हैं जिसके कारण प्रदूषण बढ़ रहा है। दिल्ली सरकार उत्तरी निगम का बकाया फंड रोक कर बैठी है ताकि निगम किसी भी तरह का कोई कार्य नहीं कर सके।



महापौर जय प्रकाश

जय प्रकाश ने दिल्ली सरकार पर आरोप मढ़ा कि सरकार निगम के जो अधिकारी अच्छा काम कर रहे है। उन्हें विभिन्न समितियों के सामने बुलाकर अनायास ही डराने व धमकाने का कार्य कर रही है।

# बच्चों के बस्ते का वजन होगा कम, नई बैग नीति जल्द

- दिल्ली सरकार ने प्रिंसिपलों को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने स्कूलों को नई स्कूल बैग नीति लागू करने को कहा है, ताकि बच्चों के बस्ते का वजन कम किया जा सके। शिक्षा निदेशालय ने स्कूल के प्रधानाध्यापकों को लिखे पत्र में कहा है, स्कूल जाने वाले छात्रों के स्वास्थ्य के लिए भारी स्कूल बैग गंभीर खतरा हैं।



बच्चों के विकास पर इसका खराब शारीरिक प्रभाव पड़ता है। यह उनके घुटनों एवं रीढ़ की हड्डी को नुकसान पहुंचा सकता है। पत्र में यह भी कहा गया है, दो और तीन मंजिली इमारतों में चलने वाले स्कूलों में बच्चे भारी बस्ता लेकर सीढ़ियां चढ़ते हैं जिससे समस्या बढ़ सकती है। शिक्षा मंत्रालय ने पिछले महीने नई स्कूल बैग नीति को अधिसूचित किया है जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है।

### नाबालिगों को गाड़ी चलाने से रोकने के लिए स्कूल माता-पिता को करें जागरूक

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे नाबालिग छात्रों के वाहन चलाने के कानूनी परिणामों के बारे में उनके माता-पिता को जागरूक करें। स्कूलों को यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि किसी भी नाबालिग छात्र को स्कूल आने और वहां से घर जाने के लिए कोई वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाए। शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने स्कूल के प्राचार्यों को लिखे एक पत्र में कहा है, गाड़ी चलाते हुए किशोरों द्वारा किए जाने वाले अपराध की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इस संदर्भ में, सभी (छात्रों के) माता-पिता और स्कूलों के प्राचार्यों का मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 की धारा 199 ए (1 और 2) तथा 199 बी की ओर ध्यान दिलाया जा रहा है। यदि कोई किशोर अपराध करता है तो मोटर वाहन के मालिक को उसके लिए दोषी माना जाएगा और उसके अनुसार दंडित करने के लिए कार्यवाही की जाएगी।

### एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट, पांच घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हरी नगर इलाके में एक घर में खाना पकाने वाले गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे इस घटना में घर की दीवार गिर गई और उसके नीचे दब कर तीन बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायलों में एक महिला और पुरूष के अलावा तीन बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सबको उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि घायल लोग एक ही परिवार के नहीं हैं। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सिलेंडर में धमाका होने की सूचना सुबह चार बजकर 54 मिनट पर मिली।

# सौर ऊर्जा से बढ़ रहा एसडीएमसी का राजस्व

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम सरकारी भवनों की छतों पर सोलर पैनल संयंत्र लगाने की मुहिम तेज कर दी है। उसने एसडीएमसी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में 586 ऐसे भवनों की ही पहचान की है जहां सोलर पैनल स्थापित हो जाएंगे।

इनमें से दो सौ भवनों पर पैनल लगाने का काम जल्द पूरा हो जाएगा जबकि 177 जगहों पर सोलर पैनल स्थापति करने का काम जारी है। अभी 9.3 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। ऐसे सभी भवनों में 20 मेगावट बिजली का उत्पादन होगा। इससे भवनों के परिसर की बिजली की जरूरत को पूरा किया जाएगा। साथ ही अतिरिक्त बिजली दक्षिणी निगम का राजस्व भी बढ़ेगा।



निगम को 3.71 करोड़ रुपये का चेक सौंपते बीएसईएस के अधिकारी।

मंगलवार को बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस ने वर्ष 2019-20 के लिए एसडीएमसी को 3.71 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने मंगलवार को सिविक सेंटर में एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, महापौर अनामिका सिंह मीथिलेश, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा समेत निगम के नेता व अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारी से वसूली के प्रयास के आरोप में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के व्यापारी से 30 लाख रुपए की वसूली के प्रयास के आरोप में मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को उनके जिले के पैतृक गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि व्यापारी ने 31 दिसंबर को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मॉडल टाउन थाने में रंगदारी मांगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि व्यापारी ने अपनी शिकायत में कहा कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से एसएमएस भेजकर 30 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। साथ ही पैसे नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) विजयंत आर्य ने बताया कि तकनीकी सर्विलांस के आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि अपराध में इस्तेमाल होने वाला मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग फ्लाईओवर के पास सड़क दुर्घटना में 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों एक स्कूटी से जा रहे थे। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मृतक की पहचान रानी बाग के कुणाल सदाना के तौर पर हुई जबकि उसके साथी की पहचान सुकेश मंडल के तौर पर हुई। दोनों करोल बाग में एक कपड़ा दुकान में काम करते थे। दुर्घटना सोमवार रात में हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंडल का महाराजा अग्रसेन अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### संगीत समारोह में कलाकारों ने बांधा समां



**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी संग्रहालय में दो दिवसीय संगीत कार्यक्रम में कलाकारों ने समां बांध दिया। मुसिशन्स यूनाइटेड द्वारा आयोजित कार्यक्रम दो दिन तक चला। कार्यक्रम की शुरुआत तबले पर जहीन खान और सितार पर मेहताब अली खान की प्रस्तुति से हुई। फतेह अली खान और शहबाज शकील, सुंदर, राग बागेश्री ने अपने कला का प्रदर्शन किया। आयोजक जुहेब अहमद खान ने कहा कि यह आयोजक के रूप में उनका पहला शो है। उन्होंने अपने सह कलाकार और मुसिशन्स यूनाइटेड के अन्य सदस्यों का धन्यवाद किया।

# दिनभर होती रही रिमझिम बारिश, न्यूनतम पारा बढ़ा

## आज छट सकते है बादल, 7 जनवरी से तीसरे दौर की शीतलहर होगी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी कुछ जगहों पर बारिश हुई और न्यूनतम सामान्य से छह डिग्री अधिक 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दिल्ली का आसमान साफ रहेगी लेकिन 7 जनवारी से एक बार फिर राजधानी में शीत लहर आएगी।



सफदरजंग वेधशाला ने बताया कि सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे और मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे के बीच 4.7 मिलीमीटर बारिश हुई। पालम, लोधी रोड, आया नगर और रिज क्षेत्र के मौसम केंद्रों ने इस दौरान क्रमशः 12 मिलीमीटर, 4.8 मिलीमीटर, 8.9 मिलीमीटर और 6.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान बढ़कर 13.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। हल्की बारिश के बाद भी कई अंडरपास में पानी भर गए जिसके कारण सुबह के समय कई स्थानों पर जाम लग गया। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में कहीं हल्की और कहीं मध्यम बारिश हुई है और पूरी दिल्ली में गरज के साथ छींटे पड़ते रहे। पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव के कारण हुई बारिश से शहर में ठंड की स्थिति में सुधार हुआ है। लेकिन सात जनवरी से शीतलहर का तीसरा दौरान शुरू होगा। दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था जो 15 साल में सबसे कम था। घना कोहरा छाए रहने के कारण दृश्यता शून्य मीटर हो गई थी।

शहर में रविवार को बादल गरजने के साथ भारी बारिश हुई। सफ्दरजंग वेधशाला ने शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे और रविवार दिन में ढाई बजे के बीच 39.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। पश्चिमी विक्षोभ के कारण पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी हो रही है। इस वजह से न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट का अनुमान जताया है।

# दिल्ली दंगा: आरोपियों को मिलेगी चार्जशीट की कॉपी

- उमर खालिद ने कोर्ट से लगाई थी गुहार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के उत्तर-पूर्वी इलाके में हुए दंगों के मामले के सभी आरोपियों को आरोप पत्र की सॉफ्ट कॉपी देखने की अनुमति देने पर दिल्ली पुलिस यहां एक अदालत में मंगलवार को सहमत हो गई। इससे पहले आरोपियों ने दावा किया था कि उनके अधिवक्ताओं के साथ आधे घंटे की कानूनी बातचीत के दौरान 17,000 पन्नों के आरोप पत्र पर चर्चा करना मुश्किल है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत को पुलिस ने बताया कि अगर आरोप पत्र को जेल परिसर के भीतर कंप्यूटर पर अपलोड कर दिया जाता है और सभी आरोपियों तक इसकी पहुंच हो जाती है तो उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। इससे पहले, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद के अधिवक्ता ने अदालत में आवेदन देकर कहा था कि खालिद को जेल के भीतर आरोप पत्र की सॉफ्ट कॉपी तक पहुंच की अनुमति दी जाए।

खालिद के अधिवक्ता ने आगे कहा था कि आधे घंटे की कानूनी बातचीत के दौरान 17 हजार पृष्ठों के आरोप पत्र एवं आगे की कानूनी रणनीति पर चर्चा करना मुश्किल है। अधिवक्ता ने कहा, उमर खालिद को जेल में आरोप पत्र के सॉफ्ट कॉपी तक पहुंच दी जा सकती है।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.noidaauthorityonline.com एवं UPLC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहे।

| क्र.सं | जॉब संख्या | कार्य का नाम | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | 10 / मैनेजर सिस्टम / क्योसेरा-प्रिन्टर-ए०एम०सी० / 20-21 | निविदा प्रपत्र स्पेसिफिकेशन अनुसार क्योसेरा प्रिन्टर की ए०एम०सी० का कार्य। | Rs. 13,94,400/- |
| 2. | 12 / मैनेजर सिस्टम / कम्प्यूटर सामग्री / 2020-21 | निविदा प्रपत्र स्पेसिफिकेशन अनुसार क्योसेरा कम्प्यूटर सामग्री क्रय करने के सम्बन्ध में। | Rs. 7,60,369/- |
| | 13 / मैनेजर सिस्टम / Konica- Kyocera / Accessories / 2020-21 | निविदा प्रपत्र स्पेसिफिकेशन अनुसार क्योसेरा Konica- Kyocera / Accessories करने के सम्बन्ध में। | Rs. 13,69,260/- |

जिन्हें दिनांक 12/01/2021 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 13/01/2021 को प्रातः 11.00 बजे खोली जांएगी।

महाप्रबन्धक (सिस्टम)

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# अपर्णा आश्रम सोसायटी की बेशकीमती 24 एकड़ जमीन मात्र 55 करोड़ में बेची

## इंदिरा गांधी के योग गुरू धीरेंद्र ब्रह्मचारी ने बनाया था अपर्णा आश्रम

## अपर्णा आश्रम सोसायटी की जमीन बेचने के फर्जीवाड़े को हाईकोर्ट में दी जाएगी चुनौती

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित अपर्णा योग आश्रम व तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ उनके योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी। फाइल फोटो।

**गुरुग्राम**-जयपुर एक्सप्रेस-वे किनारे सिलोखरा गांव में बेशकीमती 32 एकड़ जमीन में से 24 एकड़ जमीन बीती 24 दिसम्बर 2020 को गुपचुप तरीके से बेच दी गई। इस खरीद-फरोख्त में उन अधिकारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, जिन्होंने इसकी रजिस्ट्री करने में भूमिका निभाई है। यह जमीन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरू रहे धीरेंद्र ब्रह्मचारी की अपर्णा आश्रम सोसायटी के नाम थी। जिसे ट्रस्ट के दो सदस्यों ने सस्ते दामों में बेच दिया है। योग गुरू धीरेंद्र ब्रह्मचारी द्वारा शुरुआती दौर में तो यहां पर अपर्णा योग आश्रम बनाया गया था। इसके बाद 25 जून 1973 को इसे अपर्णा आश्रम सोसायटी बनाकर पंजीकृत करा दिया गया। वर्ष 1994 में हवाई जहाज दुर्घटना में धीरेंद्र ब्रह्मचारी की मौत हो गई थी। इसके बाद से यह जमीन वीरान ही पड़ी है। हालांकि अपर्णा आश्रम सोसायटी के सदस्य इसकी देखरेख कर रहे थे। इस जमीन पर धीरेंद्र ब्रह्मचारी के समय से बने हुए कमरों में बिहार के कुछ परिवार रह रहे हैं। हाल ही में धीरेंद्र ब्रह्मचारी की अपर्णा आश्रम सोसायटी की कुल जमीन 32 एकड़ में से 24 एकड़ जमीन बीती 24 दिसम्बर 2020 को बेच दी गई। इसकी रजिस्ट्री वजीराबाद तहसील में हुई है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस जमीन को बहुत ही कम दामों में बेचा गया है। मानव आवाज संस्था के संयोजक एडवोकेट अभय जैन ने इस जमीन का आंकलन करके बताया कि करीब 1000 करोड़ की यह जमीन है। इसे मात्र 55 करोड़ रुपये में बेचा गया है।

### उपायुक्त कार्यालय से दिए थे आदेश

**सूत्रों** से पता चला कि जिला उपायुक्त कार्यालय ने 16 दिसंबर को मैन्युअल रजिस्ट्री करने की अनुमति दी थी। जिसे 22 दिसंबर को वापस ले लिया गया। यह जांच का विषय है कि मैन्युअल रजिस्ट्री को किस आधार पर अनुमति दी गई और फिर उसे एक सप्ताह के भीतर वापस क्यों लिया गया। रजिस्ट्री करने वाले वजीराबाद तहसील के नायब तहसीलदार राजेश कुमार का कहना है कि उन्हें अनुमति लिखित रूप से दी गई थी, लेकिन अनुमति वापस लेने की जानकारी उन्हें किसी भी तरह से नहीं दी गई।

### सरकार ने मंडलायुक्त को सौंपी जांच

**जमीन** बेचने के मामले की जांच हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम के मंडलायुक्त राजीव रंजन को सौंपी है। जांच इस बात की भी की जा रही है कि इस जमीन की रजिस्ट्री में किन-किन अधिकारियों की मिलीभगत है। जब तहसील के सब काम ऑनलाइन, डिजिटल हो रहे हैं तो फिर मैन्युअल रजिस्ट्री करने की आखिर क्या जरूरत पड़ी।

### क्या कार्रवाई करेंगे सीएम : सुरजेवाला

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गुरुग्राम में जमीन की इस रजिस्ट्री को भ्रष्टाचार बताते हुए ट्वीट किया है कि इस जमीन के मामले में क्या सीएम मनोहर लाल कार्रवाई करेंगे, या फिर शराब व अन्य रजिस्ट्री घोटालों की तरह इसे भी दबा देंगे।

### रजिस्ट्री रद्द करने के दिए ऑर्डर : डीआरओ

**इस** मामले में जिला राजस्व अधिकारी (डीआरओ) बस्ती राम से बात की गई तो उन्होंने भी माना कि रजिस्ट्री गलत तरीके से की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि मैन्युअल रजिस्ट्री करना गलत नहीं है। यह प्रावधान है। मैन्युअल रजिस्ट्री बुजुर्गों की मांग पर उनके घर जाकर की जा सकती है। तहसील में मैन्युअल रजिस्ट्री नहीं की जा सकती। डीआरओ ने यह भी कहा कि नायब तहसीलदार राजेश ने इस मामले में जल्दबाजी की। पहले सभी कागजातों की जांच करनी चाहिए थी। जिला अटॉर्नी से राय लेनी थी। हालांकि अब इस रजिस्ट्री को कैंसिल करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

# गुरुग्राम में जिंदल के कॉरपोरेट कार्यालय में लगी भयंकर आग

## पूरी कॉरपोरेट कार्यालय जलकर हुआ राख

## जिला के सभी फायर स्टेशनों से दो दर्जन से अधिक गाड़ियों ने बुझाई आग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-44 में डीपी जिंदल ग्रुप के कारपोरेट कार्यालय में मंगलवार अलसुबह लगी आग।

**मंगलवार** को यहां सेक्टर-44 स्थित डीपी जिंदल ग्रुप के कारपोरेट कार्यालय की इमारत में भयंकर आग लग गई। आग लगने के प्राथमिक कारण तो शॉर्ट सर्किट बताए जा रहे हैं। इस आग में पूरी बिल्डिंग का सामान जलकर राख हो गया। जिले के सभी फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियां पहुंची और देर शाम आग पर काबू पाया।

यहां दमकल विभाग को मंगलवार अलसुबह करीब 3:30 बजे सूचना मिली कि सेक्टर-44 स्थित डीपी जिंदल ग्रुप के कारपोरेट कार्यालय में भयंकर आग लगी है। इस सूचना के बाद सेक्टर-29 फायर ब्रिगेड से गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग की स्थिति देखते हुए बाकी फायर स्टेशनों को भी विभाग के अधिकारियों द्वारा अलर्ट कर दिया गया। एक के बाद जिला के अन्य फायर स्टेशनों से भी गाड़ियां आग बुझाने को पहुंचीं। आग विकराल रूप धारण करती जा रही थी। आग की लपटें दूर तक के क्षेत्रों से देखी गई। बेशक ठंड का मौसम था, लेकिन आग बुझाने में दमकल कर्मियों के पसीने छूट गए। दो दर्जन से अधिक दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची थी।

बिल्डिंग के चारों ओर से आग बुझाने के प्रयास शुरू किए जा चुके थे, लेकिन आग फैलती ही जा रही थी। डीपी जिंदल ग्रुप का यह कारपोरेट कार्यालय था, इसलिए यहां फाइलें, इलेक्ट्रॉनिक सामान व अन्य कीमती सामान था। सब आग की भेंट चढ़ गया। जिला फायर अधिकारी इशम सिंह कश्यप के अनुसार आग बहुत अधिक फैल चुकी थी। सामान तो सब जलकर रख हो गया। आग बुझाना चुनौती थी, जिसे कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। आग लगने के शुरुआत कारण उन्होंने शॉर्ट सर्किट बताए।

# नववर्ष 2021 में बदला थानों का लुक



जिले के थानों की बदली सूरत

**मेवात।** नववर्ष 2021 में जिले के ट्रैफिक और महिला थाना सहित सभी 9 - 10 पुलिस थानों का नजारा पूरी तरह से बदला- बदला दिखाई दे रहा है। थाना परिसर में हरियाली से लेकर साफ - सफाई एवं थाने के मुख्य द्वार से लेकर अंदर लगाए गए बोर्ड, सूचना पट्ट आदि पर अलग ही रौनक दिखाई पड़ रही है।

पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने जिले के सभी थानों की कायापलट की तरफ तेजी से कदम बढ़ाए हैं। पुलिस थाने में दिन-रात काम करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अब थानों में एक बेहतर वातावरण मिल रहा है। साथ ही किसी काम से थाना परिसर में जाने वाले लोगों को भी अब अलग ही वातावरण थानों के कैंपस में दिखाई दे रहा है। थानों की चमक दमक का पूरा ख्याल रखा गया है। थाना परिसर में हरियाली की बात हो, मुख्य द्वार की बात हो या थाना परिसर के रंग-रोगन की बात हो सभी पर ध्यान दिया गया है। इसके अलावा थाने के सामने अनाप-शनाप खड़ी रहने वाली गाड़ियां भी अब दिखाई नहीं देती हैं। कुल मिलाकर हरियाणा के सबसे पिछड़े जिला लोगों के पुलिस थाने अब किसी भी जिले के पुलिस थाने से बेहतर दिखाई देते हैं। कुल मिलाकर पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने पुलिसकर्मियों को ही नहीं बल्कि आम नागरिकों को भी पुलिस थानों में एक बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में नए साल के शुरू होते ही काफी कुछ बदलाव किए हैं, जो सभी को रास आ रहे हैं।

# आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अनाधिकृत निर्माण जमींदोज

## शीतला कॉलोनी में 12 डीपीसी व एक निर्माणाधीन मकान तोड़ने के साथ ही पांच निर्माणों को किया सील



**गुरुग्राम।** आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में नगर निगम गुरुग्राम ने अनाधिकृत निर्माणों पर बुल्डोजर चला दिया। मंगलवार को सहायक अभियंता नरेश कुमार के नेतृत्व में जोन-2 क्षेत्र की इनफोर्समेंट टीम ने प्रतिबंधित दायरे में स्थित शीतला कॉलोनी में अनाधिकृत निर्माणों पर कार्रवाई की।

टीम ने यहां पर जेसीबी की मदद से 12 डीपीसी और एक निर्माणाधीन भवन को धराशायी किया। इसके अलावा पांच अन्य निर्माणाधीन भवनों को सील करने की कार्रवाई भी टीम द्वारा की गई। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। निगम क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माणों पर लगाम लगाने और कार्रवाई करने के लिए चारों जोनों में अलग-अलग इनफोर्समेंट टीमों का गठन किया हुआ है। इन टीमों के नेतृत्व की जिम्मेदारी सहायक अभियंताओं को दी गई है और उन्हें ही ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी बनाया हुआ है। टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है।

आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हुए हैं। इसके तहत प्रतिबंधित दायरे में किसी भी प्रकार के नए निर्माण पर पाबंदी है। नगर निगम की टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं और अगर कोई व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करता है, तो संबंधित के निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है।

# ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में बिजली कर्मियों का धरना प्रदर्शन

**सोहना।** बिजली निगम के कर्मचारियों ने ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में दो घंटे का विरोध-प्रदर्शन किया। सरकार और निगम अधिकारियों पर कर्मचारियों ने मानसिक शारीरिक और शोषण करने का आरोप लगाया है।

मंगलवार को बिजली निगम कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पावंर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन ने सब यूनिट प्रधान प्रेमपाल की अध्यक्षता में निगम के एसडीओ कार्यालय परिसर में दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया। मंच संचालन सुशील कुमार छौकर ने किया। विरोध प्रदर्शन में रामबीर शर्मा, उमेश खटाना, रामलाल, बिजेन्द्र फोगाट, मुकेश पंवार, ओमप्रकाश, अजीत, सुभाष आदि ने बोलते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की लंबित पड़ी मांगों को पूरा न करने का आरोप लगाया। सबयूनिट प्रधान प्रेमपाल ने बताया कि सरकार और निगम अधिकारी अब छोटे कर्मचारियों पर तानाशाही और हिटलर की नीतियां अपना रहे हैं। ताकि कर्मचारियों की ताकत टूट जाए।

# बिजली समस्या को लेकर महिलाओं ने तावडू-बिलासपुर रोड पर लगाया जाम

## पांच दिनों से बिजली नहीं मिलने का ग्रामीणों का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



जाम को खुलवाने के लिए ग्रामीणों से आग्रह करते हुए पुलिस उप निरीक्षक रविंद्र सिंह

**बिजली** की समस्या को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने मगंलवार को तावडू-बिलासपुर रोड जाम कर दिया। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी भड़ास निकाली। जाम के कारण रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही उप निरीक्षक रविन्द्र के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और नाराज ग्रामीण महिलाओं को समझाकर जाम खोलने की अपील की, करीब दो घंटे बाद महिलाओं ने जाम खोल दिया।

गांव कलवाड़ी निवासी सुषमा, कांता, मुनेश, सुनीता, माया, सरोज व चमेली आदि ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि बीते पांच दिनों से उन्हें सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पर रही है। जिसके कारण गांव में पेयजल की किल्लत हो गई है। भीषण सर्दी में दूर-दराज से पानी लाकर ग्रामीण महिलाएं अपना काम चला रहीं है। पशुपालकों को पशुओं के लिय समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है।

महिलाओं का आरोप था, कि बिजली समस्या को लेकर विभागीय एसडीओ को कई बार फोन मिलाया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। जेई को भी समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया। विभागीय अधिकारियों के नकारापन रवैय से खफा होकर मजबूरवंश उन्हें जाम लगाने के लिए विवश होना पड़ा है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का इस बात से भी अंदाजा लगाया जा सकता है, कि जाम लगने की सूचना मिलने के दो घंटे तक मौके पर बिजली विभाग का एसडीओ व कनिष्ट अभियंता तक नहीं पहुंचे। जैसे-तैसे पुलिस ने नाराज महिलाओं को बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया।

# संक्षिप्त समाचार

## रावत पाल के किसान बैठे भूख हड़ताल पर



**पलवल।** केएमपी के निकट अटोहां चौक पर चल रहा किसानों का धरना 34वें दिन भी जारी रहा। 16वें दिन की क्रमिक भूख हड़ताल पर रावत पाल से गोपाल बहीन, महावीर अंधोप, नांगल जाट से नकुल कुमार, पहाड़ी से शिवराम, सुक्की, नांगल जाट से शोभाराम, बहीन से महेंद्र जेलदार, पवन कुमार भारद्वाज, जमुना दास, विकास रावत व अनिल रावत सहित 11 किसान बैठे। किसान नेताओं का कहना है कि सोमवार को किसानों और सरकार के बीच हुई 8वें दौर की वार्ता भी पूरी तरह विफल रही। सरकार ने अपनी मंशा पूरी तरह से साफ कर दी है कि वह किसानों के हित में कोई भी फैसला नहीं लेना चाहती। जिसके बाद किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। किसान नेता रतन सिंह सौरोत व महेंद्र चौहान ने कहा कि वार्ता के दौरान जहां एक तरफ किसान अपनी जायज मांगों को लेकर अडिग दिखाई दिए तो वहीं सरकार ने भी अपनी मंशा स्पष्ट करते हुए यह साफ कर दिया है कि इन कृषि बिलों को रद्द नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर अब भी पूर्णतय अडिग है और जब तक सरकार इन तीनों काले कानूनों को रद्द नहीं करती है तब तक किसान यूंही सड़कों पर डटे रहेंगे।

## बिजली की केबल फटने से पेयजल आपूर्ति हुई ठप

**सोहना।** बिजली की केबल फट जाने से मंगलवार को शहर की दर्जनभर कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद केबल ठीक होने पर शहर में पेयजल सप्लाई पुनः चालू की गई। दर्जनभर कॉलोनियों में लोगों को देर से पानी की सप्लाई मिलने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते सोमवार देर रात पानी सप्लाई के लिए एसटीवी फीडर की केबल शॉर्ट-सर्किट के कारण फट गई थी। जिससे शहर की नई आबादी के करीब पांच हजार घरों में मंगलवार को पानी की सप्लाई नहीं हुई। नये शहर के वार्ड 19, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 के दर्जनभर कॉलोनियों में पानी नहीं आने से लोगों को मंगलवार सुबह परेशानी का सामना करना पड़ा। वार्ड-5 के निवासी सतीश ने बताया कि वह बादशाहपुर एक कंपनी में काम करता है। मंगलवार को पानी की सप्लाई न होने से सुबह स्नान किए बिना ही ड्यूटी पर गया। उसके परिवार में तीन सदस्य ड्यूटी पर जाते हैं। उन्हें भी बिना नहाए ही अपने कामकाज पर जाना पड़ा। कमलेश का कहना है कि उसने अपने बेटे को स्कूल बिना स्नान किए ही भेजा। लाइट के कट रात भर आंख मिचौली करते रहे, जिससे पानी गर्म नहीं हो सका।

## नौकरी लगाने के नाम पर दुष्कर्म, वीडियो बनाई

**पलवल।** नौकरी दिलाने के नाम पर युवती को फरीदाबाद के एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने, अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एक युवती ने शिकायत दी है कि पिता की मौत के बाद उनकी आर्थिक हालत ठीक नहीं है। वह एक कंपनी में नौकरी करती थी, उसी कंपनी में हाथरस (यूपी) निवासी ब्रजेश भी नौकरी करता था। उसने उसे अच्छी नौकरी दिलाने की बात कही। जिसके लिए आरोपी ने उसके कागजात व मोबाइल नंबर ले लिया। आरोप है कि एक दिन ब्रजेश का फोन आया कि नौकरी तलाश कर ली है, फरीदाबाद आ जाओ। पीड़िता फरीदाबाद अजरौंदा चौक पहुंची तो ब्रजेश उसे एक होटल में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील फोटो खींचे और वीडियो बना ली। पीड़िता ने आरोपी का विरोध किया तो फोटो व वीडियो नेट पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी।

## निमोनिया की दवाई भरपूर मात्रा में उपलब्ध

**नूंह।** निमोनिया बीमारी में लगने वाले टीके की स्वास्थ्य विभाग के पास कोई कमी नहीं है। टीका पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। लिहाजा सप्ताह के हर बुधवार और शुक्रवार को गांव में जाने वाली एएनएम से कोई भी व्यक्ति अपने एक साल से कम उम्र के बच्चों को टीका लगवा सकते हैं। उप-सिविल सर्जन डॉ. बसंत दुबे ने बताया कि निमोनिया की गवर्नमेंट सप्लाई आती है। पीसीवीबी 13 प्रकार के एंटीजन के खिलाफ काम करती है। उन्होंने कहा कि एक्सपायरी डेट होने पर वैक्सीन के टीके नहीं दिए जाते। यह जल्द एक्सपायरी हो जाती है। उन्होंने बताया कि वैक्सीन एक साल में 2-2 महीने के अंतराल से तीन बार लगाई जाती है। लिहाजा वैक्सीन की नई खेप स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त हो चुकी है। जिन बच्चों को टीके नहीं लग पाए हैं, वे अपने बच्चों को टीके लगवा सकते हैं। डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर दुबे ने बताया कि लगभग 10 हजार बच्चे होंगे जिन्हें निमोनिया का टीका लगाया जाना है।

## पेंशन लाभपात्रों के लिए पीपीपी अपडेट कराना अनिवार्य

**नूंह।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों के लिए परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) बनवाना व अपडेट कराना जरूरी कर दिया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने भी पेंशन लाभार्थियों के लिए पीपीपी अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने जिला में विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों से आग्रह किया है कि वे शीघ्र अपने परिवार पहचान पत्र बनवाकर अपडेट कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## देवर-भाभी की हालत नाजुक

**मेवात।** नूंह जिले के लुहिंगाकलां गांव में देर रात लूट की नीयत से घर में घुसे अज्ञात लोगों ने महिला एवं उसके देवर पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। घायलों को राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में भर्ती कराया है। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात करीब 3 बजे लुहिंगाकलां गांव में रजिया पत्नी इरशाद उम्र 25 साल घर में रोजाना की तरह से सोई हुई थी। कुछ लोगों ने महिला की सोने की हसली, कानों की बाली लूट लिए और हमला कर दिया।

# सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर चार दिन से नहीं आ रहा पानी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना




सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर लगी ठूटी से नहीं आ रहा है एक बूंद पानी।

**सोहना** के सामान्य बस स्टैंड पर यात्रियों को पिछले चार दिन से पीने का पानी नहीं मिल रहा है। पानी न होने से यहा के शौचालय गंदगी से भरे हुए हैं। यात्रियों को 15 से 20 रुपये में बाजार से बोतल खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को सर्दी के मौसम में भी पीने के पानी की दो बूंद नहीं मिल रही है। पानी की सुविधा ठप होने के कारण यहां बने सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी का अलाम है।

यात्री मजबूरी वंश शौच जा रहे हैं। जिन्हें बाजार से या बस सटैंड के अंदर बनी कैंटीन से गले की प्यास बुझाने और शौच जाने के बाद हाथ साफ करने के लिए पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं।

यात्री पूनम का कहना है कि उसके पास छह माह का बच्चा है। जिसे सर्दी से पेचिस हो रहे हैं। बस स्टैंड शौचालय में बच्चे को पानी से साफ करने के लिए एक बूंद नहीं मिला। बस स्टैंड पर बैठे दुकानदार बस स्टैंड परिसर से बाल्टी या प्लास्टिक की कैन में पानी लेकर आ रहे हैं।

### रात के समय शौचालयों पर लगा रहता है ताला

**पानी** न होने के कारण दिन ढलने के साथ ही यहां बने शौचालयों पर ताला जड़ दिया जाता है। ऐसे में यात्रियों को शौच भी बस स्टैंड के खुले परिसर में करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जो बस स्टैंड भवन की दीवारों के साथ शौच कर रहे हैं। बस स्टैंड भवन का फर्श पानी के अभाव में गंदा है।

### क्या कहना है बस स्टैंड प्रभारी का

**बस** स्टैंड प्रभारी गणेश यादव ने बताया कि बिजली लाइन खराब होने के कारण परिसर के अंदर लगे जनस्वास्थ्य विभाग के बूस्टर से पानी नहीं आ रहा है। जिसकी जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत की हुई है।

# पंचायत में लिया हिंदू-मुस्लिम भाईचारे कायम करने का निर्णय



**तावडू।** नूंह जिले के तावडू उपमंडल के अंतर्गत गांव चाहल्का, भंगवो और खरक जलालपुर के ग्रामीणों ने एक महापंचायत कर हिंदू मुस्लिम भाईचारे को बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी पंचायती चुनाव में हिन्दू समुदाय से ब्लॉक समिति सदस्य को निर्विरोध चुनने का फैसला कर लिया है।

गांव चाहलका, भंगवो और खरक जलालपुर के ग्रामीण निसार अहमद, खालिद, शकूर, पहलवान, हुकम, अकबर, ईदु, हारून, भूरू, खुर्शीद, पप्पू शमसुद्दीन और फजरू आदि गणमान्य लोगों ने बताया कि उनके तीनों गांव तावडू ब्लॉक समिति के वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत आते हैं। और यह तीनों गांव ही मुस्लिम बाहुल्य हैं। इस बार तीनों गांव के गणमान्य लोगों ने गत रविवार को एक पंचायत का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने अपने ब्लॉक समिति वार्ड से गांव के ही किसी हिंदू को ब्लॉक समिति सदस्य के लिए निर्विरोध चुनने का निर्णय ले लिया है। उन्होंने बताया कि देश में बिगड़ते माहौल को सुधारने के लिए अब ऐसे कदम उठाने की जरूरत है। ताकि लोगों में आपसी सद्भाव और भाईचारे की मिसाल कायम रह सके। इसके लिए इन ग्रामीणों ने यह बीड़ा उठाई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि पंचायती ड्रॉ उनके मुताबिक रहे तो वह वह क्षेत्र में इसकी मिसाल कायम करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए उन्होंने गांव में एकमात्र हिन्दू दंपति को चुन लिया है।

उन्होंने बताया कि जब वह अपने मुस्लिम बाहुल्य वार्ड से हिंदू सदस्य को निर्विरोध चुनने में कामयाब हो जाएंगे तो ब्लॉक चेयरमैन बनाने के लिए भी भरपूर प्रयास करेंगे। तीनों गांव के द्वारा की गई इस पंचायत की क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।

# पीएम फसल बीमा योजना से किसानों को मिल रहा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



खेतों में लहलाती फसल।

**प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना केंद्र सरकार की एक कारगर योजना है। वर्ष 2016 में शुरू की गई योजना का प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर के किसान भरपूर लाभ उठा रहे हैं। प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से खराब हुई फसलों के बाद जब किसान आर्थिक मदद के लिए टकटकी लगाकर सरकार की तरफ देखता था, तो उस समय उसके चेहरे पर मायूसी साफ दिखाई देती थी। लेकिन करीब चार - पांच वर्ष पहले केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने किसानों के चेहरों पर रौनक लाने का काम किया है।

कृषि विभाग नूंह की अगर बात करें तो यहां पर बीते साल खरीफ सीजन की फसल के लिए 6956 किसानों ने आवेदन किया। जिनमें से 2900 किसानों को 4.47 करोड़ रुपये की बीमा कंपनियों द्वारा रकम दी गई। रबी फसल की अगर बात करें तो जिले के 8768 किसानों ने वर्ष 2019 मार्च माह में ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के लिए आवेदन किया। जिनमें से 3906 किसानों को 3.82 करोड रुपये की रकम बीमा के रूप में दी गई। इसके अलावा धान, बाजरा, कपास आदि खराब हुई फसलों के लिए 6487 किसानों ने आवेदन किया, जिनमें से 300 किसानों के आवेदन को सही मानते हुए राज्य सरकार को फाइल भेज दी है। जैसे ही राशि मुहैया होगी, उसे किसानों को बीमा कंपनियां वितरित कर देंगी। इस योजना को सिर्फ कृषि विभाग के अधिकारी धरतीपुत्र के लिए अच्छी नहीं मानते बल्कि खुद किसान भी इस योजना को बेहद कारगर और अच्छी योजना मानते हैं और सरकार का इस योजना को शुरू करने और भविष्य में भी जारी करने के लिए आभार व्यक्त कर रहे हैं। हिदायत खान किसान निवासी लाहबास मोबाइल नंबर 8930295467 के अलावा वारिस किसान 9813720888 और गोपाल पटेल किसान मोबाइल नंबर 9813192795 ने पत्रकार से बातचीत के दौरान कहा कि यह योजना कारगर है। सरकार ने किसानों को इस योजना से राहत देने का काम किया है। उन्होंने इस योजना के तहत अपनी खराब हुई रबी और खरीफ सीजन की फसलों का बीमा भी लिया है। आजकल बरसात का सीजन है और कई जगह ओलावृष्टि की खबरें भी आ रही हैं। ऐसे में खुदा न खास्ता प्राकृतिक आपदा से किसान की फसल खराब हुई तो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमा कंपनियां किसानों की फसलों की गिरदावरी के बाद तुरंत उनकी मदद करेंगी।

# कोविड : आदेश के बावूजद विद्यार्थियों को कटवा रहे चक्कर

**कविता।** फरीदाबाद

**विद्यार्थियों** को स्कूल से कोविड-19 की जांच कराने के लिए बीके अस्पताल में एक पत्र के साथ भेजा जा रहा है, लेकिन उन्हें न तो स्कूल की तरफ से यह बताया जा रहा है कि छात्रों की कोविड-19 की जांच बिना कार्ड के डायरेक्ट कोविड-19 प्रयोगशाला में हो रही है और न ही पंजीकरण काउंटर पर बैठे कर्मचारियों को इसकी जानकारी है। पंजीकरण काउंटर तक सरकार द्वारा जारी किए गए नए आदेश भेजे ही नहीं गए हैं। जिस कारण यहां आने वाले छात्रों से कोविड-19 की जांच के लिए कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड मांगा जा रहा है। उन्हें अन्य मरीजों के समान ही व्यवहार किया जा रहा है।

### आधी-अधूरी जानकारी के कारण विद्यार्थी हो रहे परेशान

### कोरोना जांच के आदेश लैब में आए, पंजीकरण काउंटर तक पहुंचे ही नहीं

### ये है पूरा मामला

**एनएच**-दो स्थित सरकारी स्कूल से दो छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की तरफ से पत्र जारी करते हुए दोनों को बीके सिविल अस्पताल में कोविड-19 की जांच के लिए भेज दिया गया। यहां पहुंचकर छात्राएं यहां से वहां चक्कर काटती रहीं। अपातकालीन कक्ष के निकट मौजूद एक ट्रेनी चिकित्सक ने दोनों छात्राओं को कार्ड बनवाने के लिए भेज दिया। जहां दोनों छात्राओं से कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड लाने के लिए कर्मचारियों ने कहा। जिस पर दोनों किशोरी परेशान हो गई और लौटने लगी। तभी उन्होंने पायनियर को अपनी परेशानी व्यक्त की, तो इस पर प्रयोगशाला के कर्मचारियों से बातचीत के बाद उनका सैम्पल कराया गया।



### नहीं लगता कार्ड

**पायनियर** को प्रयोगशाला के लैब टेक्नीशियन सुनील अत्री ने बताया कि प्रयोगशाला में पिछले दिनों सरकारी आदेश आए थे कि स्कूली छात्र डायरेक्ट आकर यहां कोविड-19 की जांच करवा सकते हैं। प्रयोगशाला में आने वाले छात्रों के डायरेक्टर सैम्पल किए जा रहे हैं, उन्हें न तो किसी लेटर की आवश्यकता है और न ही ओपीडी कार्ड की। ऐसा इसलिए है ताकि वह मरीजों के बीच पहुंचकर स्वयं बीमार न हों।

### नहीं मिले आदेश

**पंजीकरण** काउंटर पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि बच्चा हो, बुजुर्ग सभी की जांच के लिए आधार कार्ड के द्वारा ही कार्ड बनाए जाते हैं। वहीं स्कूली बच्चों के लिए उन्हें किसी तरह के कोई नियम व आदेश नहीं बताए गए हैं, ऐसे में जो भी बच्चे आ रहे हैं, उन्हें कार्ड बनवाने के बाद चिकित्सक के पास भेजा जाता है, उसके बाद उन्हें कोविड-19 जांच प्रयोगशाला में भेजा जाता है।

# जनता के सुझाव से तय होंगे जमीनों के कलेक्टर रेट : डीसी

### कलेक्टर रेट निर्धारित के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को बनाया गया है नोडल अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



फोटो : राजेश पुंजानी

**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जमीनों के कलेक्टर रेट निर्धारण करने के लिए सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए जन जागरण अभियान की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य कलेक्टर रेट निर्धारित करने में पारदर्शिता लाना व इसमें जनता के सुझाव शामिल करना है। उपायुक्त यशपाल मंगलवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला फरीदाबाद में भी तहसीलों व उप तहसीलों के कलेक्टर रेट का ड्राफ्ट जिला फरीदाबाद की वेबसाइट www.faridabad.nic.in पर आम जनता से ड्राफ्ट पर सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए अपलोड कर दिया गया है। आम नागरिक वर्ष 2021 के लिए कलेक्टर रेट में संशोधन के लिए अपने सुझाव व आपत्तियां वेबसाइट www.jamabandi.nic.in पर ऑनलाइन 15 जनवरी तक भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान को इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निर्देश दिए गए थे कि 15 दिसंबर 2020 से कलेक्टर रेट का ड्राफ्ट पब्लिश किया जाना है। 16 दिसंबर 2020 से 15 जनवरी 2021 तक पब्लिक से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करनी हैं। 16 जनवरी से 15 फरवरी तक सुझाव एवं आपत्तियों की सुनवाई करनी है। कलेक्टर रेट के बारे में सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त होने के बाद उनकी सुनवाई के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि तहसीलों व उप तहसीलों में प्रत्येक कॉलोनी या क्षेत्र के कलेक्टर रेटों का आकलन करने व निर्धारित समय पर प्रस्तावित कलेक्टर रेट नोडल अधिकारी को भिजवाने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि सभी उपमंडल अधिकारी को भी यह निर्देश दिए हैं कि कमेटियां ऐसे गैर सरकारी व्यक्तियों से विचार-विमर्श करेंगी जिन्हें अपने-अपने एरिया से संबंधित मार्केट रेट की पूर्ण जानकारी हो।

### कब्जा करना महंगा पड़ेगा

पत्रकार वार्ता में उपायुक्त यशपाल ने बताया कि जिलाभर में पंचायती जमीनों पर जितने भी कब्जे हैं उन सभी को हटवाया जाएगा। उन्होंने उन लोगों से तुरंत कब्जे हटवाने की अपील की जिन्होंने कब्जे किए हुए हैं। उपायुक्त ने बताया कि पंजाब विलेज कामन लैंड रेगुलेशन एक्ट 1961 के तहत 736 केस विभिन्न एसडीएम की कोर्ट में चल रहे हैं और उनमें से 206 केसों का निपटारा भी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कोर्ट में भी उन्होंने 26 अपील व पांच मालिकाना हक के मामलों का निपटारा किया है।

# कोरोना : एक मौत, 29 पॉजिटिव से आंकड़ा 45630

### जिले का रिकवरी रेट 98.8 प्रतिशत पर पहुंच गया है, लेकिन 1854 सैम्पलों की जांच रिपोर्ट आनी शेष है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** में कोविड-19 के मरीजों की संख्या लगातार सामने आ रही है। मंगलवार को जिले में 29 संक्रमित सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 45630 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में पिछले 24 घंटे में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 405 पर पहुंच गया है। वहीं राहत की बात यह है कि जिले में 27 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.8 प्रतिशत पर पहुंच गया है, लेकिन 1854 सैम्पलों की जांच रिपोर्ट आनी शेष है।

### ये है आंकड़ा

जिले में कुल सैम्पल जांच: 447733

| | |
|---|---|
| अब तक पॉजिटिव | : 45630 |
| अब तक नेगेटिव | : 400249 |
| सैम्पल रिपोर्ट बॉकी | : 1854 |
| ऑक्सीजन पर भर्ती | : 15 |
| वेंटिलेटर पर | : 5 |
| अब तक मौत | : 405 |
| अब तक ठीक | : 45070 |

### यहां से पॉजिटिव

**29 पॉजिटिव** में सेक्टर-49 (2), भीकम कॉलोनी (1), बड़ौली (2), खेड़ी कला (1), सेक्टर-17 (1), सेक्टर-21 (2), सेक्टर-7 (1), सेक्टर-8 (1), जवाहर कॉलोनी (1), नवादा (1), सेक्टर-77 (1), तिगांव (2), तिलपत (3), जगमाल कॉलोनी (1), अजय नगर (2), कृष्णा कॉलोनी (1), सेक्टर-28 (3), सरपंचकॉलोनी (1), भीम बस्ती से 2 मरीज शालिम हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने दो मंजिला मकान गिरने से बचाया



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी संजय कॉलोनी प्रभारी रामवीर सिंह ने बताया कि रात्रि को एक सूचना प्राप्त हुई कि सरुरपुर में दो मंजिला मकान के साथ नींव खुदी हुई थी। जिसमें बारिश का पानी जाने के कारण एक मकान संजय कॉलोनी में गिर सकता है। जिस पर पुलिस चौकी प्रभारी एक टीम के साथ बिना देरी के मौका पर रवाना हो गये। मौका पर पहुंच कर देखा कि मकान की दीवार जमीन में कुछ धंस गई है। पुलिस चौकी प्रभारी ने बिना देरी के दो बजे जेसीबी को तुरन्त फोन करके मौके पर बुलाया। दोनों जेसीबी को मकान के दोनों कोनों पर सपोर्ट के लिए लगवा दिया। मकान की दीवारों को पुलिस चौकी के कर्मचारी मुख्य सिपाही राजीव, मुख्य सिपाही संदीप कुमार, सिपाही राजेश और गाड़ी सरकारी चालक सिपाही धर्म सिंह की मदद से बल्लियों का भी अस्थाई सपोर्ट दिया। मकान से परिवार वालों को निकले और रात का समय सुरिक्षत स्थान पर रहने के लिए कहा। सुबह मकान की नींव में चिनाई करने और मिट्टी से भरने की सलाह दी। मकान मालिक व उनके परिवार ने पुलिस का तह दिल से धन्यवाद किया है।

### चोरी के मामलों में दो आरोपी किए गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने चोरी के अलग-अलग मुकदमों में दो आरोपियों रंजीत उर्फ भोली व भोला सिंह को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी रणजीत पुत्र किरोड़ीमल सेक्टर 62 का रहने वाला है और गलत संगत में पड़ने के कारण नशे का सेवन करने लगा था। इसी के चलते उसने दो मोबाइल फोन थाना आदर्श नगर क्षेत्र से चोरी किए थे। आरोपी रणजीत के खिलाफ जून 2020 में थाना आदर्श नगर में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है जिसमें उससे एक सैमसंग और एक रेडमी का मोबाइल बरामद किया है। आरोपी भोला सिंह पुत्र गोपीचंद उत्तर प्रदेश के इटावा जिले का रहने वाला है जो फिलहाल नई दिल्ली के मोलरबंद में रह रहा था। आरोपी भोला ने भी नशे की लत के चलते थाना पल्ला क्षेत्र से एक बाइक चोरी की थी। जिसके लिए आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अक्टूबर 2020 में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है।

### आरडब्लूए एसी नगर ने की कूड़ा उठाने की शुरुआत



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के संगठन सेवा भारती के साथ मिलकर रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन एसी नगर ने रिक्शे से घरों से कूड़ा उठाने की शुरुआत की है। इस अवसर पर आरडब्लूए एसी नगर के प्रधान दिनेश बंसवाल, उपप्रधान बशारत हुसैन, महासचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कपूर और सेवा भारती की तरफ से शिव कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रधान दिनेश बंसवाल ने कहा कि यह रिक्शा लोगों के घरों से कूड़ा उठाएगा और उसे नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थान पर फेंकेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए मामूली सा सेवा शुल्क भी देना होगा। इस अवसर पर बशारत हुसैन, दीपक कुमार, अशोक कपूर, नवीन भट्ट, मोनू शर्मा, अनिल बैसला, सुनील बैसला, ओपी धामा सुमन, अनिल बघेल, फरीद, हुसैन, राजन महाराज, राहुल यादव, मनोज शुक्ला, सुबोध कांत नीरज शर्मा, सुमित, बबलू, सुनील कुशवाहा, संजय, मुख्यार उर्फ चिंटू, धर्मेंद्र, नितिन, नगेंद्र, सूरज अभिषेक, राज किशोर, लोचन, नेत्रपाल, मोहन, सपन, मोनी, राकेश बंसल, तेज प्रकाश, इमरान, सूरत सांवरिया, राजेंद्र सिंह, सुनील, अजीत और सुरेन्द्र धांधू आदि मौजूद थे।

### बिजली कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** बिजली निगम प्रबंधकों द्वारा हजारों की संख्या में जेई, यूडीसी व एलडीसी की आनलाइन ट्रांसफर से गुस्साए बिजली कर्मचारियों ने बुधवार को दूसरे दिन भी सब डिवीजन स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए। प्रदर्शनों में सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव में गैर जरूरी किए गए ट्रांसफरों को रद्द करने की मांग की। प्रदर्शनों का नेतृत्व बल्लभगढ़ में रामचरण पुष्कर, रमेश चन्द्र तेवतिया, कृष्ण कुमार, कुलबीर राठी, एनआईटी में शब्बीर अहमद, भूपसिंह, गिरीश राजपूत, डिगंबर सिंह, ओल्ड में करतार सिंह, सतीश छाबड़ी और ग्रेटर फरीदाबाद में मनोज जाखड़, दिनेश शर्मा और अशरफ गांधी ने किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने इंडस्ट्रीयल एरिया सब डिवीजन में कर्मचारियों को संबोधित किया।

### अनाथ बच्चों के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन



**फरीदाबाद।** जन्मदिन मनाने का शौक किसे नहीं होता, कोई अपना जन्मदिन विदेश में मनाता है, कोई फाइव स्टॉर होटल में तो कोई घर में रिश्तेदारों और दोस्तों को बुलाकर। बहुत कम लोग होते हैं जो अपना जन्मदिन दीन दुनिया से दूर ऐसे लोगों के साथ मनाते हैं जिनका आगे-पीछे कोई नहीं होता और वो थोड़ी सी खुशी के लिए भी तरसते हैं। युवा भाजपा नेता और समाजसेवी परविन्द्र मल्होत्रा (शंटी) ने भी अपना जन्मदिन उन अनाथ बच्चों को सर्मर्पित किया जिन्हें न अपनी माता का पता है और न पिता का। शंटी मल्होत्रा ने तिकोना पार्क स्थित अनाथ बच्चों के सरकारी छात्रावास में पार्षद सुभाष आहूजा, राहुल चावला, गर्वित, कृष्णकांत आर्य के साथ इन बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और अपने हाथ से इन बच्चों को खाना परोसकर दिया। चॉकलेट और टॉफियां भी दीं। इस अवसर पर शंटी ने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है लेकिन जीवन का असली मजा तो दूसरों के लिए जीना है। उन्होंने कहा कि अगर संपन्न परिवार के लोग अपने जीवन में से थोड़ा सा समय निकालकर इन बच्चों के साथ बिताएंगे तो यह अनाथ नहीं कहलाएंगे। शंटी ने कहा कि मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उसने मुझे इस काबिल बनाया कि मैं इन बच्चों के चेहरे पर थोड़ी खुशी ला पाया। इस मौके पर छात्रावास के वार्डन मनीराम, हेड कुक मंजू वर्मा, एसीसटेंट कुक सोनम, भरत कपूर, रोहित मौजूद थे।

### सही सूचना न देने पर एचएसवीपी को नोटिस जारी

**फरीदाबाद।** आवेदक को सही जानकारी न देने पर राज्य सूचना आयुक्त ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) के राज्य जन सूचना अधिकारी (एसपीआईओ) कम एस्टेट ऑफिसर फरीदाबाद को नोटिस भेजकर दो हफ्ते में आवेदक कैलाश शर्मा को प्वॉइंट वाइज सही जानकारी देने को कहा है ऐसा न होने पर आरटीआई कानून के तहत पैनल एक्शन देने की चेतावनी दी है। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने बताया कि उन्होंने 16 मई 2019 को एसपीआईओ कम एस्टेट ऑफिसर फरीदाबाद के पास आरटीआई लगाकर भारद्वाज वेलफेयर ट्रस्ट को सनफ्लैग हॉस्पिटल खोलने के लिए 99 के पट्टे पर चार एकड़ जमीन सिर्फ 60 लाख में देने, उसके द्वारा हुडा विभाग के नियमों का किए जा रहे उल्लंघन, जमीन के वाणिज्यिक इस्तेमाल और अस्पताल के मंजूर किए गए बिल्डिंग प्लान आदि के बारे में छह प्वॉइंट में कुछ सूचना व जानकारी मांगी थीं। प्रथम अपील अधिकारी कम हुडा प्रशासक के आदेश के बाद भी जब एसपीआईओ ने मांगी गई जानकारी प्रदान नहीं की तो उनकी ओर से राज्य सूचना आयोग के पास 12 नवंबर 2019 को द्वितीय अपील दायर की गई। इसके बाद एसपीआईओ ने लगभग एक साल बाद आधी अधूरी जानकारी दी। जिसकी शिकायत उन्होंने राज्य सूचना आयुक्त से की।

# स्वास्थ्य अधिकारी व अतिरिक्त निगमायुक्त का करेंगे घेराव



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगर पालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा के संबंधित इकाई सफाई कर्मचारी यूनियन ने निगम आयुक्त डॉ. यश गर्ग द्वारा सैनिटेशन स्टाफ से सफाई का कार्य कराने की बजाय बेगार प्रथा कराने व अपनी मांगों का मांग पत्र देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी एवं अतिरिक्त निगम आयुक्त का करेंगे घेराव।

यह निर्णय स्थानीय निगम सभागार में सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर की अध्यक्षता में लिया गया। बैठक में 12 जनवरी को जिला उपायुक्त कार्यालय पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा किए जाने वाले घेराव में भी नगर निगम के कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेने का भी फैसला लिया। सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के पालिका, परिषद और निगमों के कर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया है। इसलिए संघ ने हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लेते हुए 15 जनवरी को निगमायुक्त, पालिका, परिषद, आयुक्त डीएमसी कार्यालय पर झाड़ू प्रदर्शन करते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज के नाम ज्ञापन सौंपने और चार फरवरी को हरियाणा सरकार के सभी राज्य एवं कैबिनेट मंत्रियों के आवासों पर घेराव एवं प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया है। बैठक में दीपक सतवीर को उप प्रधान बनाया गया है।

# अब 11 जनवरी तक होंगे कॉलेजों में दाखिले

**फरीदाबाद।** स्नातकोत्तर कोर्स में दाखिले की अंतिम तारीख एक बार फिर बढ़ाकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने 11 जनवरी कर दी है। स्नातकोत्तर कोर्स में दाखिला प्रक्रिया 24 नवंबर से जारी हुई थी। 17 दिसंबर को मेरिट सूची जारी हुई थी और मेरिट सूची में शामिल होने वाले छात्रों को 22 दिसंबर तक फीस जमा कराने का मौका दिया गया था।

इसके बाद कॉलेज अपने स्तर पर प्रतिदिन मेरिट सूची जारी कर दाखिले कर रहे थे। इसके बाद भी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में करीब 500 सीटे रिक्त पड़ी हुई हैं। इन पर दाखिले की तारीख पांच जनवरी निर्धारित थी, लेकिन इसमें मंगलवार को अंतिम दिन पाया गया कि विभिन्न कोर्स की सीट रिक्त पड़ी हुई है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने उन्हें भरने के लिए एक बार फिर दाखिले की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। इसके तहत छात्रों को प्रतिदिन कालेज जाकर अपने दस्तावेज का फिजिकल सत्यापन कराना होगा। इसके बाद मेरिट सूची जारी की जाएगी।

# ठंड में धरने पर बैठे किसानों को बलजीत कौशिक ने बांटी 500 गर्म जैकेट

### बोले : तारीख पर तारीख ने साबित किया भाजपा का किसान विरोधी चेहरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पलवल** में केजीपी-केएमपी चौक के निकट दिल्ली-मथुरा-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे किसानों के धरने में जहां लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। वहीं कड़कती ठंड में धरने पर बैठे किसानों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए दान दाताओं की भी होड़ सी लगी है।

इसी कड़ी में मंगलवार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा के दिशा निर्देश पर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के भाई एवं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक भी किसानों के लिए 500 गर्म जैकेट और कोरोना बचाव के लिए 500 मॉस्क लेकर धरना स्थल पर पहुंचे। कड़ाके की ठंड में उन्होंने स्वयं अपने हाथों से किसानों को जैकेट पहनाकर अपने समर्थन व सहयोग का ऐलान किया। इस दौरान आंदोलनरत किसानों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक ने कहा कि न्याय व अन्याय की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

उन्होंने कहा कि सवा महीने से किसानों का धरना चल रहा है और अन्नदाता परेशान है। सरकार किसानों के बातचीत पर तारीख पर तारीख बढ़ाती जा रही है जिससे यह साबित होता है कि मोदी सरकार किसान हिर्तैषी नहीं है। उन्होंने सरकार से कृषि कानून वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को तीनों कृषि कानून तुरंत प्रभाव से रद्द करने चाहिये और एमएसपी पर कानून बनाना चाहिए तभी किसान अपने घरों को जाएंगे। आने वाले चुनावों में भाजपा सरकार को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बलजीत कौशिक ने कहा कि भीषण ठंड के साथ बारिश के बीच भी पलवल में हजारों की संख्या में किसान मजबूती से डटे हुए हैं। इस अवसर पर जय भगवान भारद्धाज, भगतराम शर्मा, रंधावा फागना, बबलू चौधरी, अश्विनी कौशिक आदि भी मुख्यरूप से मौजूद थे।

# क्राइम ब्रांच को दिया मोस्ट वांटेड की गिरफ्तारी का टारगेट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में क्राइम ब्रांच के अधिकारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी इंस्पेक्टर विमल, क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी अनिल कुमार, क्राइम ब्रांच उचागांव प्रभारी जगमिन्द्र, क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी सुमेर सिंह और क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी राकेश सिंह को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया। बैठक में क्राइम ब्रांच द्वारा वर्ष 2020 के दिसम्बर माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। क्राइम ब्रांच अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि क्राइम ब्रांच सक्रिय रूप से कार्य करते हुए कड़ी मशक्कत करके अपराधियों की धरपकड़ कर रही है।

अपना कर्तव्यों का निष्पादन पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ करने के लिए क्राइम ब्रांच के अधिकारियों को प्रोत्साहित किया और आगामी माह के लिए नए टारगेट निर्धारित किए। मनोज मांगरिया, सज्जन उर्फ भोलू, विकास उर्फ महाले, संदीप उर्फ काला जठेडी, जंगली बिल्ला, लाला, बिन्नी, विक्की, रवि मुजेड़ी, मिन्द्र, मनोज उर्फ जीरो, टेकचंद जैसे मोस्ट वांटेड अपराधियों की धरपकड़ करने के आदेश देते हुए उन्होंने कहा कि यह खतरनाक प्रवृति के अपराधी समाज में अशांति फैलाकर लोगों में डर का माहौल पैदा करते हैं। इसलिए उनका लक्ष्य है ऐसे मुजरिमों को गिरफ्तार करके उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए।

साथ ही उन्होंने कहा कि इन अपराधियों के एकाउंट्स की आर्थिक जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन्हें पैसा कहां से प्राप्त होता है। इसके साथ ही उन लोगों पर भी कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी जो इन अपराधियों को किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करते हैं। सिंह ने फरीदाबाद साइबर पुलिस स्टेशन को भारत का सर्वश्रेष्ट साइबर पुलिस स्टेशन बनाने का लक्ष्य रखा है।

इसके लिए फरीदाबाद के पुलिसकर्मियों को साइबर क्राइम से सम्बंधित ट्रेनिंग करवाई जाएगी जिसमें साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और साइबर अपराधियों को ट्रैक करके उन्हें पकड़ने की तकनीक बताई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्राइम ब्रांच अधिकारी इसी प्रकार से अपने कर्तव्यों का निष्पादन करते रहें और अपराधियों की धरपकड़ करके उन्हें सलाखों के पीछे पहुचाएं।

# पशुपालन व डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूरगामी एवं कुशल नेतृत्व में पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग को श्रेष्ठ योजनाओं एवं नीतियों के क्रियान्वयन के बल पर बढ़ावा देने के लिए अग्रसर है।

प्रदेश में जिला स्तर पर संचालित उपनिदेशक पशुपालन कार्यालय के माध्यम के अलावा उपमंडल स्तर व ब्लॉक स्तर कार्यालय के संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी हासिल करके पशुपालक अपने व्यवसाय को सही दिशा देकर भरपूर लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त यशपाल ने बताया कि पशुपालन व्यवसाय अधिकांश रूप में कृषि से सम्बन्ध है। क्योंकि पशुओं के चारे की उपलब्धता कृषि व्यवसाय से आसान रहती है। पशुपालकों को जागरूक रहकर उन्नत नस्ल की गाय, भैंस, बकरी आदि रखकर उनकी सही खुराक व उपचार आदि की जानकारी पशु पालन विभाग से हासिल करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पशुपालन और डेयरी विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के लिए भी रोजगार के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

# बाइकर्स 5.40 लाख रुपयों से भरा बैग लेकर फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बाइकर्स** ने सोमवार शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित वाईएमसीए के पास कंपनी मालिक की कार से रुपयों से भरा बैग झपट लिया। बैग में 5 लाख 40 हजार रुपये की नगदी के अलावा जरूरी कागजात भी थे। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है।

सेक्टर-7 थाने में दर्ज मामले के अनुसार सेक्टर-14 निवासी जगदीश गुप्ता ने दी शिकायत में बताया कि उनकी पृथला गांव में जेडी संस स्टील के नाम से कंपनी है। सोमवार सुबह वह कंपनी गए हुए थे। शाम को छुट्टी होने के बाद वह कार से घर लौट रहे थे। कार ड्राइवर चला रहा था। जबकि जगदीश गुप्ता बैठे हुए थे। जब इनकी गाड़ी नेशनल हाइवे पर गुडइयर चौक से आगे पहुंची, तभी बाइक पर पीछे से आए दो युवकों ने कार के बराबर में आकर कहा कि तुम्हारी गाड़ी पंचर हो गई है। इस पर जगदीश गुप्ता के ड्राइवर ने कार को साइड में रोककर चेक किया तो टायर पंचर मिला। ड्राइवर गाड़ी का टायर चेंज करने लगा। इस दौरान जगदीश गुप्ता गाड़ी से नीचे उतरकर ड्राइवर के पास खड़े हो गए। कंपनी मालिक ने गाड़ी में रखे बैग को कंधे पर टांग लिया। आरोप है कि तभी एक युवक पैदल आया और जगदीश गुप्ता से कहा कि तुम्हारे कोट पर मिट्टी लगी हुई है।

इस पर उन्होंने कंधे से बैग उतारकर खुली हुई डिग्गी में रख दिया और कोट उतारकर उसकी सफाई करने लगे। आरोप है कि तभी बाइक पर दो युवक आए और कार की डिग्गी से बैग को झपटकर ले गए। बैग में कंपनी की चाबी और कुछ कागज के अलावा 5 लाख 40 हजार रुपये भी थे। वह बाइक का नंबर नहीं देख सके। इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

# वैक्सीन पर राजनीति

## जिम्मेदारी का परिचय दे विपक्ष

**स्वाभाविक** रूप से कोरोनावायरस के खिलाफ भारत के टीकाकरण अभियान की योजना ने काफी जिज्ञासा, विवाद, सवाल और बेचैनियां पैदा की हैं। महामारी के इस मोड़ पर देश को स्वरूप बदले वायरस के प्रकारों से हमलों की चिन्ता है तथा स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था संक्रमण के खिलाफ लगातार संघर्षरत है तब बीमारी के बजाय दुष्प्रचार से बहुत बड़ा खतरा सामने आया है। इसलिए विज्ञान एवं पारदर्शिता का अनुसरण करना सबसे जरूरी है ताकि सही तथ्यों का पता चल सके तथा मानवजाति की उल्लेखनीय उपलब्धि सार्वजनिक सेवा का संदेश दे। निश्चित रूप से इस समय वैक्सीन प्रक्रिया के बारे में राजनीति करने से बचा जाना चाहिए जिसमें विपक्ष भी शामिल है जो केवल सवाल पूछने के लिए सवाल खड़े कर रहा है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोवीशील्ड व भारत बायोटेक की कोवैक्सिन के आपातकालीन प्रयोग की अनुमति दे कर सरकार इस अवधारणा पर चल रही है कि उनकी प्रभावक्षमता तथा प्रतिरोध पैदा करने की शक्ति अभी पूरी तरह सिद्ध नहीं हुई है और वे परीक्षण के स्तर पर हैं। लेकिन वे इतनी सुरक्षित तथा अच्छी हैं कि उनका प्रयोग जनसंख्या में संक्रमण की कड़ी तोड़ने तथा हर्ड इम्यूनिटी विकसित करने के लिए किया जाना चाहिए। सभी देश ऐसे ही कदम उठा रहे हैं और हमारे आंकलनकर्ता अभी ऐसे आंकड़े जुटा रहे हैं जिन पर पश्चिम में वैक्सीनें खरी उतरी हैं। औषध नियामक ने संतुलन एवं नियंत्रणों का प्रयोग करते हुए उनके आपातकालीन प्रयोग की अनुमति दी है। इसके साथ शर्त जुड़ी है कि भविष्य में इसके प्रयोग की विस्तृत प्रगति तथा पार्श्व प्रभावों की जानकारी हर पखवाड़े दी जाएगी। इसके साथ ही टीका लगवाने वाले हर व्यक्ति की प्रतिक्रिया की निगरानी इस प्रकार की जाएगी जैसे वह अभी 'चिकित्सकीय परीक्षण स्थिति' में हो। सरकार तथा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर ने बार-बार स्पष्ट किया है कि कोवैक्सिन का प्रयोग सहायक के रूप में होगा। स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने कहा हे कि दुनिया भर में वैक्सीनों को जीन इन्कोडिंग स्पाइक प्रोटीनों के आधार पर अनुमति मिली है जो 90 प्रतिशत से अधिक क्षमता प्रदान करती है। कोवैक्सिन अमेरिका में सामने आए नए स्ट्रेन के खिलाफ भी प्रभावी हो सकती हैं क्योंकि वह पूर्ण निष्क्रिय किए वायरस पर आधारित है। लेकिन इसके बावजूद अंधविश्वासों को देखते हुए सरकार को इनका जवाब देने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नौकरशाहों के बजाय विशेषज्ञों को समाहित करने वाला प्रचार अभियान चलाना चाहिए। सरकार ने वैक्सीन की अनुमति देने के बारे में अनेक सवालों के जवाब नहीं दिए हैं जिसके कारण रूस और चीन की तरह पारदर्शिता का अभाव सामने आया है। यह स्पष्ट करना जरूरी है कि प्रस्तावित खूराकों की व्यवस्था पर विचार हो रहा है तथा उपलब्ध डेटा को देखते हुए इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। जनता में व्याप्त भय व आशंकायें दूर करने का प्रयास करते हुए यह भी बताया जाना चाहिए कि क्या गड़बड़ी हो सकती है और उसकी आसानी से देखभाल संभव है। इसके बिना विश्वास का संकट बना रहेगा। विपक्ष पर भी समान जिम्मेदारी है। निश्चित रूप से हमें समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जैसी प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता नहीं है जिन्होंने इसे 'भाजपाई वैक्सीन' करार दिया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा स्वदेशी कोवैक्सिन पर संदेह देश की सर्वोत्तम मेधा पर सवाल उठाने जैसा है। वैक्सीन का प्रयोग 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों में भी सुरक्षित पाया गया है। ऐसे में विपक्ष केवल यह पूछ सकता है कि चुनावों की तरह निष्पक्ष रूप से इसका प्रयोग गैर भाजपा शासित राज्यों में कैसे किया जाएगा। केरल ने कहा है कि महामारी के बाद संक्रमणों की सबसे अधिक संख्या तथा जनसंख्या के बड़े हिस्से के अन्य बीमारियों से ग्रस्त होने के कारण उसे वैक्सीन आबंटन में प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए। सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर राजनीति का कोई स्थान नहीं है और हमें सबसे कठोर चुनौती से निपटना है।



# आलोचना सहन करें राजनेता

अनेक मुख्यमंत्री आलोचना होने पर नाराज हो जाते हैं और उनकी संख्या बढ़ रही है। उनको यह समझना उचित होगा कि सार्वजनिक जीवन में यह एक पेशेवर खतरा है।



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)




हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक फैसले में संविधान के अनुच्छेद 19-1-ए में गारंटी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को उचित ठहराते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियोजन को अनुचित माना जिसने 'राज्य में कानून व्यवस्था से ठीक से न निपटने' के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की थी। इस खिंचाई वाले निर्णय का प्रभाव उन राज्य सरकारों पर पड़ना चाहिए जिन्होंने विरोध व्यक्त करने वालों के खिलाफ कानून के दंडात्मक प्राविधानों का निर्मम प्रयोग किया है। यह मामला अगस्त 2020 में यशवंत सिंह के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट-एफआईआर दर्ज कराने का जिन्होंने राज्य को 'जंगल राज में बदलने' के खिलाफ एक ट्वीट किया था जहां 'कानून व्यवस्था का अभाव है।' इस ट्वीट में अपहरण, फिरौती की मांग व हत्याओं की कई घटनाओं का संदर्भ दिया गया था। उनको कानून के दो प्राविधानों- मानहानि संबंधी भारतीय दंड संहिता की धारा 500 तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2008 की धारा 66डी के उल्लंघन का आरोपी बताया गया जिसका संबंध प्रतिरूपण से है। यशवंत सिंह ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर एफआईआर रद्द करने की प्रार्थना की थी।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य के मामलों पर टिप्पणी करना यशवंत सिंह के संवैधानिक अधिकारों के दायरे में आता है जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में वर्णित हैं। इनके अनुसार, 'केवल विरोध अपराध नहीं है।' इसलिए उनके खिलाफ एफआईआर दुर्भावना से प्रेरित है और 'इसका उद्देश्य केवल राज्य सरकार के खिलाफ विरोध अभिव्यक्त करने के लिए उनको दबाना' है। उन्होंने कहा कि कोई अपराध नहीं बनता है, इसलिए एफआईआर रद्द की जानी चाहिए। इलाहबद उच्च न्यायालय के जस्टिस पंकज नकवी व जस्टिस विवेक अग्रवाल की पीठ ने याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर व अन्य कार्रवाइयां रद्द करते हुए उल्लेखनीय टिप्पणी की। आईपीसी की धारा 500 के अंतर्गत 'मानहानि' के आरोप पर न्यायमूर्तियों ने कहा कि कोई मामला नहीं बनता है क्योंकि 'आरोपित ट्वीट मानहानि के दायरे में नहीं आता है'। उन्होंने यह भी कहा कि 'राज्य की कानून व्यवस्था पर विरोधी टिप्पणी करना हमारे जैसे उदार संवैधानिक लोकतंत्र की पहचान है और संविधान का अनुच्छेद 19 इसे संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करता है।' याचिकाकर्ता के खिलाफ दूसरा आरोप आईटी एक्ट, 2008 की धारा 66 डी के अंतर्गत था जिसके अनुसार, 'किसी संचार उपकरण या कंप्यूटर संसाधन से प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी करने वाले को तीन साल की सजा और एक लाख रुपये तक जुर्माना हो सकता है।' न्यायाधीशों ने कहा कि एफआईआर में ऐसे आरोपों का धारा 66डी से 'दूर का संबंध' भी नहीं है क्योंकि इसका संबंध प्रतिरूपण के माध्यम से धोखाधड़ी है और याचिकाकर्ता ने किसी अन्य के ट्विटर हैंडल का प्रयोग नहीं किया है और न किसी को धोखा दिया है। इसलिए अदालत ने नतीजा निकाला कि इस धारा में भी कोई अपराध नहीं हुआ है। जहां तक राज्य का सवाल है, यह सरकार और पुलिस की आलोचना है। आपराधिक मानहानि के लिए किसी नागरिक के खिलाफ अभियोजन से उसे दो साल तक सजा हो सकती है। देश में कोई व्यक्ति किसी मुख्यमंत्री द्वारा कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने से निराश हो सकता है और न्यायाधीशों ने ऐसी कार्रवाई के लिए राज्य की खिंचाई की है। लेकिन यह परिदृश्य केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है। अनेक अन्य मुख्यमंत्री व राज्य सरकारें नागरिकों को संविधान में मिली मूल स्वतंत्रताओं को चुनौती दे रही हैं। पश्चिम बंगाल राज्य इस सूची में सबसे ऊपर है। इसका कारण केवल वहां ऐसे मामलों की संख्या बढ़ना ही नहीं है, बल्कि आलोचकों को वहां जेल में डालने की प्रवृत्ति विकसित हुई है। इसकी शुरुआत ममता बनर्जी सरकार द्वारा 2012 में जाधवपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अंबिकेश महापात्रा व उनके मित्र की गिरफ्तारी से हुई जिन पर मुख्यमंत्री का मजाक उड़ाने वाले कार्टून को प्रचारित करने का आरोप आईटी कानून के अंतर्गत लगाया गया था। गिरफ्तारी के बाद प्रोफेसर महापात्रा ने राज्य मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया जिसने गिरफ्तारी की निन्दा करते हुए राज्य सरकार से दोनों को पचास-पचास हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया। राज्य ने इस आदेश का पालन नहीं किया जिसके कारण प्रोफेसर को कोलकाता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अदालत ने मानवाधिकार आयोग का आदेश सही माना तथा प्रो. महापात्र व उनके मित्र को मिलने वाले मुआवजे की धनराशि बढ़ा कर पचहत्तर-पचहत्तर हजार कर दी। इससे ज्यादा मूर्खतापूर्ण काम तमिलनाडु में एक लोकगायक पर 2015 में देशद्रोह का आरोप लगाना था जिसने तत्कालीन मुख्यमंत्री जे. जयललिता की मद्यनिषेध नीति की आलोचना की थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी नीत केरल सरकार को राज्य ललित कला अकादमी का निर्णय पसंद नहीं आया जिसने वार्षिक पुरस्कार के लिए बलात्कार के आरोपी बिशप का एक कार्टून का चयन किया था। अनेक ईसाई संगठन व राज्य सरकार चाहती थी कि यह स्वायत्तशासी संस्था इस निर्णय पर पुनर्विचार करे, पर अकादमी अपने निर्णय पर दृढ़ बनी रही। वरिष्ठ नागरिक जानते हैं कि हम देश के ऐसे लोकतांत्रिक परिवेश में पले-बढ़े हैं जब सत्तारूढ़ लोगों के खिलाफ इससे भी कठोर बातें कही जाती थीं। भारतीय राजनेताओं व अन्य को स्वीडिश आयुध निर्माता बोफोर्स द्वारा रिश्वत देने के आरोपों के समय इंडियन एक्सप्रेस ने राम जेठामलानी द्वारा प्रधानमंत्री राजीव गांधी से पूछे जाने वाले दस सवाल रोज प्रकाशित किए थे। उन सवालों को रोज सवेरे पढ़ने पर राजीव गांधी को बेचैनी होती होगी, लेकिन उनको इसे सहन करना पड़ा। वास्तव में ऐसे अनेक मुख्यमंत्रियों को देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने खिलाफ सोशल मीडिया में होने वाली गालीगलौज के प्रति कैसा व्यवहार करते हैं। मोदी-विरोधी उनका मजाक उड़ाने के लिए ट्विटर और फेसबुक पर लगातार कार्टून प्रेषित करते व भद्दी टिप्पणियां करते रहते हैं। वे अक्सर वर्स्टप्राइममिनिस्टर जैसे हैशटैग भी चलाते हैं और यह उनके समर्थक तत्वों में आम बात हो गई है। मोदी के पिछले जन्मदिवस पर उन्होंने हैशटैग नेशनलअनइम्प्लायमेंटडे चलाया और पूरा दिन इसे बनाए रखा। संभवतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्वाधिक ट्रोल होने वाले भारतीय हैं। अक्सर उनके राजनीतिक विरोधी सभ्यता की सीमा पार करते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में एक सार्वजनिक बैठक में स्वयं मोदी ने कहा था कि एक कांग्रेस नेता ने उनको 'गंदी नाली का कीड़ा' और दूसरे ने 'पागल कुत्ता' कहा था। क्या इससे अधिक अपमानजनक कुछ और हो सकता है? यदि प्रधानमंत्री कार्यालय इन सभी लोगों के खिलाफ अभियोजन चलाना चाहे तो मोदी को इन अभियोजनों के लिए एक पूरा कार्यालय बनाना पड़ेगा। वास्तव में यह लोकतंत्र के सार्वजनिक जीवन में एक पेशेवर जोखिम है। पिछले सालों में सोशल मीडिया के युग में भारत समेत सभी लोकतांत्रिक देशों के नेताओं ने इस आलोचना को सहन करने की शक्ति विकसित की है। हमारे कुछ मुख्यमंत्रियों को भी ऐसा ही करना चाहिए।

# क्या होगा शशिकला का भविष्य?

> जल्द ही जेल से रिहा होने जा रही शशिकला ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। मगर यह 2021 है 2017 नहीं। प्रदेश में काफी कुछ बदल चुका है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की सहयोगी एवं काफी नजदीक रही, वीके शशिकला, जल्द ही जेल से रिहा हो जाएंगी। दिसंबर 2016 में जयललिता के निधन के पश्चात जबर्दस्त राजनीतिक उथल-पुथल मची रही और सत्ताधारी दल अन्नाद द्रविड़ मुनेत्र कजगम के भीतर जबर्दस्त सत्ता संघर्ष तब तक चलता रहा, जब तक शशिकला फरवरी 2017 में चार वर्ष के लिए जेल नहीं चलीं गईं। आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में सजा काटने के बाद उनके जनवरी के अंत में बंगलौर के परप्पना अग्रहारा जेल से बाहर आने की उम्मीद है। बड़ा सवाल यह है, अप्रैल-मई में होने वाली विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु की राजनीति में वो एक कारक बनेंगी? कुछ लोगों का मानना है कि शशिकला भूमिका अदा कर सकती हैं और अन्यों का मानना है वो अभी थोड़ा समय लेंगी लेकिन उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में जानने का कोई रास्ता नहीं है।

शशिकला के लिए 2017 में अधरों तक आते-आते प्याला हाथ से छूट जाने वाली कहावत चरितार्थ हुई थी। जयललिता के निधन के उपरांत वो जल्द तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनने वाली थीं लेकिन नियति ने उन्हें जेल पहुंचा दिया। उनके नजदीक के लोगों का कहना है कि उनकी महत्वाकांक्षाएं बरकरार हैं, यद्यपि प्रदेश की राजनीति पिछले चार वर्षों में बदल चुकी है। चूंकि, कानून के मुताबिक, शशिकला अगले छह वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ सकती हैं, वो केवल सिंहासन के पीछे से सत्ता का लाभ उठा सकती हैं।

'अम्मा' की अनुपस्थिति में 'चिनम्मा' का प्रदेश की राजनीति पर क्या प्रभाव होगा? जयललिता की छाया से उभरकर बाहर निकलने के बाद शशिकला का नेता के तौर पर उदविकास अचानक अवरुद्ध हो गया और उन्हें एहसास होना चाहिए कि अम्मा की साथी के तौर पर उनके पास जो ताकत थी वो एक चतुर राजनेता की शर्तों पर आधारित थी। अब, उनके पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। चार वर्षों तक उनके जेल में रहने के दौरान प्रदेश में काफी कुछ हो चुका है। मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी ने न केवल सरकार व पार्टी में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, उनके भाजपा के साथ भी मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। अभी तक पार्टी को एकजुट बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

अनुमान लगाया जा रहा है कि वो अन्नाद्रमुक में अपनी खोयी हुई स्थिति वापस पाने तथा पलानीस्वामी से सत्ता छीनने का प्रयास कर सकती हैं क्योंकि पार्टी में अभी भी उनके कई वफादार हैं। अन्नाद्रमुक में उनके पुनः प्रवेश से प्रदेश में राजनीतिक माहौल पेचीदा हो जाएगा। कभी उनके वफादार रहे, पलानीस्वामी तथा उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम, इसका प्रतिरोध करेंगे। हालांकि, मंत्री पार्टी लाइन पर चलने की बात दोहरा रहे हैं, इसके बावजूद दूसरी पंक्ति के पार्टी नेताओं द्वारा शशिकला-दिनाकरन खेमे के साथ काम आधारित संबंध बनाया जाना दीर्घकाल में अन्नाद्रमुक के लिए लाभप्रद होगा। शुरुआत में, कोरोनावायसरस संकट के कारण अन्नाद्रमुक को प्रदेश में अपनी स्थिति सुधारने में मदद मिली। हालांकि, संक्रमणों की बढ़ती संख्या के चलते पलानीस्वामी की लोकप्रियता में गिरावट आई। इन सबसे ऊपर, पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के साथ गठबंधन करने की घोषणा भी कर दी है। लगता है भगवा पार्टी तमिलनाडु में गठबंधन की सरकार की अवधारणा को बढ़ावा दे रही है, जिस विचार का अन्नाद्रमुक मजबूती से विरोध कर रही है। पार्टी ने कभी सत्ता का साझा नहीं किया और सभी संकेत यही हैं कि उसका इरादा नई शुरुआत करने का नहीं है। शशिकला की संपत्ति पर अचानक छापेमारी और पोस गार्डन इलाके में जयललिता के आवास के सामने उनके निर्माणाधीन बंगले को कुर्क करने का आयकर विभाग का निर्णय, इसका संकेत है।

शशिकला के लिए अगला सर्वोत्तम विकल्प है अपने भतीजे दिनाकरन की पार्टी, अम्मा मक्कल मुनेत्र कजगम (एएमएमके) की अगुवाई करना। यह भी आगामी चुनावों में सत्ताधारी अन्नाद्रमुक के लिए एक गंभीर चुनौती पेश कर सकती है। उन्होंने 2017 में शशिकला की मंजूरी से पार्टी का गठन किया था और उनकी पार्टी पहले ही अन्नाद्रमुक के पांच प्रतिशत वोट ले जा चुकी है। यह याद रखना होगा कि तमिलनाडु ने 1967 से द्रमुक या अन्नाद्रमुक को बारी-बारी से चुना है। अब द्रमुक की बारी है। शशिकला के पास अपार धन है और अम्मा के साथ लंबे समय तक रहने के कारण राजनीतिक अंतरदृष्टि भी। इस कारण अन्नाद्रमुक के वोटों में आगे और भी सेंध लग सकती है। दिनाकरन की खामोशी इस बात का संकेत है कि कुछ सौदा चल रहा है। अन्नाद्रमुक और एएमएमके के विलय की भी बात चल रही हे लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसा होता हे तो शशिकला क्या भूमिका निभाएंगी। चिनम्मा के समक्ष अगला विकल्प है पीछे रहना, मौन रहकर अन्नाद्रमुक का 2026 के लिए समर्थन करना। हालांकि, शशिकला जैसी महत्वाकांक्षी महिला संभवतः ये विकल्प न चुने और इसके लिए प्रयास न करें और परदे के पीछे रहकर काम करें।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में कहा था, ''शशिकला के मामले में पार्टी के रुख में कोई बदलाव नहीं आएगा।'' यह बयान महत्व रखता है क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ जब उन्होंने शशिकला की होने जा रही रिहाई तथा अन्नाद्रमुक में उनके भविष्य को लेकर सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। इस बीच, एएमएमके का दावा है कि उनकी रिहाई का प्रदेश की राजनीतिक पर असर पड़ेगा। एएमएमके के प्रवक्ता सीआर सरस्वथी ने कहा, ''हम चिनम्मा के रिहा होने का उत्सुकतापूर्वक इंतजार कर रहे हैं।'' लेकिन जेल में, शशिकला ने अन्नाद्रमुक तथा तमिलनाडु की राजनीति में बड़ी भूमिका अदा की होती। जल्द ही जेल से रिहा होने जा रही शशिकला ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। मगर यह 2021 है 2017 नहीं। भले ही उनकी भूमिका छोटी हो, मगर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से, वो निश्चित रूप से भूमिका अदा करेंगी।

## आप की बात

### एक देश, एक ग्रिड

**आत्मनिर्भरता** की ओर बढ़ रहा भारत, अब ऊर्जा के क्षेत्र में भी नए आयाम पर पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोच्चि से मंगलुरू के बीच 450 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का शुभारंभ किए। इस पाइप लाइन के जरिए 12 मिलियन मीट्रिक मानक गैस को प्रतिदिन भेजने की क्षमता है। इसका निर्माण गेल लिमिटेड द्वारा किया गया है। यह पाइपलाइन न सिर्फ रोजगार के अवसर को बढ़ावा देगी, बल्कि क्षेत्र में विकास को भी नई ऊंचाइयां मिलेंगी। केरल से बंगलौर के बीच, लगभग 10 जिलों से गुजर रही गैस पाइप लाइन, वहां के क्षेत्रों के लिए भी किसी वरदान से कम साबित नहीं होंगे स्वच्छ ईंधन के उपयोग करने से, प्रकृति के अनुकूल भी होगा और सतत विकास भी होगा। इतना ही नहीं इससे परिवहन से निकालने वाले वायु प्रदूषण से छुटकारा भी मिलेगा। देश में अबतक लगभग 17000 किलोमीटर लंबी स्वच्छ ईंधन पाइप लाइन को बिछाया का चुका है, हालांकि इसको बढ़ा कर 34000 किलोमीटर करने का लक्ष्य है। कोच्चि में शुरू हो रहे, प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से देश एक कदम और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। आगामी वर्ष और दशक ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में आने वाली नई क्रांति का युग है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

### बेजुबान परिंदों की मौत

**देश** में कोरोना वायरस का संक्रमण अभी खत्म भी नहीं हुआ है कि अब पक्षियों के मरने की खबरों ने हर किसी को चिंता में डाल दिया है। हालांकि पक्षियों के मरने को लेकर अलग-अलग राज्यों से आ रही खबरों के बाद अब उन्हें बचाने की कवायद तेज कर दी गई है। पक्षियों के तेजी से मरने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है लेकिन हर साल ठंड के मौसम में पशु-पक्षियों की मुसीबत बढ़ जाती है परन्तु इस बार इतनी बढ़ी तादाद में पक्षियों की मरने की खबर अवश्य ही भयावह है। पिछले दिनों कई राज्यों में कौओं की रहस्यमयी मौत ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी थी। बहरहाल पक्षियों की मौत के पीछे बर्ड फ्लू की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इसलिए पक्षियों की मौत अभी तक रहस?य ही बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश स्थित पोंग डैम इलाके में 1,400 से अधिक प्रवासी पक्षियों की मौत हुई है। पोंग डैम इलाके में मारे गए पक्षियों की मौत के कारण का पता लगाने के लिए भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज लैब में सैंपल भेजे गए हैं व जल्द ही पक्षियों की मौत का कारण सामने आ सकता है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद


### पत्थरबाजों पर सख्त कानून

**पत्थरबाजों** के लिए म.प्र सरकार नए कानून ड्राप्ट तैयार कर रही है। अब पत्थरबाजों को की करतूतों पर नकेल कसे जाएगी। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर पत्थर बाजी की अभी मामूली सजा थी। अब सख्त कानून लागू करने की तैयारी है। राज्य सरकार नया कानून बना रही है, और इन्हें साधारण अपराधी की तरह नही छोड़ा जाएगा पत्थरबाजों पर कड़ी कार्यवाही होंगी। अभी तक इन्हें मामूली सजा का प्रावधान था। अब सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालो के खिलाफ भी कार्यवाही होगी। सजा के साथ साथ सम्पत्ति का जो नुकसान होगा उसकी वसूली भी उपद्रवियों से की जाएगी। इसके लिए उपद्रवी की सम्पति को राजसात करना पड़ा तो वह भी किया जाएगा। इसमे कोई दो मत नही पत्थर बाज समाज के दुश्मन है। और इन दुश्मनों को तो कठोर से कठोर रूप से दंडित करना ही चाहिए। पथरबाजों पर सख्त कानून होगा तो इनके घुटने भी टिकेंगे। और इन्हें किए की सजा का अहसास भी होगा। साधुवाद की पात्र है राज्य सरकार अपराध तंत्र की नकेल कसने की तैयारी कर रही है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भारत** में दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम प्रारम्भ होने जा रहा है। मुझे देश के वैज्ञानिकों व तकनीकी विशेषज्ञों के योगदान पर गर्व है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मुझे** आश्चर्य हुआ जब कुछ डाक्टरों ने आयूष चिकित्सकों द्वारा सामान्य शल्य क्रिया की अनुमति संबंधी निर्णय की आलोचना की। उन्हें बताया जाए कि धरती पर पहला सर्जन आयुर्वेद ने दिया था।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**मैं** सिर्फ यह पूछना चाहता हूं कि वैक्सीन गरीबों तक कब पहुंचेगी। हम अपने वैज्ञानिकों व उनके कठिन परिश्रम पर प्रश्न नहीं उठा रहे हैं।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख

# निरीक्षण कर जर्जर सरकारी भवनों को ध्वस्त करें: योगी

## मुख्यमंत्री ने सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को जनपदों में सरकारी भवनों की स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि विद्यालय अथवा अस्पताल आदि का संचालन जर्जर भवन में मिले, तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इनका संचालन अन्यत्र करते हुए जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी तथा निजी क्षेत्र में संचालित सभी बेसिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यालयों तथा डिग्री कॉलेजों आदि के भवनों का गहन निरीक्षण किया जाए। इसी प्रकार सभी सार्वजनिक भवनों का भी निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी कालोनियों के भवनों का निरीक्षण कर यह देखा जाए कि यह दुरुस्त अवस्था में हैं अथवा नहीं।

मुख्यमंत्री ने धान खरीद कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार धान क्रय केन्द्रों पर अतिरिक्त काटों का प्रबन्ध किया जाए ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा हो। धान खरीद कार्य निरन्तर संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि धान क्रय के तहत लक्ष्य की पूर्ति हो जाने के बाद भी धान खरीद का कार्य निरन्तर जारी रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल 6 जनवरी से प्रदेश में किसान कल्याण मिशन का शुभारम्भ किया जा रहा है। किसान कल्याण मिशन के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन अन्तर्विभागीय समन्वय से सम्पन्न किया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सीएम योगी ने कल्याण सिंह को आवास पर जाकर दी जन्मदिन की बधाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को उनके जन्मदिन पर कई नेताओं ने शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह फोन करके कल्याण सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल्याण सिंह के आवास पर पहुंचे और उन्हें बधाई देने के साथ उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री कल्याण सिंह के पौत्र संदीप सिंह भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके भी कल्याण सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, जनप्रिय एवं जुझारू राजनेता, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं प्रभु श्री राम से आपके स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। वहीं उप्र विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने ट्वीट किया कि राम मंदिर आन्दोलन में अहम भूमिका निभाने वाले कल्याण सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया कि हम सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक व प्रेरणास्त्रोत कल्याण सिंह आपको जन्मदिन एवं नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं। इसके अलावा केन्द्र व प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों, नेताओं और अन्य लोगों ने भी कल्याण सिंह को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन की कामना की।

## मार्गों के निर्माण में तेजी लाने के लिये एक माह का चलेगा विशेष अभियानः केशव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि 15 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 तक एक माह का विशेष अभियान चलाकर सभी मार्गों के निर्माण कार्य को तेजी के साथ कराया जाय। उन्होने कहा कि चालू कार्यों को तो निर्धारित समय-सीमा में पूरा ही करना है और नये कार्यों को भी शेड्यूल बनाकर कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। श्री मौर्य आज लोक निर्माण विभाग स्थित तथागत सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने जोर देते हुये कहा कि इस विशेष अभियान में सभी सम्बन्धित अधिकारी फील्ड का लगातार भ्रमण करें तथा साइटों पर जाकर अनुश्रवण करें और कार्यों में गति लायें। उन्होने यह भी कहा कि सभी अधिकारियों की इसमें जवाबदेही तय की जाय, बिना किसी ठोस कारण के अगर कार्यों में अपेक्षित गति नहीं पायी गयी तो सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी को गम्भीर परिणाम भुगतने पड़ेगें। श्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिये कि आवंटित बजट का शत प्रतिशत सदुपयोग निर्धारित समय सीमा के अन्दर अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि ग्रामीण मार्गों, लघु सेतुओं, एप्रोच रोड आदि पर विशेष रूप से फोकस किया जाय।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किन्ही ठेकेदारों के कोई भुगतान अवशेष हैं, तो सभी निर्धारित प्रक्रियाओं व औपचारिकताओं का पालन करते हुये शीघ्र से शीघ्र भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाय और तत्काल उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजकर चालू कार्यों का बजट रिलीज कराया जाय। श्री मौर्य ने निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग के 5 सेवानिवृत्त उच्चस्तर के अभियन्ताओं की सहमति लेकर, उनका एक थिंक टैंक बनाया जाय और उनके अनुभवों से फायदा उठाया जाय। उन्होंने कहा कि रोड एम्बुलेन्स तत्काल क्रय की जाय, उसे अगले माह हर हाल में लॉन्च किया जाना है। सकरी पुलियों के चौड़ीकरण में विशेष रूप से तेजी लायी जाय। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि किसी भी पटल पर कोई भी पत्रावली किसी भी दशा में लम्बित नहीं रहनी चाहिये। डॉ एपीजे कलाम गौरव पथ, मेजर ध्यानचन्द विजय पथ, जय हिन्द वीर पथ आदि योजनाओं के कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किये जांय और वहां पर बड़े बोर्ड लगाए जांय। टॉप 10 आईएएस के घरों तक बनायी जाने वाली सड़कों को मॉडल सड़क के रूप में डेवलप किया जाय। उन्होने कहा कि सिंगल यूज्ड वेस्ट प्लास्टिक रोड बनाये जाने की रणनीति इस प्रकार से तैयार की जायए कि वहां पर प्लास्टिक के दाने बनाने की कम्पनियों को प्रोत्साहन मिले और वहां पर नयी कम्पनियां लग सकें, इससे रोजगार सृजन भी होगा। बैठक में प्रमुख सचिव लोनिवि नितिन रमेश गोकर्ण, सचिव लोनिवि, समीर वर्मा, सचिव जेबी सिंह, विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग, गिरिजेश कुमार त्यागी, प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष राजपाल सिंह, प्रबन्ध निदेशक सेतु निगम अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता संजय श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता जेके बांगा, विशेष कार्याधिकारी प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## अरुणाचल में शहीद सेना के जवान के परिवार को 50 लाख और नौकरी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में कर्तव्यपालन के दौरान अपना सर्वाच्च बलिदान देने वाले प्रतापगढ़ निवासी सेना के जवान सुधाकर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने स्व. सुधाकर सिंह के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण स्व. सुधाकर सिंह के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने स्व. सुधाकर सिंह के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जायेगी।

## वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर पूरे प्रदेश में हुआ ड्राई रन

**लखनऊ।** वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर आज पूरे प्रदेश में ड्राई रन चलाया गया। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद के 6 स्थानों पर जिनमें 3 शहरी क्षेत्र तथा 3 ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया और कुछ जनपदों में 6 से अधिक स्थानों पर भी ड्राई रन अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन का यह अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ड्रग्स कन्ट्रोलर ऑफ इण्डिया द्वारा 2 कोविड वैक्सीन को मंजूरी दे दी गई है। वैक्सीनेशन की तैयारियां चल रही हैं। कोविड वैक्सीन के भण्डारण के साथ साथ वैक्सीन लक्षित समूहों को चरणबद्ध तरीके से लगाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग मास्क पहनें, हाथ साबुन पानी से धोते रहें तथा लोगों से दो गज की दूरी बनाए रखें।

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 37 वर्षों तक नौकरी करने वाला अध्यापक गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर विगत 37 वर्षों से अध्यापक की नौकरी करने वाले फर्जी शिक्षक पतिराम सिंह को एलआरपी चौराहा लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त द्वारा फर्जी हाईस्कूल की मार्कशीट बनवा कर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर नियुक्त होकर 37 वर्षों तक लगातार नौकरी की गई थी एवं मामला खुलने पर सेवानिवृत्ति के दिन ही उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करा कर बर्खास्त कर दिया गया था। पूछताछ पर पतिराम ने बताया कि वह उसके पिता मूलरूप से जनपद गाजीपुर के निवासी थे। पिता द्वारा ही जनपद आजमगढ़ निवासी नखडू यादव नाम के शिक्षक के माध्यम से वर्ष-1972 में हाई स्कूल की फर्जी मार्कशीट बनवायी गयी थी। जिसके आधार पर वह प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर नियुक्त हो गया था और लगभग 37 वर्षों तक निरन्तर नौकरी करता रहा। सेवानिवृत्ति के दिन जब उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर बर्खास्त कर दिया गया तो वह फरार हो गया और अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए वह न तो मोबाइल फोन इस्तेमाल करता था और न ही अपने किसी परिचत या रिश्तेदारों से किसी माध्यम से बात करता था, न ही किसी के यहां मिलने जुलने जाता था।

## हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से करें प्रभावी कार्रवाई: डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से प्रभावी कार्रवाई किए जाने के पुलिस अफसरों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक थाना स्तर पर विस्तृत आपराधिक इतिहास वाले अपराधियों का आपराधिक ब्यौरा तैयार किया जाए। इसमें थाना क्षेत्र के अतिरिक्त वाह्य पंजीकृत हुए अभियोगों को भी सम्मलित किया जाए। सभी पुलिस कप्तानों और लखनऊ और नोएडा के पुलिस आयुक्तों को जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि विस्तृत अपराध वाले अपराधियों के तैयार आपराधिक इतिहास का गहराई से परीक्षण कर अन्य स्त्रोतों से यह जानकारी भी की जाए कि इसमें कौन-कौन अपराधी सक्रिय हैं। अपराधी गतिवधियों में लगातार संलिप्त व सक्रिय अपराधियों की सूची-जिस्टर बनाया जाए। स्थानीय थाने के अतिरिक्त सीमावर्ती थानों-जनपदों से भी अपराधी के सक्रियता के बारे में जानकारी की जाए। अपराधी जिन जनपदों में अधिक आता जाता हो अथवा कोई रोजगार एवं नौकरी करता हो तथा वहां अपराधी कृत्यों में लिप्त हो आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। विस्तृत अपराधिक इतिहास के आधार पर सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी पुलिस रेग्युलेशन में वर्णित विहित रीति के अनुसार सघन जानकारी की जाए। सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध विधि सम्मत रूप से गुण्डा, गैंगेस्टर, एनएसए की कार्रवाई एवं हिस्ट्रीशीट खुलवाए जाने, गैंग पंजीकरण व अन्य अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए नियमानुसार शस्त्र लाइसेन्स व जमानत निरस्तीकरण आदि की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

## पेराई कार्य पूरा कर 31 मई तक बंद हो जाएंगी सभी चीनी मिलें: सुरेश राणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गन्ना** मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि चीनी मिलों को सख्त निर्देश दे दिए गए हैं कि किसानों की सहूलियत के मुताबिक गन्ना पेराई का कार्य समय से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि इस बार सभी चीनी मिलों का संचालन 31 मई 2021 तक बंद कर दिया जाएगा। गन्ना मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को इस बात के निर्देश दे दिए गए हैं ठंड को देखते हुए सभी यार्डों में अलाव की व्यवस्था की जाए। मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार लगातार किसानों के हित में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि 31 मई तक किसानों के समस्त गन्ने के पेराई कार्य को पूर्ण कर दिया जाए। इसीलिए प्रत्येक चीनी मिलों को निर्देश दे दिए गए हैं कि गन्ने की पेराई 31 मई तक हर हाल में पूर्ण कर ली जाए। मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार के मात्र साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में रिकॉर्ड 1,12,829 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हुआ है जो अब तक इतनी कम अवधि में किये गये भुगतान में सर्वाधिक है।

सरकार द्वारा विगत साढे तीन वर्ष की अवधि मे किसानों को कराया गया कुल 1,12,829 करोड का यह गन्ना मूल्य भुगतान इसके पूर्व के 3 वर्षों के सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान 53,367 करोड़ से 59,462 करोड़ अधिक तथा 5 वर्षों के सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान 95,215 करोड़ से 17,614 करोड अधिक है । उन्होंने बताया कि इसके साथ ही प्रदेश की योगी सरकार ने अब तक के अपने कार्यकाल में चीनी मिलों की पेराई क्षमता में जबरदस्त वृद्धि की है। आयुक्त चीनी एवं गन्ना संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में मौजूदा समय में 119 चीनी मिलों का संचालन हो रहा है। नई चीनी मिलों एवं पेराई क्षमता विस्तार से प्रदेश की चीनी मिलों की कुल पेराई क्षमता में 29,250 टीसीडी की वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011-12 से बंद पड़ी निजी क्षेत्र की चीनी मिलों वीनस ,गागलहेड़ी एवं वर्ष 2015-16 में बंद हुई बुलन्दशहर चीनी मिल का पुर्नसंचालन कराया गया। विगत सपा सरकार के कार्यकाल में 11 चीनी मिलें बंद हुई एवं इससे पूर्व की बसपा सरकार के समय में 19 चीनी मिलें बंद हुई थी जबकि वर्तमान सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की 3 बंद चीनी मिलों का पुन: संचालन कराया गया एवं निगम क्षेत्र की 2 बंद चीनी के स्थान पर 5,000 टीसीडी की नई चीनी मिलों की स्थापना की गई।

## अपराधियों के सामने बौनी साबित हो रही सरकार व पुलिसः लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार और पुलिस, अपराधियों के सामने बौनी साबित हो रही है। सरकार और पुलिस अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण कर चुकी है। सरकार और पुलिस प्रशासन के अकर्मण्यता का आलम यह है कि अपराधी सरेआम हत्या को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं और पुलिस अपराधियों का सुराग लगा पाने में भी विफल साबित हो रही है। योगी राज में उत्तर प्रदेश अपराध प्रदेश बन गया है। लल्लू ने विभिन्न आपराधिक घटनाओं को लेकर कहा कि एक तरफ जहां मुख्यमंत्री रोजाना टीम11 की मीटिंग और हर मंचों पर उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त बताते नहीं थकते वहीं राजधानी सहित प्रदेश भर में हो रही जघन्य घटनाओं ने भाजपा सरकार के न गुण्डाराज, न भ्रष्टाचार के खोखले दावे को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न आपराधिक घटनाओं के साथ योगी सरकार के दो-दो आईपीएस अधिकारियों का पचास-पचास हजार का इनामी घोषित होना, सरकार के भ्रष्ट तंत्र और ध्वस्त कानून व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है।

## किसान आंदोलन को भटकाना चाहती है भाजपा सरकारः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की किसान संगठनों के साथ बेनतीजा वार्ता के बाद फिर अगली तारीख हो गई। हर बार आधा दिन गुजार कर दोपहर 2 बजे बैठक करने से ही लगता है कि भाजपा सरकार आधे मन से आधे समय काम करके इस आंदोलन को भटकाना चाहती है। किन्तु सत्ता का दम्भ तोड़ने वाले किसानों का हौसला टूटने वाला नहीं है। अखिलेश ने कहा कि किसान अपना भविष्य बचाने के संघर्ष में बलिदान कर रहे हैं। भाजपा बेतुके तर्कों और झूठे तथ्यों से किसानों के आंदोलन को बदनाम कर रही है। वह हर हाल में काले कृषि कानून देश में थोपना चाहती है। अच्छा हो, भाजपा सरकार बयानबाजी में देश को न उलझाए और किसान आंदोलन में लगातार बढ़ती किसानों की मृत्यु व आत्महत्या पर शर्म करे। उन्होंने कहा कि जो भाजपा सरकार एमएसपी होने पर भी अन्नदाता को बाजार में सही दाम नहीं दे पा रही है वह काले कानून के आने के बाद क्या एमएसपी देगी। पूरे प्रदेश में अपनी मेहनत का हक नहीं मिलने से अन्नदाता बेहाल है। किसानों पर और कितना जुल्म करेगी भाजपा की डबल इंजन सरकार। अखिलेश ने कहा कि जबसे केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार आई है, किसान सबसे ज्यादा अन्याय का शिकार हुआ है। भाजपा लाख सफाई दे, लेकिन किसान परेशान है कि नए कृषि कानून लागू होने के साथ ही खेती पर उनका स्वामित्व खतरे में पड़ जाएगा।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का मुख्य कैरिज वे 31 मार्च तक होगा पूरा

**लखनऊ।** मुख्य सचिव आरके तिवारी ने मंगलवार को प्रोजेक्ट मानीटरिंग गुंप की बैठक करते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर-आजमगढ़ लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण एवं डिफेन्स कॉरीडोर की समीक्षा की। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का मेन कैरिज वे 31 मार्च 2021 तक चालू हो जायेगा तथा हल्के वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो जायेगा, जिसके दृष्टिगत पब्लिक यूटिलिटी एवं पेट्रोल पम्प आदि की जरूरी व्यवस्थाएं समय से की जाए। सड़क निर्माण के साथ-साथ अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी समयबद्ध रूप से की जानी चाहिए ताकि एक्सप्रेस-वे पर यात्रा करने वालों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने आवागमन चालू करने के साथ ही एक्सप्रेस-वे पर टॉयलेट्स, फ्यूल पम्प्स, समुचित खान-पान आदि की भी व्यवस्थाएं कराने को कहा।

## साल 2021 में विधान परिषद में इक्कीस पड़ेगी भाजपा

### ● 30 जनवरी को रिक्त हो रही 12 सीटों के लिए कभी भी जारी हो सकता है चुनाव कार्यक्रम

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ



**साल** 2021 की शुरुआत में ही बीजेपी राजनीतिक लड़ाई में सब पर इक्कीस पड़ने वाली है। वह इसलिए क्योंकि उप्र विधान परिषद के 12 सदस्यों का कार्यकाल 30 जनवरी को पूरा हो रहा है। इससे पहले चुनाव आयोग को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ऐसे में अब आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम कभी भी जारी किया जा सकता है। विधान सभा में संख्या बल के आधार पर इस चुनाव में बीजेपी उच्च सदन में और मजबूत होगी तो वहीं सपा कमजोर होगी। उच्च सदन में बीजेपी की मजबूती से सरकार को कई बिल पारित कराने में भी सहूलियत होगी।

15 जनवरी के बाद खरमास खत्म होते ही बीजेपी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी। दस सीटों पर बीजेपी की जीत पक्की है। अब इसके अतिरिक्त बीजेपी की रणनीति पर निर्भर करता है कि भाजपा उच्च सदन में अपनी संख्या और कैसे बढ़ा सकती है। दिलचस्प बात यह है कि जुलाई में भी विधान परिषद की सीटें रिक्त हो रही हैं। उसमें भी बीजेपी की संख्या बढ़ेगी। मौजूदा समय विधान मंडल के दोनों सदन में दलीय स्थिति पर नजर डालें तो विधान परिषद में सपा की 55, बीजेपी की 25, बसपा की 8, कांग्रेस की 2, अपना दल की 1, शिक्षक दल 1, निर्दलीय समूह 2 और निर्दलीय 3 सदस्य हैं। सदन में कुल सौ सीटें होती हैं। विधान सभा में बीजेपी के 310, सपा के 49, बसपा के 18, अपना दल के 9, कांग्रेस के 7, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के 4, निर्दलीय 3, रालोद 1 और निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल का एक सदस्य हैं। अब जिन 12 सदस्यों की सदस्यता 30 जनवरी को पूरी हो रही है उनमें बीजेपी के डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, लक्ष्मण आचार्य हैं। सपा के अहमद हसन, आशू मलिक, रमेश यादव, राम जतन राजभर, वीरेंद्र सिंह, साहब सिंह सैनी हैं। बसपा के धर्मवीर सिंह अशोक, प्रदीप कुमार जाटव हैं। बसपा के कभी राजदार रहे नसीमुददीन सिददीकी अब कांग्रेस में हैं और इनकी सदस्यता पहले ही समाप्त कर दी गई है। चुनाव आयोग के अनुसार इस चुनाव में 31 विधायकों के वोट पर एक प्रत्याशी चुनाव जीतेगा। इस गणित में देखें तो विपक्ष में सिर्फ अपने संख्या बल पर एक ही प्रत्याशी को उच्च सदन भेज पाएगा जबकि बीजेपी 11 प्रत्याशियों को भेज सकती है। मजेदार बात है बीते राज्यसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेस ने अपने दो विधायक अदिति सिंह और राकेश सिंह को नोटिस दे रखा है। बसपा ने इस मामले में पहले ही अपने सात विधायकों को निलम्बित कर दिया था। इनमें सुषमा पटेल, असलम राईनी, असलम अली, मुजतबा सिद्दीकी, हाकिम लाल बिंद, हर गोविंद भार्गव, वंदना सिंह हैं। ऐसे में बसपा और कांग्रेस के पास संख्या बल और कम हो गया है। यह निलम्बित विधायक मताधिकार के अधिकार से तब तक वंचित नहीं होंगे जब तक इनकी सदस्यता समाप्त नहीं हो जाती है। अभी यह सभी सदन के सदस्य हैं। ऐसे में इस चुनाव में बागी इन विधायकों की भी भूमिका महत्वपूर्ण होगी कि वह सत्तारूढ़ दल के साथ जाएंगे या फिर विपक्ष के किसी दल से हाथ मिलाएंगे।

## योगी सरकार का प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ा तोहफा

### ● राज्य सरकार के प्रस्ताव को केन्द्र ने दी मंजूरी

### 4225 करोड़ से बनेगी 6352 किमी ग्रामीण सड़केंः मनोज कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** ग्रामीण सड़क योजना के तहत उत्तर प्रदेश की ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केन्द्र सरकार ने राज्य को नये साल का बड़ा तोहफा दिया है। प्रदेश में 6352.97 किलोमीटर सड़क बनाने के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है।

ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार ने पीएमजीएसवाई के तीसरे चरण के बैच.एक के लिए प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 6352.97 किलोमीटर का नेटवर्क मजबूत करने का प्रस्ताव भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजा था। मंत्रालय ने सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद राज्य सरकार के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। श्री सिंह ने बताया कि 6352.97 किलोमीटर सड़कों की इस परियोजना के लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 4225.27 करोड़ रुपये के बजट का अनुमोदन किया है। उन्होंने बताया कि इस बजट में से 2534.81 करोड़ रुपये की धनराशि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय प्रदान करेगा, जबकि राज्य का अंश 1690.46 करोड़ रुपये होगा।

अपर मुख्य सचिव ने इस परियोजना की मंजूरी को प्रदेश के विकास के लिए बड़ी उपलब्धि माना है। उनका मानना है कि इससे उप्र की ग्रामीण सड़कों का नेटवर्क काफी मजबूत हो जाएगा और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी। श्री सिंह ने बताया कि पीएमजीएसवाई के तीसरे चरण के अंतर्गत 2430.12 किलोमीटर लंबाई की 300 सड़कें फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से बनने वाली सड़कें मजबूत होती हैं। साथ ही उनकी उम्र भी बढ़ जाती है। इस नई तकनीक में सड़क में पहले से प्रयुक्त हुई गिट्टी आदि को फिर से प्रयोग में लाया जाता है। इससे लागत कम हो जाती है और समय भी बचता है। उन्होंने बताया कि नई तकनीक से 2430.12 किलोमीटर की सड़कों के लिए 3063.12 करोड़ रुपये की लागत आयेगी और यह धनराशि स्वीकृत हो चुकी है।

अपर मुख्य सचिव ने आगे बताया कि पूर्व में वर्ष 2000 से 2013 के बीच पीएमजीएसवाई के प्रथम चरण में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 12946.24 करोड़ रुपये की लागत से 49315.91 किलोमीटर सड़कें बनवाई गईं। इसके बाद वर्ष 2014 से 2019 के मध्य पीएमजीएसवाई के द्वितीय चरण में 3952.85 करोड़ रुपये की लागत से कुल 7508.67 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण हुआ। इस तरह इस वर्ष की परियोजना बजट और सड़कों की लंबाई दोनों में अब तक की सबसे बड़ी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के क्रियांवयन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को नोडल एजेंसी बनाया गया है। सड़कों के निर्माण हेतु नई तकनीक के लिए राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण और एनआरआईडीए के बीच करार भी होगा।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे किसान कल्याण मिशन का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** तथा कृषि आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देकर किसानों की आय दोगुना करने की मुहिम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बुधवार को लखनऊ के दादूपुर ग्राम में किसान कल्याण मिशन का शुभारंभ करेंगे। किसान कल्याण मिशन के शुभारंभ को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत भी मौजूद रहेंगे।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसानों से संवाद करते हुए विगत साढ़े तीन वर्षों में किसानों के कल्याण के लिए उठाये गए महत्वपूर्ण कदमों का जिक्र भी करेंगे।

इस दौरान वह केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की भलाई के लिए उठाए कदमों की जानकारी भी देंगे। किसान कल्याण मिशन के जरिये योगी सरकार खेतीबाड़ी के उन्नत तौर तरीकों के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रगतिशील किसानों की मदद लेगी। इस क्रम में किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर होने वाले किसान मेलों और किसान गोष्ठियों में यही प्रगतिशील किसान बाकी किसानों को अपनी सफलता के बारे में बताएंगे। सरकार को उम्मीद है कि उनकी कहानी से प्रेरणा लेकर अन्य किसान भी बेहतर करके खुशहाल होंगे।

इसके लिए कृषि विभाग हर जिले से रोलमॉडल के रूप में 100 प्रगतिशील किसानों का चयन करेगा। 6 से 21 जनवरी तक 825 विकास खंडों पर आयोजित होने वाले किसान कल्याण मिशन के कार्यकमों में अपनी बात रखने के लिए किसानों को मंच देने के साथ सम्मानित भी किया जाएगा।

# सभी हज यात्रियों को लगेगा कोरोना का टीका, की जा रही है व्यवस्थाः नकवी

**भाषा।** नई दिल्ली/मुंबई

**केंद्रीय अल्पसंख्यक** कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को कहा कि इस साल हज पर जाने वाले सभी लोगों को कोरोना का टीका लगाने की व्यवस्था की जा रही है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नकवी ने हज हाउस (मुंबई) में हज-2021 से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भारतीय हज कमेटी के अधिकारियों एवं हज ग्रुप ऑर्गनाइजर्स के साथ चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा, भारत से जाने वाले सभी हज यात्रियों को कोरोना का टीका लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

कोरोना के टीके को लेकर विपक्ष के कुछ नेताओं के बयानों का हवाला देते हुए नकवी ने उन पर निशाना साधा और कहा कि कुछ निराश नेता भारत में निर्मित कोरोना वायरस टीके की प्रभावकारिता पर संशय जता रहे हैं। नकवी की यह टिप्पणी कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा भारत बायोटेक के टीके की तीसरे चरण के ट्रायल के जारी रहने के दौरान ही इसके आपात इस्तेमाल को मंजूरी दिए जाने को लेकर उठाए गए सवालों के बाद आई है।

मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कोरोना के टीके पर वही लोग सवाल उठा रहे हैं जो कोरोना के संकट के समय लोगों की सेहत-सलामती के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रश्न खड़ा करते रहे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के संकट के समय आगे बढ़ कर "संकटमोचक" की भूमिका निभाई है। उनकी दूरदर्शिता, प्रभावी नेतृत्व का ही नतीजा है कि इतनी बड़ी जनसंख्या वाला देश होने के बावजूद भारत ने कोरोना के कहर के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी है। नकवी ने कहा, कुछ लोगों ने फतवे की दुकान खोल रखी है और सब्जी की तरह फतवे बेचते हैं। इस तरह ए जो फतवे के फर्जी फेडरेशन हैं ए हमेशा लोगों को गुमराह करने के लिए खड़े होते हैं।

हज-2021 के संदर्भ में नकवी ने कहा, हज यात्रियों के अनुमानित खर्च में भी कमी की गई है। अभी तक हज के लिए आवेदन करने वाले लोगों में लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। बिना मेहरम (पुरुष रिश्तेदार) के 700 से अधिक महिलाओं ने हज 2021 पर जाने के लिए आवेदन किया है। हज 2020 के लिए 2100 से अधिक महिलाओं ने बिना मेहरम के हज पर जाने के लिए आवेदन किया था, ये महिलाएं इस बार हज पर जा सकेंगी।

## पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, हथियार और अन्य सामान बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसके बाद सुरक्षा बलों ने वहां से हथियार और माओवादियों से संबंधित अन्य सामान बरामद किया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने मंगलवार को बताया कि बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिरमागुंडा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। सुंदरराज ने बताया कि गंगालूर थाना से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन और जिला बल के संयुक्त दल को गस्त में रवाना किया गया था। दल जब सुबह करीब 06:30 हिरमागुंडा गांव के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई की।



चेन्नई में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिकल साइंस की प्रदर्शनी को देखते हुए।

# मुझे बिहार के प्रभार से मुक्त किया जाएः शक्ति सिंह गोहिल

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और करीब तीन साल से बिहार के एआईसीसी प्रभारी शक्तिसिंह गोहिल ने पार्टी आलाकमान से जल्द से जल्द इस जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं में एक और गुजरात से राज्यसभा सदस्य गोहिल ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस संबंध में ट्वीट किया है। गोहिल ने ट्वीट किया, निजी कारणों से मैंने कांग्रेस आलाकमान से गुजारिश की है कि कुछ जिम्मेदारियों का बोझ घटाया जाए और बिहार के प्रभार से मुक्त किया जाए। गोहिल ने ट्वीट में अपनी पार्टी, बिहार, गुजरात और दिल्ली इकाई तथा कुछ अन्य सहयोगियों को भी टैग किया है। पार्टी सूत्रों ने दावा किया कि पिछले नवंबर में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए गोहिल पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने कुछ जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया है।

गोहिल के ट्वीट के बाद सत्तारूढ़ राजग ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया। विपक्षी महागठबंधन में शामिल दलों ने भी पूर्व में कांग्रेस पर निशाना साधा था। जद (यू) प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने एक बयान में कहा, शक्तिसिंह गोहिल द्वारा बिहार कांग्रेस की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने का आग्रह कांग्रेस की बिगड़ती सेहत से पल्ला झाड़ने की कोशिश है। गोहिल को पता है कि पार्टी का कोई भविष्य नहीं है, गुटबंदी चरम पर है, इसलिए उन्होंने बुद्धिमानी के साथ दूसरे कार्यों का हवाला देकर खुद को अलग करने की कोशिश की है। भाजपा के प्रवक्ता निखिल आनंद ने भी गोहिल द्वारा ट्विटर पर इस तरह का अनुरोध करने के लिए कांग्रेस पर तंज कसा। आनंद ने कहा, यह इंगित करता है कि पार्टी का अस्तित्व खत्म होने वाला है। कार्यकर्ता बचे नहीं है। पार्टी की मौजूदगी महज फेसबुक और ट्विटर तक सीमित हो चुकी है।

# इंदौर में हास्य कलाकार की गिरफ्तारी पर कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी भिड़ंत

**इंदौर ( मध्यप्रदेश )।** भाजपा की एक स्थानीय विधायक के बेटे की शिकायत पर चार दिन पहले आनन-फानन की गई कार्वाई में गुजरात के हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी को गिरफ्तार किए जाने को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को सवाल उठाए। राज्य के प्रमुख विपक्षी दल का आरोप है कि सत्तारूढ़ भाजपा निराधार मामलों को तूल देकर मार्च-अप्रैल में संभावित नगरीय निकाय चुनावों में वोटों का धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमीनुल खान सूरी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, भाजपा नगरीय निकाय चुनावों में अपने फायदे के लिए मतदाताओं को धार्मिक आधार पर बांटना चाहती है। इंदौर की भाजपा विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ के बेटे एकलव्य के दबाव में फारुकी को गिरफ्तार किया जाना भाजपा की इसी साजिश का हिस्सा है।

सूरी ने दावा किया कि फारुकी ने शहर के एक कैफे में एक जनवरी को हास्य कार्यक्रम में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कोई बात नहीं कही थी। पुलिस ने विधायक पुत्र की शिकायत पर निष्पक्ष जांच की जहमत उठाए बगैर युवा हास्य कलाकार पर संगीन प्रावधानों में मामला दर्ज कर लिया और गजब की फुर्ती दिखाते हुए उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उमेश शर्मा ने कहा, फारुकी की गिरफ्तारी का आगामी नगरीय निकाय चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है। हास्य कार्यक्रम के नाम पर यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता कि कोई व्यक्ति अन्य समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत करता रहे और अनर्गल प्रलाप करता रहे। फारुकी पर हास्य प्रस्तुतियों में अक्सर भड़काऊबातें कहने का आरोप लगाते हुए कहा कि इंदौर में उनके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया गया है। अगर कांग्रेस को लगता है कि फारुकी के साथ कुछ गलत हुआ है, तो वह अदालत में उनका मुकदमा लड़े। भाजपा विधायक के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने फारुकी और हास्य कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े चार अन्य लोगों के खिलाफ तुकोगंज पुलिस थाने में एक जनवरी की रात मामला दर्ज कराया था। विधायक पुत्र का आरोप है कि इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोधरा कांड को लेकर अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। एकलव्य अपने साथियों के साथ बतौर दर्शक इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में जमकर हंगामा किया और कार्यक्रम रुकवाने के बाद फारुकी समेत पांच लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पांचों लोगों को भादंवि की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जान-बूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य), धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जान-बूझकर कहे गए शब्द) अन्य सम्बद्ध प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया।

## कानून से ऊपर कोई नहीं हैः टोपे

**मुंबई।** मुंबई पुलिस द्वारा सोमवार को अभिनेताओं अरबाज खान और सोहेल खान तथा सोहेल के बेटे निर्वाण खान के खिलाफ कोविड-19 संस्थागत पृथक-वास नियमों के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज करने के एक दिन बाद महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने मंगलवार को कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है और हर किसी को नियमों का पालन करना चाहिए। वर्तमान महामारी के हालात में नियमों एवं कानून का सख्ती से पालन करना आदर्श नागरिक का कर्तव्य है। नगर निकाय के एक अधिकारी ने कहा कि तीनों लोगों को पिछले साल दिसंबर के आखिरी सप्ताह में यूएई से मुंबई लौटने के बाद दिशा-निर्देशों के तहत उपनगरीय बांद्रा में एक होटल में ठहरने के लिए कहा गया था, लेकिन वे इसके बजाय अपने घर चले गए। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और 269 तथा महामारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## क्विक न्यूज

### प्रज्ञा ठाकुर को मालेगांव विस्फोट मामले में पेशी से छूट मिली

**मुंबई।** मुंबई में एनआईए की एक विशेष अदालत ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर को अदालत में नियमित रूप से पेश होने से मंगलवार को छूट दे दी। ठाकुर मामले के सात आरोपियों में एक है। राष्ट्रीय अभिकरण एजेंसी (एनआईए) इस मामले की जांच कर रही है। वह सोमवार को अदालत में पेश हुई थी। विशेष न्यायाधीश पीआर सित्रे ने मंगलवार को ठाकुर को अदालत में पेश होने से छूट दे दी। इससे पहले उनके वकील जेपी मिश्रा ने आवेदन दायर कर कहा था कि सांसद को स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से नियमित रूप से यहां आने में दिक्कत होती है। वकील ने आवेदन में कहा, ठाकुर को कई बीमारियां है और एम्स में उनका उपचार चल रहा है। वह (कल) मुंबई में थी और इस दौरान कोकिलाबेन अस्पताल में उनकी कई जांच हुई, डॉक्टरों ने उनसे कहा कि उन्हें कई जटिलाएं है और डॉक्टरों की एक टीम द्वारा उनका उपचार किए जाने की जरूरत है।

### मुख्यमंत्री रावत ने दिल्ली आवास से कामकाज शुरू किया

**देहरादून।** एम्स, दिल्ली से छुट्टी मिलने के तीन दिन बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार से दिल्ली स्थित अपने आवास से कामकाज शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आज से कामकाज शुरू कर दिया है। उन्होंने पृथक्वास अवधि के बाद आज दिल्ली स्थित आवास से फाइलों का निस्तारण शुरू कर दिया है। कोविड 19 के उपचार के लिए रावत को 28 दिसंबर को दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां सभी जांच रिपोर्ट सामान्य आने के बाद उन्हें दो जनवरी को छुटटी दे दी गई थी। रावत उसके बाद से दिल्ली स्थित अपने आवास में पृथक्वास में रह रहे थे। इससे पहले 18 दिसंबर को मुख्यमंत्री रावत के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद वह देहरादून स्थित अपने आवास में पृथक्वास में रहने लगे। बाद में हल्का बुखार आने के बाद उन्हें 27 दिसंबर को दून अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके फेफड़ों में हल्का संक्रमण पाए जाने के बाद अगले दिन उन्हें दिल्ली के एम्स ले जाया गया था।

### दयाशंकर तिवारी नागपुर के मेयर निर्वाचित

**नागपुर।** भाजपा उम्मीदवार दयाशंकर तिवारी मंगलवार को नागपुर नगर निगम के मेयर चुने गए। पूर्व मेयर संदीप जोशी ने पिछले महीने पद से इस्तीफा दे दिया था और उन्होंने बचे हुए 13 महीने के कार्यकाल के लिए भाजपा के वरिष्ठ निगम पार्षद तिवारी को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। नंदा जिचकर के मेयर के तौर पर ढाई साल पूरे होने के बाद भाजपा ने शेष 26 महीने के कार्यकाल को जोशी और तिवारी के बीच आधा-आधा बांट दिया था। जोशी 19 नवंबर, 2019 को मेयर बने थे। नागपुर नगर निगम में फिलहाल भाजपा के पास 107 सीटें है। नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि तिवारी को 107 वोट मिले। नगर निगम में कुल सीटों की संख्या 151 है। आम सभा की मंगलवार को आयोजित विशेष बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मतदान हुआ।

### जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में मादक पदार्थों का तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से मंगलवार को मादक पदार्थों का एक तस्कर गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना एक स्थानीय इकाई के साथ मिल कर पुलिस ने मेंढर उप मंडल के बालाकोट सीमाई क्षेत्र के डब्बी गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से 300 ग्राम हेरोइन बरामद की। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है क्योंकि हाल ही में इस गांव से बड़ी तादाद में हथियार एवं कारतूस बरामद किए गए है। पुलिस इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

### दंपति और पांच साल का बेटा घर के अंदर मृत पाया गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के पाट्टन इलाके में मंगलवार को एक विवाहित दंपति और उसके पांच साल के बेटे को घर के अंदर मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि मोहम्मद मकबूल लोन, उसकी पत्नी और उसके बेटे की नीद में मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तीनों की मृत्यु कमरे के हीटर से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण हुई।

### लोकसभा अध्यक्ष की बेटी का सिविल सेवा में चयन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि का चयन संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा के लिए हुआ है। यूपीएससी ने अपनी रिजर्व सूची के 89 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। रामजस कॉलेज से राजनीति विज्ञान (स्नातक) की पढ़ाई करने वाली अंजलि ने पहले प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा 2019 के लिए उत्तीर्ण किया। अंजलि ने मंगलवार को बताया, इस परीक्षा में चुने जाने पर मै काफी खुश हूं। मै समाज के लिए कुछ करने की खातिर सिविल सेवा में शामिल होना चाहती हूं क्योंकि मैंने हमेशा अपने पिता की प्रतिबद्धता देश के लोगों के प्रति देखी। उन्होंने कहा कि उनकी बड़ी बहन आकांक्षा ने उन्हें परीक्षा पास करने में मदद की जो चार्टर्ड अकाउंटेंट है। उन्होंने कहा, मेरी सफलता का श्रेय विशेष रूप से मेरी बड़ी बहन को जाता है।



रांची में अपने स्थापना दिवस के अवसर पर आर्म्ड पुलिस के जवान परेड की प्रैक्टिस करते हुए।

# ईडी अधिकारियों ने खड़से के मामले में दस्तावेज मांगे

**पुणे।** राकांपा के नेता एकनाथ खड़से के खिलाफ भोसारी स्थित एक जमीन के मामले में भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अंजलि दमानिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने मंगलवार को दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनसे कुछ दस्तावेज मांगे हैं। ईडी ने हाल ही में पूर्व भाजपा नेता खड़से को मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था लेकिन खराब सेहत और कोरोना वायरस संक्रमण का संदेह जताए जाने के बाद उन्हें पेश होने के लिए और वक्त दिया गया। शहर के वकील असीम सरोदे ने कहा कि ईडी अधिकारियों ने कुछ दिन पहले उनसे संपर्क किया था। उन्होंने कहा, उन्होंने हमसे मदद मांगी है और भोसारी जमीन सौदे से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं जिसमें मेरी मुवक्किल अंजलि दमानिया ने 2016 में खड़से के खिलाफ शिकायत दाखिल की थी। सरोदे ने बताया कि दमानिया ने महाराष्ट्र पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा खड़से को दी गई क्लीन चिट का विरोध करते हुए 2018 में पुणे की सत्र अदालत में हस्तक्षेप आवेदन भी दाखिल किया था। वह ईडी अधिकारियों के परिचय का सत्यापन करने के बाद उन्हें दस्तावेजों की प्रतियां सौंपेंगे।

सरोदे ने कहा, ए दस्तावेज अदालत के पास भी हैं लेकिन अदालत से दस्तावेज हासिल करने में समय लग सकता है, इसलिए ईडी अधिकारियों ने मुझसे अनुरोध किया। वकील ने कहा कि ईडी के अधिकारी मंगलवार शाम को उनके कार्यालय आ सकते हैं। महाराष्ट्र में पूर्ववर्ती भाजपा नीत सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री रहे खड़से को पुणे के भोसारी औद्योगिक क्षेत्र में सरकारी जमीन की खरीद उनकी पत्नी और दामाद द्वारा किए जाने में पद का दुरुपयोग करने के आरोपों के बाद 2016 में मंत्री पद छोड़ना पड़ा था।

# कांग्रेस ने गुजरात में स्थानीय चुनाव के लिए अभियान शुरू किया

**अहमदाबाद।** गुजरात में स्थानीय निकायों के चुनाव से पहले कांग्रेस ने छह नगर निगमों के मतदाताओं से संपर्क करने के लिए मंगलवार को एक अभियान शुरू किया। इन निगमों में भाजपा का शासन है। पार्टी नेताओं ने पत्रकारों को बताया कि हैलो अभियान के तहत अहमदाबाद, भावनगर, जामनगर, राजकोट, सूरत और वडोडरा के निवासी एक नंबर पर फोन करके या व्हाट्सऐप पर संदेश भेजकर अपनी शिकायत बता सकते हैं। गुजरात प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख अमित चावड़ा ने बताया, यह अभियान उन छह नगर निगम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए है जहां पर भाजपा कई कार्यकालों से शासन में है लेकिन वह बुनियादी नागरिक मुद्दों का हल करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा, हम इन छह शहरी केंद्रों में रहने वाले लोगों की परेशानियों और मुद्दों को सुनेंगे तथा उन्हें आगे लेकर जाएंगे।

चावड़ा ने बताया कि इस तरह का अभियान ग्रामीण क्षेत्रों और नगरपालिका क्षेत्रों में भी शुरू किया जाएगा। साथ ही साथ दो अन्य नगर निगमों में भी ऐसा ही अभियान शुरू किया जाएगा। अन्य नेताओं ने बताया कि इस अभियान के दौरान नागरिकों से मिली प्रतिपुष्टि (फीडबैक) का इस्तेमाल स्थानीय निकाय चुनावों के लिए कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र बनाने के लिए किया जाएगा। अभियान के तहत मिनी बसों को गुजरात के लिए पार्टी मामलों के प्रभारी राजीव सातव और विधानसभा में विपक्ष के नेता परेश धनानी समेत वरिष्ठ नेता रवाना करेंगे। छह नगर निगमों, 55 नगरपालिकाओं, 31 जिला पंचायतों और 231 तालुका पंचायतों के लिए चुनाव नवंबर 2020 में होना था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इन्हें तीन महीने के लिए टाल दिया गया।

# मप्र के अधिकारियों ने तीन आईपीएस, अन्य के खिलाफ हुई कार्रवाई से ईसी को अवगत कराया

**नई दिल्ली।** मप्र के शीर्ष अधिकारियों ने मंगलवार को चुनाव आयोग को तीन आईपीएस अधिकारियों एवं अन्य के खिलाफ की गई कार्वाई से अवगत कराया, जिनकी 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान काले धन के उपयोग में कथित भूमिका सामने आई थी। आयकर विभाग द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नजदीकी सहयोगियों पर की गई छापेमारी के बाद उनकी कथित भूमिका का खुलासा हुआ था। राज्य के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने सूचित किया कि राज्य के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने मामले में पीई (प्रारंभिक जांच) दर्ज की है। आगे की कार्वाई के बारे में चुनाव आयोग को जानकारी देने के लिए दो हफ्ते का समय भी मांगा है।

राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) राजेश कुमार राजौरा भी बैठक में मौजूद थे। आयोग ने दिसंबर में मध्यप्रदेश सरकार के शीर्ष अधिकारियों को बुलाकर तीन आईपीएस अधिकारियों और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्वाई दर्ज करने के अपने आदेश के बारे में जानकारी मांगने का निर्णय लिया था। चुनाव आयोग ने 16 दिसंबर को बयान जारी कर कहा था कि इसने मध्यप्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी से कहा है कि आईपीएस के तीन अधिकारियों एवं अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्वाई दर्ज की जाए जिनकी 2019 के आम चुनावों के दौरान कमलनाथ के निकट सहयोगियों के खिलाफ आयकर की छापेमारी के बाद काले धन के इस्तेमाल में कथित भूमिका सामने आई थी।

आयोग ने केंद्रीय गृह सचिव से आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ उपयुक्त विभागीय कार्वाई शुरू करने के लिए कहा था और मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के खिलाफ इसी तरह की कार्वाई की जाए। चुनाव आयोग ने कहा कि उसने सीबीडीटी की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद कार्वाई की अनुशंसा की थी। सीबीडीटी आयकर विभाग का प्रशासनिक प्राधिकरण है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने तीनों आईपीएस अधिकारियों की पहचान सुशोभन बनर्जी, संजय माने, वी. मधु कुमार और राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी अरूण मिश्रा के तौर पर की।

आयकर विभाग ने पिछले वर्ष अप्रैल में मप्र और दिल्ली में 52 स्थानों पर छापेमारी की और जिन लोगों के खिलाफ छापेमारी हुई थी उनमें कमलनाथ के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) प्रवीण कक्कड़, सलाहकार राजेंद्र मिगलानी, अश्विनी शर्मा, उनके एक रिश्तेदार की कंपनी मोजर बेयर के कर्मचारी, उनके एक अन्य निकट रिश्तेदार रतुल पुरी की कंपनी के कर्मचारी और अन्य शामिल थे। सीबीडीटी ने पिछले वर्ष आठ अप्रैल को बयान जारी कर कहा था कि आयकर विभाग के कर्मियों ने छापेमारी में 14.6 करोड़ रुपए की बेनामी नकदी और डायरियां तथा कंप्यूटर फाइल जब्त किए थे।



नई दिल्ली में जलेबी तैयार करते हुए आंदोलनकारी किसान

# पश्चिम बंगाल के मंत्री शुक्ला का इस्तीफा

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री लक्ष्मी रतन शुक्ला ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शुक्ला ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपना इस्तीफा भेजा दिया है और उन्होंने इसकी एक प्रति राज्यपाल जगदीप धनखड़ को भी भेजी है।

क्रिकेटर रह चुके शुक्ला के इस्तीफा के पहले राज्य के परिवहन मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा में शामिल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बंगाल की रणजी टीम के पूर्व कप्तान और हावड़ा (उत्तर) के विधायक शुक्ला (39) ने बनर्जी को भेजे अपने त्यागपत्र में कहा है कि वह राजनीति से संन्यास लेना चाहते हैं। हावड़ा जिले में तृणमूल कांग्रेस के पार्टी मामलों को देखने वाले शुक्ला ने हालांकि विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया है। शुक्ला से कई बार संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन उनका जवाब नहीं मिल पाया। उधर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सलाह पर मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद से लक्ष्मी रतन शुक्ला का इस्तीफा स्वीकार लिया। शुक्ला युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री थे। राज्यपाल ने एक आदेश में कहा, तुरंत प्रभाव के साथ लक्ष्मी रतन शुक्ला मंत्रिपरिषद के सदस्य नहीं रह जाएंगे।

धनखड़ ने आदेश में कहा है कि मुख्यमंत्री की सिफारिश के अनुरूप खेल और युवा मामलों के विभाग का प्रभार अरूप बिस्वास के पास होगा। अरूप बिस्वास युवा और खेल मामलों के मंत्री हैं। वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री लक्ष्मी रतन शुक्ला का इस्तीफा दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इसका असर



पार्टी पर नहीं पड़ेगा। वहीं, भाजपा ने कहा कि पूर्व क्रिकेटर शुक्ला का भगवा खेमे में स्वागत है। राज्य में विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले और परिवहन मंत्री शुभेंदु अधिकारी के तृणमूल कांग्रेस छोड़ने तथा उनके भाजपा में शामिल होने के करीब पखवाड़े भर बाद शुक्ला ने राज्य के सत्तारूढ़ दल से इस्तीफा दिया है। कांग्रेस ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस बिखरती जा रही है और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे रोक पाने में नाकाम हैं। जबकि, माकपा ने बनर्जी से यह बताने को कहा कि राज्य के मंत्री एक के बाद एक, इस्तीफा क्यों दे रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, ममता बनर्जी ने शुक्ला को सम्मान दिया और उन्हें मंत्री भी बनाया। अलग-अलग क्षेत्र के लोगों को शामिल करने की हमारी नीति के तहत उन्हें शामिल किया गया। अगर वह पद छोड़ रहे हैं तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा लेकिन इससे पार्टी पर असर नहीं पड़ेगा। शुक्ला को पार्टी का अच्छा सदस्य बताते हुए तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सौगत राय ने उम्मीद जताई कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि अगर शुक्ला उनकी पार्टी में शामिल होते हैं तो उनका स्वागत है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, तृणमूल कांग्रेस की कोई राजनीतिक विचारधारा, दिशा नहीं है। यह माकपा के विरोध में बनी थी और अब इसकी अहमियत खत्म हो गई है। जमीनी स्तर के लोग जानते हैं कि तृणमूल कांग्रेस के गिने चुने दिन ही रह गए हैं। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने शुक्ला से तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का आग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस बिखरती जा रही है और बनर्जी को पता नहीं है कि इसे कैसे रोकें।

माकपा के वरिष्ठ नेता सुजान चक्रवर्ती ने कहा कि शुक्ला खिलाड़ी थे और तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें विधायक बनाया। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने मंत्री पद से क्यों इस्तीफा दिया, इस संबंध में शुक्ला और उनकी पार्टी सुप्रीमो ही बेहतर बता सकती हैं। लेकिन मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि एक के बाद एक मंत्री क्यों इस्तीफा दे रहे हैं। बंगाल रणजी ट्रॉफी टीम के पूर्व कप्तान शुक्ला ने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा भेजा था और उनका इस्तीफा स्वीकार हो चुका है। पश्चिम बंगाल में इस साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होना है।



अमृतसर में मंगलवार को 10वें सिख गुरु गोबिंद सिंह की 355वीं जयंती मनाने के लिए एक धार्मिक जुलूस में भाग लेते सिख श्रद्धालु।

## दिल के हल्के दौरे का गांगुली के जीवन पर कोई असर नहीं पड़ेगा

भाषा। कोलकाता

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की हालत स्थिर है और उनके स्वास्थ्य संबंधी सभी मानक सामान्य हैं। जाने मामने हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. देवी शेट्टी ने मंगलवार को गांगुली के स्वास्थ्य की निगरानी के बाद इस बारे में बताया। डॉ. शेट्टी ने कहा कि गांगुली को बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है।

गांगुली को दिल का हल्का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। शनिवार को गांगुली की रिपोर्ट में हृदय से संबंधित ट्रिपल वेसेल डिजीज का पता चला। उनके हृदय की तीन कोरोनरी धमनियां अवरूद्ध हो गई हैं। उनकी दूसरी एंजियोप्लास्टी बाद में होने की संभावना है। बीसीसीआई अध्यक्ष को देखने के लिए डॉ. शेट्टी मंगलवार को कोलकाता पहुंचे। उन्होंने कहा, गांगुली (48) देश की निधि हैं। उन्हें दिल का हल्का दौरा आया था। इससे उनके स्वास्थ्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। डॉ. शेट्टी ने वुडलैंड अस्पताल में गांगुली का उपचार कर रहे 13 डॉक्टरों की टीम से मिलने के बाद कहा, गांगुली जल्द स्वस्थ हो जाएंगे क्योंकि उनका हृदय उसी तरह काम कर रहा है जैसा कि 20 साल की उम्र में करता था। डॉ. शेट्टी ने कहा, यह कोई बड़ा दिल का दौरा नहीं था। इससे उनके हृदय को कोई क्षति नहीं पहुंची है। इसका भविष्य में उनके जीवन पर कोई असर नहीं

**● जाने माने हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. देवी शेट्टी ने कहा**

पड़ेगा। वह सामान्य जीवन बिता सकते हैं। डॉ. शेट्टी ने गांगुली को समय पर हर संभव बेहतर उपचार मुहैया कराने के लिए अस्पताल के डॉक्टरों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, वह (गांगुली) बेहिचक मैराथन में भी हिस्सा ले सकते हैं, विमान उड़ा सकेंगे और अपने हर सपने, इच्छा को पूरा कर सकते हैं। अगर वह चाहें तो क्रिकेट भी खेल सकते हैं। यहां तक कि वह एक सामान्य व्यक्ति की तरह कसरत भी कर सकते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या फिर से उनकी एंजियोप्लास्टी होगी, इस पर उन्होंने कहा, उनके पास दोनों विकल्प हैं। वह दवा लेकर भी उपचार करा सकते हैं, लेकिन बेहतर होगा कि वह एंजियोप्लास्टी करा लें। यह फैसला उन्हें करना है। हमें लगता कि वह दो सप्ताह इंतजार करें और फिर कोई फैसला करें। डॉ. शेट्टी ने कहा, उन्हें सीने में दर्द की कोई शिकायत नहीं है। उन्हें सांस लेने में भी तकलीफ नहीं है। उनकी हालत स्थिर है। वह अब घर जा सकते हैं। इस बीच वुडलैंड अस्पताल की एमडी एवं सीईओ डॉ. रूपाली बसु ने कहा, गांगुली की स्थिति स्थिर और बेहतर है। पिछली रात उन्होंने अच्छी नींद ली और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत नहीं हुई। सुबह उन्होंने बात भी की। हमलोग उन्हें कल अस्पताल से छुट्टी दे देंगे।

## वाहन दुर्घटना में दंपति की मौत, दो पुत्र समेत तीन घायल

**नई टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में हाल में बने डोबरा-चांठी पुल घूमकर वापस धनोल्टी जा रहे पर्यटकों के वाहन के झील के पास खड्ड में जा गिरने से उसमें सवार एक दंपति की मृत्यु हो गई जबकि उनके दो पुत्रों समेत तीन अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना सोमवार देर रात जाख-डोबरा मोटर मार्ग पर उप्पू सिराईं गांव के पास हुई जब सवारी वाहन अनियंत्रित होकर टिहरी बांध झील की ओर खड्ड में जा गिरा। उपजिलाधिकारी सदर पीआर चौहान ने बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने बचाव अभियान चलाया। हादसे में मोनिका सिंघल (40) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके पति ,दो पुत्र तथा वाहन चालक घायल हो गए जिन्हें बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान मोनिका के पति अजय सिंघल की भी मृत्यु हो गई जबकि उनके दो पुत्रोंसूर्यांश और शौर्य तथा वाहन चालक प्रमोद पाल की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## हास्य कलाकार को जमानत देने से अदालत का इनकार

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**हास्य** कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गुजरात के स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी और एक अन्य आरोपी को जमानत देने से सत्र न्यायालय ने मंगलवार को इनकार कर दिया। दोनों आरोपियों को भाजपा की एक स्थानीय विधायक के बेटे की शिकायत पर एक जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश यतींद्र कुमार गुरु ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुजरात के जूनागढ़ से ताल्लुक रखने वाले फारुकी और हास्य कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े इंदौर निवासी नलिन यादव की जमानत अर्जियां खारिज कर दीं। फारुकी और यादव के वकील अंशुमन श्रीवास्तव ने अदालत में बहस के दौरान कहा कि प्राथमिकी में उनके दोनों मुवक्किलों के खिलाफ लगाए गए आरोप अस्पष्ट हैं और यह मामला राजनीतिक दबाव में दर्ज कराया गया है। श्रीवास्तव ने अपनी दलील में कहा कि उनके दोनों मुवक्किल कलाकार हैं और उन्होंने

**● दूसरी बार अर्जी खारिज**

शहर में नववर्ष पर आयोजित हास्य कार्यक्रम में ऐसी कोई भी टिप्पणी नहीं की गई थी जिससे किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं आहत होती हों। उधर, अभियोजन के वकील विमल मिश्रा ने फारुकी और यादव की जमानत अर्जियों पर अदालत में जोरदार आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण काल में दोनों आरोपी शहर के 56 दुकान क्षेत्र के एक कैफे में आयोजित जिस हास्य कार्यक्रम में शामिल हुए, उसके लिए प्रशासन की अनुमति नहीं ली गई थी।

अभियोजन के वकील ने प्राथमिकी के इस आरोप पर खास जोर दिया कि इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं का भद्दा मजाक उड़ाया गया था और यह कार्यक्रम अश्लीलता से भरा था, जबकि इसके दर्शकों में नाबालिग लड़के-लड़कियां भी शामिल थे। इससे पहले, जिला अदालत के एक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फारुकी और यादव समेत मामले के पांच आरोपियों की जमानत अर्जियां दो जनवरी को खारिज कर दी थीं। स्थानीय भाजपा विधायक के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने फारुकी और हास्य कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े चार अन्य लोगों के खिलाफ तुकोगंज पुलिस थाने में एक जनवरी की रात मामला दर्ज कराया था। विधायक पुत्र का आरोप है कि इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोधरा कांड को लेकर अभद्र टिप्पणियां की गई थीं।

चश्मदीदों के मुताबिक एकलव्य अपने साथियों के साथ बतौर दर्शक इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में जमकर हंगामा किया और कार्यक्रम रुकवाने के बाद फारुकी समेत पांच लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विवादास्पद कार्यक्रम को लेकर पांचों लोगों को भारतीय दंड विधान की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जान-बूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य), धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जान-बूझकर कहे गए शब्द) और अन्य सम्बद्ध प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

## नीतीश ने अखिलेश के भाजपा का टीका बयान पर जताई आपत्ति

भाषा। पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाजपा का टीका वाले बयान पर आपत्ति जताई है। कुमार ने कहा कि लगता है समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने सुर्खियां बटोरने के लिए इस तरह की टिप्पणी की। कुमार ने कहा कि बिहार सरकार टीका उपलब्ध हो जाने पर राज्य के लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए तमाम कदम उठा रही है।

अखिलेश यादव के विवादास्पद बयान के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, बोलने से खबर छपती है इसलिए कुछ लोग बोलते रहते हैं। कौन क्या बोलता है मेरी उसमें दिलचस्पी नहीं है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि पहले भाजपा नेताओं को टीके की खुराक लेनी चाहिए। बाद में अखिलेश ने स्पष्ट किया कि उन्होंने टीका बनाने वाले किसी भी वैज्ञानिक का अपमान नहीं किया है। अखिलेश ने कहा था, मैंने





किसी भी वैज्ञानिक या टीका बनाने में मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति पर सवाल नहीं खड़ा किया है। हमने सिर्फ भाजपा पर सवाल खड़ा किया है, क्योंकि इस पार्टी ने जैसे फैसले लिए हैं, उन पर जनता को भरोसा नहीं है।

कुमार ने कहा कि बिहार सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य के लोगों के टीकाकरण के लिए तैयारियां कर रही है और 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों या स्वास्थ्य क्षेत्र के कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जनता दरबार कार्याक्रम भी शुरू करने पर विचार कर रहे हैं, जिसे कुछ समय पहले बंद कर दिया गया गया था। उन्होंने कहा, जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। हम कोविड-19 की स्थिति के सुधरने का इंतजार कर रहे हैं।

## तमिलनाडु सरकार ने थाई पूषम त्योहार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया

भाषा। चेन्नई

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने मंगलवार को कहा कि भगवान मुरूगन की पूजा के लिए समर्पित त्योहार थाई पूषम के लिए उन्होंने सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आदेश दिया है। पलानीस्वामी ने कहा कि कई जिलों की उनकी यात्रा के दौरान लोगों ने उनसे थाई पूषम को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया था। साथ ही, लोगों ने यह भी कहा था कि श्रीलंका और मॉरीशस में इस अवसर पर अवकाश रहता है।

उन्होंने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, उनके अनुरोध पर विचार करते हुए, मैंने (2021 में) 28 जनवरी को थाई पूषम त्योहार को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा आने वाले वर्षों के लिए भी इसे सार्वजनिक अवकाश की सूची में शामिल करने का आदेश दिया है। तमिलनाडु, के अलावा यह त्योहार पड़ोसी राज्य केरल में भी मनाया जाता है। इसके अलावा, श्रीलंका, सिंगापुर, मलेशिया, मॉरीशस और इंडोनेशिया जैसे देशों में भी तमिल भाषी लोग यह त्योहार मनाते हैं। यह त्योहार तमिल मास थाई (14 जनवरी से 12 फरवरी के बीच) उस दिन मनाया जाता है, जब पूषम नक्षत्र पूर्णिमा के दिन पड़ता है। शैव परंपरा के मुताबिक यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। गौरतलब है कि भगवान मुरूगन की प्रशंसा में किए जाने वाले स्तुति पाठ कंद षष्ठी कवचम को पिछले साल एक समूह द्वारा विकृत किए जाने के चलते श्रद्धालुओं में रोष छा जाने और इस घटना के विरोध में भाजपा द्वारा एक यात्रा निकाले जाने के बाद तमिलनाडु सरकार ने यह घोषणा की है।

भगवा पार्टी के तमिलनाडु प्रमुख एल मुरूगन ने बार-बार यह आरोप लगाया है कि मुख्य विपक्षी पार्टी द्रमुक ने भगवान मुरूगन की प्रशंसा में किए जाने वाले स्तुति पाठ की विषय वस्तु से छेड़छाड़ करने वाले समूह करूप्पर कूटम का समर्थन किया था। कूटम एक यूट्यूब चैनल भी चलाता था, जिसे पुलिस कार्वाई के बाद ब्लॉक कर दिया गया। साथ ही, भाजपा एवं अन्य दक्षिणपंथी संगठनों की शिकायतों के बाद समूह के पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था।

## पीएफआई सदस्यों की न्यायिक हिरासत 90 दिनों के लिए बढ़ी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में दिल्ली से हाथरस पीड़िता के गांव जाने के दौरान एक्सप्रेस-वे पर पकड़े गए पोपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के चार कथित सदस्यों की न्यायिक हिरासत 90 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। उनपर देशद्रोह, साम्प्रदायिक उन्माद भड़काकर दंगा कराने के प्रयास का मामला दर्ज है। जिला शासकीय अधिवक्ता (आपराधिक मामले) शिवराम सिंह तरकर ने बताया, अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (प्रथम) अनिल कुमार पाण्डेय की अदालत में चल रहे पॉपुलर फ्रण्ट ऑफ इण्डियाकैम्पस फ्रण्ट ऑफ इण्डिया के चार सदस्यों के खिलाफ चल रहे मामले में एसटीएफ के उपाधीक्षक राकेश पालीवाल ने इस मामले में चार्जशीट पेश करने के लिए तीन माह का और समय मांगा। उन्होंने बताया, वैसे भी इस मामले में एनआइए एक्ट लागू होने के बाद कानूनन आरोपपत्र दाखिल करने के लिए जांच दल को 90 दिन के स्थान पर 180 दिन का समय दिए जाने का प्रावधान है। पालीवाल ने भी यही हवाला देकर समय मांगा था, जो अदालत ने उन्हें दे दिया है।

## भगवान राम की प्रतिमा विरूपित किए जाने पर यात्रा निकालने की कोशिश, भाजपा के कई नेता गिरफ्तार

भाषा। अमरावती (आंध्र प्रदेश)

**आंध्र** प्रदेश के रामतीर्थम स्थित एक मंदिर में पिछले हफ्ते भगवान राम की एक प्रतिमा विरूपित किए जाने के विरोध में वहां यात्रा निकालने की कोशिश करने को लेकर मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सोमू वीरराजू सहित पार्टी के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

भाजपा और जन सेना ने विजयनगरम जिले के प्रसिद्ध रामतीर्थम पहाड़ी मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा विरूपित किए जाने की 28 दिसंबर की घटना के विरोध में रामतीर्थ धर्म यात्रा की घोषणा की थी। हालांकि, पुलिस ने वीरराजू और अन्य नेताओं को रामतीर्थम जाने के लिए शुरूआत में अनुमति दे दी थी, लेकिन बाद में पुलिस अधिनियम की धारा 30 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इसे वापस ले लिया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य को निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार किया है। वहीं, भाजपा ने कहा है कि उसके कई नेताओं को विभिन्न स्थानों पर नजरबंद कर दिया गया है। रामतीर्थम इलाके में तनाव व्याप्त है। एक महिला नेता यशस्विनी के साथ पुलिस ने कथित तौर पर हाथापाई की, जिसके बाद वह गिर गई।

इस घटना को लेकर राज्य विधान परिषद सदस्य वीरराजू ने सवाल किया कि पुलिस ने वाईएसआर कांग्रेस सांसद विजय साई रेड्डी और तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को पिछले हफ्ते मंदिर जाने की अनुमति कैसे दी थी और भाजपा तथा जन सेना के नेताओं को क्यों रोका जा रहा। उधर, विशाखापत्तनम में राज्यसभा सदस्य सी एम रमेश और पूर्व मंत्री के. श्रीनिवास को पुलिस ने नगर भाजपा कार्यालय से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी। पुलिस ने उन्हें रामतीर्थम जाने से रोकने की कोशिश के तहत यह कदम उठाया। भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. लक्ष्मीनारायण और पूर्व विधायक पी विष्णुकुमार राजू को नजरबंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कई अन्य स्थानों पर भी भाजपा और जन सेना के नेताओं को रामतीर्थपुरम जाने से रोका गया है।

भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने वीरराजू और अन्य नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने एक बयान में कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के खिलाफ इस तरह की कठोर कार्वाई जगन मोहन रेड्डी सरकार की अयोग्यता को उजागर करती है। भाजपा के प्रदेश महासचिव एस विष्णुवर्धन रेड्डी ने कहा कि वे राज्य में पुलिस ज्यादती के खिलाफ केंद्र से शिकायत करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, राज्य में मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन किया जा रहा है..।

## कोविड-19: भारत में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 2.31 लाख हुई

**नई** दिल्ली। भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों में तेजी से कमी आई है और अब यह संख्या 2,31,036 रह गई है, जो अभी तक के कुल संक्रमितों का महज 2.23 फीसदी है। यह जानकारी मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। पिछले 24 घंटे में 201 लोगों की महामारी से मौत हुई। भारत में छह महीने से अधिक समय बाद एक दिन में सबसे कम 16,375 नए मामले समाने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़ कर मंगलवार को 1,03,56,844 हो गए। मंत्रालय ने कहा कि यह इसलिए संभव हो पाया कि लगातार 39 दिनों से संक्रमण के नए मामलों की तुलना में ठीक होने वाले लोगों की संख्या ज्यादा है। मंत्रालय ने कहा, पिछले 24 घंटे में 29,091 लोग ठीक हुए, वहीं भारत में संक्रमण के केवल 16,375 नए मामले आए हैं। मंत्रालय ने बताया, एक दिन में कुल सक्रिय मामलों में 12,917 की कमी आई है। भारत में संक्रमण से ठीक होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ के करीब पहुंच रही है। अभी तक ठीक हुए लोगों की संख्या 99,75,958 है। मंत्रालय ने कहा कि नए ठीक हुए 29,091 लोगों में से 82.62 फीसदी लोग दस राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के हैं।

## पेज 1 का शेष

### मुरादनगर हादसा...

प्रभावित परिवार को एक आवास उपलब्ध कराए जाने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य से सरकारी धन को हुए नुकसान की भरपाई संबंधित ठेकेदार तथा अभियंताओं से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस हादसे के अभियुक्तों के विरुद्ध एनएसए (रासुका) के तहत भी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये हैं। पुलिस को दिये गये बयान में अजय त्यागी ने बताया कि श्मशान घाट गलियारे के निर्माण में मैसर्स अजय त्यागी फर्म को 55 लाख का ठेका मिला था। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए केवल दो महीने का समय दिया गया था। प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए उसने एएस कंस्ट्रक्शन के मालिक संजय गर्ग तथा आरजी बिल्टेज प्राइवेट लिमिटेड के मालिक भानु प्रकाश गर्ग, सचिन गर्ग व विपिन गर्ग को भी शामिल कर लिया था। अजय त्यागी के बयान के आधार पर संजय गर्ग को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मुरादनगर श्मशान घाट हादसे में 24 लोगों की मौत हो गयी थी। गाजियाबाद पुलिस ने सोमवार को मुरादनगर नगर पालिका की कार्यकारी अधिकारी निहारिका सिंह, जूनियर इंजीनियर चंद्र पाल और सुपरवाइजर आशीष को गिरफ्तार किया था। ये सभी इमारत निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया में शामिल थे। ये सभी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार अजय त्यागी को मुरादनगर और निवारी पुलिस की संयुक्त टीम ने साठेड़ी गांव में गंगा नहर पुल के पास से पकड़ा। श्मशान घाट की छत गिरने का मामला सामने आने के बाद से वह फरार था। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने बताया कि इससे पहले पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर छापा मारा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वालों को 25,000 रुपये के इनाम की घोषणा की थी।

### दस दिन...

स्वास्थ्य कर्मचारियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को खुद को लाभार्थी के रूप में रजिस्टर्ड करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि उनका डेटा एक थोक डेटाबेस में पहले ही स्टोर किया गया है। राजेश भूषण ने कहा कि जब हम जनसंख्या प्राथमिकता समूह में आएंगे, तो डेटा के रजिस्ट्रेशन या एडिटिंग के प्रावधान का इस्तेमाल किया जाएगा। सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक रूप से सेशन आवंटन की अनुमति देता है। यह प्रक्रिया डिजिटल होगी। राजेश भूषण ने आगे कहा देश में कोरोना वायरस के एक्टिव मामलों की संख्या ढाई लाख से कम हो गई है और लगातार कम हो रही है। इससे स्वास्थ्य ढांचे पर बोझ काफी कम हुआ है। वहीं, पॉजिटिविटी रेट 1.97 फीसदी पर है। उन्होंने आगे कहा कि कुल एक्टिव मरीजों में 43.96 फीसदी मरीज स्वास्थ्य केंद्रों में हैं, जबकि 56.04 फीसदी मरीज घर पर इलाज करा रहे हैं। बता दें कि भारत में संक्रमण से ठीक होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ के करीब पहुंच रही है। अभी तक ठीक हुए लोगों की संख्या 99,75,958 है। नए ठीक हुए 29,091 लोगों में से 82.62 फीसदी लोग दस राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के हैं। महाराष्ट्र में एक दिन में सबसे अधिक 10,362 लोग ठीक हुए जबकि केरल में 5145 और छत्तीसगढ़ में 1349 लोग ठीक हुए हैं। नए मामलों में दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 80.05 फीसदी हिस्सेदारी है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में 4875 नए मामले आए, वहीं केरल में 3021 मामले और छत्तीसगढ़ में 1147 नए मामले आए हैं। देश के ड्रग रेगुलेटर ने ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोविशिल्ड और भारत बायोटेक के स्वदेशी रूप से विकसित कोवैक्सीन को आपातकालीन स्थिति में सीमित उपयोग की मंजूरी दी है। भूषण ने कहा कि हेल्थकेयर वर्कर्स और फ्रंटलाइन वर्कर्स को खुद को रजिस्टर करने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके डेटाबेस को को-वेन वैक्सीन डिलीवरी मैनेजमेंट सिस्टम पर बड़े पैमाने पर पॉपुलेट किया गया है। मंत्रालय ने कॉइन डिलीवरी प्रबंधन योजना को भी आगे रखा। भूषण ने कहा कि को-विन ऐप का इस्तेमाल कोई भी देश कर सकता है, जो ऐसा करना चाहता है, क्योंकि यह सिस्टम भारत और दुनिया के लिए बनाया गया है। जबकि स्वास्थ्य सेवा और फ्रंटलाइन श्रमिकों को खुद को पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं होगी। भूषण ने कहा कि जब वे जनसंख्या प्राथमिकता समूह में आएंगे, तो डेटा के पंजीकरण और संपादन का प्रावधान आएगा। भूषण ने कहा कि को-विन में एक प्रावधान होगा कि कोई व्यक्ति एक अद्वितीय स्वास्थ्य आईडी बना सकता है और वह स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डिजी लॉकर में रख सकते हैं जो मुफ्त उपलब्ध है या फोन में मौजूद है।

## मंत्रिमंडल की बैठक में ओबीसी उपवर्गीकरण संबंधी आयोग के कार्यकाल में विस्तार पर हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उपवर्गीकरण संबंधी आयोग के कार्यकाल को बढ़ाए जाने को लेकर चर्चा कर सकता है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले वर्ष जून में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ओबीसी के उपवर्गीकरण के मुद्दे की जांच के लिए आयोग के कार्यकाल को छह महीने यानी 31 जनवरी 2021 तक बढ़ाए जाने को मंजूरी दी गई थी। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को निर्धारित मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग के कार्यकाल को बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। इस आयोग का संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत दो अक्टूबर, 2017 को गठन किया गया था। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जी. रोहिणी की अध्यक्षता में आयोग ने अक्टूबर, 2017 में कार्य शुरू किया था। आयोग अन्य पिछड़े वर्गों का उप-वर्गीकरण करने वाले सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोगों के साथ विचार-विमर्श कर रहा है।

## शिवालिक अभयारण्य को लेकर उत्तराखंड हाइकोर्ट से केंद्र, राज्य को नोटिस

भाषा। नैनीताल

**उत्तराखंड** उच्च न्यायालय ने प्रदेश में हाथियों के लिए एकमात्र अभयारण्यशिवालिक हाथी अभयारण्य की अधिसूचना को निरस्त किए जाने के निर्णय को लेकर केंद्र, राज्य सरकार और राज्य वन्यजीव बोर्ड को नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने सोमवार को ए नोटिस जारी करते हुए प्रतिवादियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। करीब 80 पर्यावरणविदों ने उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर दावा किया था कि उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड ने जौलीग्रांट हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 24 नवंबर, 2020 को शिवालिक हाथी अभयारण्य की अधिसूचना निरस्त करने का फैसला लिया। इस पत्र को जनहित याचिका के तौर पर लेते हुए उच्च न्यायालय में सुनवाई की गई। उत्तराखंड के कुमांउ और गढ़वाल दोनों क्षेत्रों में 5400 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले शिवालिक हाथी अभयारण्य को 2002 में एक सरकारी आदेश के जरिए अधिसूचित किया गया था। वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि शिवालिक हाथी अभयारण्य की अधिसूचना रद्द करने से जौलीग्रांट हवाई अड्डे के विस्तार सहित क्षेत्र में विकास गतिविधियों में बढ़ोत्तरी का रास्ता खुल जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे प्रदेश भर में करीब एक दर्जन वन प्रभागों में विकास कार्यों के लिए जमीन अधिग्रहण में सहूलियत हो जाएगी।

## अभिषेक एआईएफएफ के पहले उप महासचिव

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्ट्राइकर अभिषेक यादव को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का पहला उप महासचिव नियुक्त किया गया है। ऐसे उदाहरण हालांकि कम ही मिलते है जब भारतीय टीम के किसी पूर्व खिलाड़ी को खेल के राष्ट्रीय महासंघ में एक उच्च पद पर नियुक्त किया जाए। इस 40 साल के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने बाईचुंग भूटिया, सुनील छेत्री, महेश गवली और क्लाइमेक्स लॉरेंस जैसे दिग्गजो के साथ राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2018 से राष्ट्रीय टीम के निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## बजरंग पूनिया के अमेरिका में शिविर की समयसीमा एक महीने बढ़ाने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की तैयारियो में लगे पहलवान बजरंग पूनिया का अमेरिका में अभ्यास के समय को एक महीने बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है और अब उनका अभ्यास शिविर फरवरी के पहले सप्ताह तक चलेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूनिया ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में तोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई कर रखा है। वह मिशीगन के क्लिफ कीन कुश्ती क्लब में चार दिसंबर से अभ्यास कर रहे है।

## साउथम्पटन ने लिवरपूल को 1–0 से हराया

**साउथम्पटन।** साउथम्पटन ने डैनी इंगिस के दूसरे मिनट में किए गए गोल के दम पर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में शीर्ष पर काबिज लिवरपूल को रविवार को यहां 1-0 से हराया। इस जीत से साउथम्पटन के कोच राल्फ हसेनहेटल भावुक हो गए और अपने आंसू नही रोक पाए। लिवरपूल के पूर्व खिलाड़ी इंगिस ने दूसरे मिनट में साउथम्पटन को बढ़त दिला दी जो आखिर में निर्णायक साबित हुई। लिवरपूल पिछले तीन मैचों में जीत दर्ज नही कर पाया है। उसके अब 17 मैचों में 33 अंक है और वह अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाईटेड से केवल गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है। यूनाईटेड ने हालांकि लिवरपूल से एक मैच कम खेला है। साउथम्पटन के अब 17 मैचों में 29 अंक हो गए है और वह छठे स्थान पर पहुंच गया है।

## ग्रेग हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओलंपियन ग्रेग क्लार्क को तोक्यो ओलंपिक खेलो तक भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नया विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। क्लार्क इस महीने राष्ट्रीय शिविर में टीम से जुड़ेंगे। वह इससे पहले 2013-14 में भारतीय जूनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके है। तब भारतीय टीम ने सुल्तान जोहोर कप जीता था और नई दिल्ली में 2013 में एफआईएच जूनियर विश्व कप में भाग लिया था। वह 2017 से 2020 तक कनाडा की पुरुष टीम के सहायक कोच रहे थे।

# रोहित तीसरे टेस्ट में ले सकते है मयंक की जगह

## ● शारदुल और सैनी में फंसा पेंच

भाषा। सिडनी




भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए गुरुवार को जब मैदान में उतरेगी तो सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित शर्मा का मयंक अग्रवाल की जगह टीम में शामिल होना लगभग पक्का है जबकि चोटिल उमेश यादव की जगह तीसरे तेज गेंदबाज के लिए, शारदुल ठाकुर और नवदीप सैनी में किसी एक का चयन होगा। अग्रवाल पिछली आठ टेस्ट पारियों में से सात में बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे हैं जिससे टीम प्रबंधन को उनकी जगह रोहित को शामिल करने में ज्यादा परेशानी नहीं होगी। टीम प्रबंधन में हालांकि सैनी और शारदुल में से किसी एक के नाम पर सहमति नहीं बनी है। कुछ दिन पहले तक मुंबई के तेज गेंदबाज और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज शारदुल ठाकुर इसके लिए पहली पसंद बन कर उभरे थे लेकिन यह पता चला है कि कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों का मानना है कि के सबसे तेज गेंदबाज सैनी अपनी गति से ऑस्ट्रेलियाई टीम को परेशान कर सकते हैं। भारतीय टीम ने दिन में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नेट सत्र में अभ्यास किया जहां सभी की निगाहें रोहित शर्मा पर थीं। वह तेज गेंदबाजी और स्पिन दोनों के खिलाफ काफी सहज दिखे। तीसरे तेज गेंदबाज को लेकर फैसला करने में इसलिए भी देर हो रही है क्योंकि खराब मौसम के कारण मंगलवार को मुख्य पिच को ढक कर रखा गया था। बुधवार को पिच और परिस्थितियां देखने के बाद शायद टीम को फैसला करने में आसानी हो। अगर आकाश में बादल छाए रहे और पिच में नमी रही तो ठाकुर के चुने जाने की संभावना बढ़ेगी। पिच अगर सपाट हुई तो सैनी को मौका मिल सकता है। वह तेज गति से गेंदबाजी करने के साथ पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग हासिल करने में भी सक्षम है। ऐसी स्थिति में टेस्ट में यह सैनी का पदार्पण हो सकता है। शारदुल (अंतिम 11 में चुने जाने पर) के लिए भी यह पदार्पण मैच जैसा ही होगा। दो साल पहले आधिकारिक तौर पर उन्होंने जब पदार्पण किया था तब वह अपना पहला ओवर पूरा करने से पहले ही चोटिल हो गए थे। तेज गेंदबाजी के लिए भारत के पास टी नटराजन के रूप में एक और विकल्प है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के लिए पिछले चार महीन शानदार रहे हैं। सोमवार को उन्होंने टेस्ट टीम की जर्सी में अपनी फोटो भी ट्वीट की। नटराजन को प्रथम श्रेणी के 20 मैचों का अनुभव है जहां उन्होंने लंबे प्रारूप (रणजी ट्राफी) में पिछले साल जनवरी में अपना आखिरी मैच खेला था। भारत की संभावित टीम (12 खिलाड़ियों में से): रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), हनुमा विहारी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, नवदीप सैनी।

### सैनी की अतिरिक्त गति उसे एससीजी पर बेहतर विकल्प बनाती है : नेहरा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा का मानना है कि अतिरिक्त गति और उछाल हासिल करने की क्षमता नवदीप सैनी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में तीसरे तेज गेंदबाज के स्थान के लिए पहली पसंद बना सकती है। शारदुल ठाकुर और टी नटराजन भी अंतिम एकादश में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं लेकिन बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज नेहरा का मानना है कि अगर क्रिकेट के तर्क के अनुसार चलें तो गुरुवार से शुरू हो रहे सिडनी टेस्ट में सैनी का चयन होना चाहिए। नेहरा ने कहा, अगर आप टीम के संयोजन को देखें, सैनी पहली पसंद है और शारदुल तथा नटराजन दोनो मोहम्मद शमी और उमेश यादव के विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किए गए है। इसलिए अगर टेस्ट टीम के शुरुआती चयन में अगर सैनी उनसे आगे था तो मुझे कोई कारण नजर नही आता कि अब वह पिछड़ जाएगा।

### क्लाई में मोच से राहुल टेस्ट श्रृंखला से बाहर



**सिडनी।** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल मेलबर्न में अभ्यास के दौरान कलाई मे चोट लगने के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राहुल वर्तमान श्रृंखला के पहले दो मैचो मे नही खेले थे। चार मैचो की श्रृंखला का तीसरा मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर गुरुवार से खेला जाएगा। बीसीसीआई ने बयान मे कहा, एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड) पर शनिवार को भारतीय टीम के अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल की बाईं कलाई मे मोच आ गई। इसमें कहा गया है, यह विकेटकीपर बल्लेबाज बोर्डर-गावस्कर ट्राफी के बाकी बचे दो मैचो के लिए उपलब्ध नही रहेगा क्योंकि उन्हे फिर से पूरी फिटनेस हासिल करने के लिए लगभग तीन सप्ताह का समय चाहिए। पता चला है कि यह बल्लेबाज नेट्स पर तीन थ्रोडाउन विशेषज्ञों में से एक का सामना कर रहा था और इसी दौरान उनकी कलाई मे मोच आ गई जिसके बाद उन्होंने आगे अभ्यास नही किया। राहुल ने अभी तक 36 टेस्ट मैच खेले है। विराट कोहली ने टेस्ट श्रृंखला के शुरू मे कहा था कि राहुल को मध्यक्रम के उतारा जा सकता है लेकिन उन्हे पहले दो मैचो मे मौका नही मिला। राहुल टीम के साथ सिडनी पहुंचने के बाद मंगलवार को भारत के लिए रवाना हो गए। वह अब रिहैबिलिटेशन के लिए बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी मे जाएंगे। इस चोट के कारण उनका इंग्लैंड के खिलाफ पांच फरवरी से शुरू होने वाली चार मैचों की घरेलू श्रृंखला के शुरुआती मैचों में खेलना भी संदिग्ध है। राहुल के बाहर होने का मतलब है कि मयंक अग्रवाल या हनुमा विहारी में से किसी एक की अंतिम एकादश मे जगह बनी रहेगी। यह उप कप्तान रोहित शर्मा के बल्लेबाजी क्रम पर निर्भर करेगा। विहार और अग्रवाल पिछले कुछ समय से अच्छी फार्म मे नही चल रहे है। रोहित अगर पारी का आगाज करते है तो फिर अग्रवाल को बाहर बैठना पड़ सकता है।

## साइना ने अभ्यास के लिए ट्रेनर एवं फिजियो से नहीं मिलने देने की शिकायत की



**बैंकॉक।** भारतीय खिलाड़ी साइना नेहवाल ने थाईलैंड में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों से पहले कई प्रतिबंधों के साथ प्रशिक्षकों (ट्रेनर) और फिजियो से मिलने की अनुमति नहीं देने पर मंगलवार को विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की आलोचना करते हुए इन मुद्दों का जल्द से जल्द हल निकालने का आग्रह किया लंदन ओलंपिक (2012) की कांस्य पदक विजेता ने बीडब्ल्यूएफ द्वारा कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत लगाए गए प्रतिबंधों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कई ट्वीट किए। साइना ने ट्वीट किया, जांच में सभी के नेगेटिव आने के बाद भी फिजियो और प्रशिक्षक हम से नहीं मिल सकते? हम चार सप्ताह तक खुद को फिट कैसे रखेंगे। हम बेहतर स्थिति में टूर्नामेंट खेलना चहते हैं। कृपया इसका हल निकालें। तोक्यो ओलंपिक के क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए साइना के पास मार्च तक का समय है, ऐसे में वह इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उचित प्रशिक्षण की कमी से उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है।


**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that, I Ram Chand Nassa S/o Late Sh. Dharam Chand Nassa, R/o S.C.O No3,Sector-7Exten,Huda Market, Gurgaon, Haryana - 122001 am owner and in physical possession of DDA LIG Flat No,160 Third Floor, Sector – A-10 Pocket -2 GRP Narela, Delhi-110040. The Original Allotment-cum-Demand Letter, REGN No.39937, Property No.44204, File No L-339 (2362) 2005NPRS/NA Demand Letter No 51938, DRAW DATE- 01-07/2005 document has been lost/misplaced .An F.I.R. to this effect has been lodged Police Station vide LR NO 10005/2021 Dated 05/01/2021. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Ph. 9868172482 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this Flat can personally inform or write to Dy. Director LIG(H),D-Block,IInd Floor,Vikas Sadan, INA, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that, I Rajan Kapila S/o Dev Parkash Kapila R/o Flat No 7/1,Block –O,Multi Storey Flats,Sector-13,R.K. Puram,New Delhi-110022, is the Allottee/Mutatee of DDA MIG Flat No.85-C On Second Floor,Pocket-U&V Situated Shalimar Bagh,Delhi,vide file no M. 15(413)1983/GEN/SB applied for conversion of the aforesaid property from leasehold to freehold in DDA.Original Demand-Cum Allotment Letter, Possession Letter, NOC for water and Electricity Connection and Possession Slip of the above said flat have been lost/ misplaced. An F.I.R. to this effect has been lodged. Police Station, Vide NO 11385/2021 Dt 05.01.2021. Any person claiming any right, interest, having any objection may write/contact with above named person at above address/Ph 9910556220 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this Flat can personally inform or write to Dy. Director (LAB)H/MIG or Asst, Director (LAB) ,D-Block, Third Floor, Vikas Sadan, INA,New Delhi


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (चित्र में दर्शाई गई), जिसका नामः रेखा महतो, पत्नीः राजेश महतो, पताः श्याम दत्त शर्मा का मकान, चिल्ला गांव, दिल्ली, स्थायी पताः ग्राम, पोस्ट एवं थाना गुसाई गांव, जिला कोकराझार, असम, उम्र 27 वर्ष, जो दिनांक 20.12.2020 से चिल्ला गांव, दिल्ली से गुम है। इस बाबत DD No. 100-A, दिनांक 21.12.2020 से थाना मयूर विहार, दिल्ली में दर्ज है। महिला का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार हैः

रेखा महतो

कदः 4' फीट, रंगः गेहुंआ, चेहराः लंबोतरा, शरीरः मध्यम, पहनावाः भूरे रंग की जैकेट, सुनहरे रंग का सूट–सलवार और पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना थाना मयूर विहार, दिल्ली को ई–मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बर: 011-24368638 or 24368641 पर दें।

थानाध्यक्ष
थाना मयूर विहार, दिल्ली

DP/322/ED/2020. फोनः 011-22710335, 22711048, 8750870626


## दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराया

**जोहानिसबर्ग।** लुंगी एनगिडी और लुथो सिपामला की धारदार गेंदबाजी से श्रीलंका को दूसरी पारी में 211 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन लंच के बाद 10 विकेट से जीत हासिल करके दो मैचों की श्रृंखला 2–0 से अपने नाम कर ली। श्रीलंका के 67 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने ऐडन मार्कराम (नाबाद 36) और डीन एल्गर (नाबाद 31) की पारियों की बदौलत 13.2 ओवर में बिना विकेट खोए 67 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले एनगिडी ने 44 रन देकर चार जबकि सिपामला ने 40 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे कप्तान दिमुथ करूणारत्ने (103) के शतक के बावजूद टीम 56.5 ओवर में सिमट गई। श्रीलंका की टीम ने पहली पारी में 157 रन बनाए थे जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 302 रन बनाकर 145 रन की बढ़त हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट भी पारी और 45 रन से जीता था। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है और दक्षिण अफ्रीका ने पूरे 120 अंक हासिल किए। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 150 रन से की।

# वार्नर तीसरे टेस्ट में खेल सकते हैं

## पुकोवस्की भी पदार्पण के लिए तैयार : लैंगर

भाषा। सिडनी



आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को योद्धा करार देते हुए कहा कि उन्होंने फिटनेस हासिल करने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास किए और वह भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में खेल सकते हैं। लैंगर ने इसके साथ ही कहा कि युवा बल्लेबाज विल पुकोवस्की भी गुरुवार से शुरू होने वाले मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। वार्नर और पुकोवस्की पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। वार्नर जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान थे जबकि पुकोवस्की पूर्व में सिर में लगी हल्की चोट से जुड़ी परेशानियों के कारण बाहर थे। लैंगर ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि डेविड (वार्नर) तीसरे टेस्ट मैच के लिए तैयार रहेगा। वह योद्धा है। मैं पहले दिन से कह रहा हूं कि वह मैच फिट होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रहा है। उसको चलने में कोई दिक्कत नहीं है। वह खेलने के लिए प्रतिबद्ध है। उसे प्रतिस्पर्धा प्यारी है और उसे क्रिकेट खेलना पसंद है। हम शाम को उसके अभ्यास पर गौर करेंगे और उस पर चर्चा करेंगे। लेकिन उसके टेस्ट मैच में खेलने की पूरी संभावना है। लैंगर ने इसके साथ ही कहा कि 22 वर्षीय पुकोवस्की को खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान उनके सिर में हल्की चोट लग गई थी। मुख्य कोच ने कहा, उन्हें चिकित्सकों ने फिट घोषित कर दिया है और यह उसके, उसके परिवार और हमें शामिल हर व्यक्ति के लिए बहुत अच्छी खबर है। वार्नर ने लगभग पिछले एक साल से चार दिवसीय मैच नहीं खेले हैं लेकिन लैंगर ने कहा कि यह चिंता का विषय नहीं है क्योंकि इस सलामी बल्लेबाज का अपार अनुभव उन्हें उन्हें बिना किसी परेशानी के लंबे प्रारूप में खेलने में मदद करेगा। उसने हाल में स्टीव स्मिथ की तरह सीमित ओवरों की काफी क्रिकेट खेली। डेवी (वार्नर) लगभग 12 महीनों से लंबे प्रारूप में नहीं खेला है लेकिन उसने काफी क्रिकेट खेली है और उसका अनुभव उसे मदद करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

### लैंगर ने भारत के प्रदर्शन की प्रशंसा की

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने मंगलवार को कहा कि भारतीय टीम ने अब तक विशेषकर गेंदबाजी विभाग मे बेहद अनुशासित प्रदर्शन किया है और साथ ही विश्वास जताया कि उनकी टीम गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पूर्व बल्लेबाजी की अपनी कमजोरियों को दूर करने में सफल रहेगी। लैंगर से वर्तमान श्रृंखला मे आस्ट्रेलिया के कम स्कोर पर आउट होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसके कई कारण बताए जिनमे भारतीयों की सटीक और घातक गेंदबाजी प्रमुख है। लैंगर ने कहा, पिछली दो श्रृंखलाओं मे उनका सबसे मजबूत पक्ष अनुशासन रहा है। वे (भारतीय) बेहद अनुशासित रहे हैं।


**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, **Santosh Bhalla** W/o Late Banarsi Das Bhalla & D/o Late Haveli Ram Soni, R/o CC-88/B, Shalimar Bagh, Delhi-88, owner of **Flat No. CC-88/B, Shalimar Bagh, Delhi-110088**, has applied for conversion of the aforesaid property from lease hold to free hold in **DDA**. The original documents i.e. allotment letter, possession letter, property tax, NOC from **DDA**, electricity and water bills etc. of the above property have been lost. An fir to this effect has been lodged vide LR No. **690228/2020** DT. **27/10/2020**, in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address /phone no. **9810474537** within 15 days from the date of publication of this notice. the person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to Deputy Director, DDA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Rajender Singh S/o. Shri Budh Ram, R/o. Flat No. 3-E, DDA, LIG Flat, Second Floor, Pocket-JC, G-8 Area, Rajouri Garden, New Delhi-110064 Contact: 9911171679 Email: singhraj7479@gmail.com, Allottee/purchase of Flat No. 3-E,DDA, LIG Flat, Second Floor, Pocket-JC, G-8 Area, Rajouri Garden, New Delhi-110064, has applied for the conversion of aforesaid property Demand Letter, Possession Letter, Site Possession Slip, NOC for Water and Electricity etc. of the aforesaid property have been lost. An FIR to this effect has been lodged in police station date 30.12. 2020. Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address with in 15 days from the date of publication of this notice and can personally contact Deputy Director (LAB) Rohini , C block 3rd floor, New Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

फॉर्म नंबर URC–2

अधिनियम के अध्याय XXI के भाग 1 के तहत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) और कंपनियों के नियम 4 (1) के तहत (पंजीकृत करने के लिए अधिकृत) नियम, 2014]

1. सूचना दी जाती है कंपनी द्वारा अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप–धारा (2) के अनुसरण में नोटिस दिया गया है, इसके पंद्रह दिनों के बाद एक आवेदन किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी) में रजिस्ट्रार को तीस दिनों की समाप्ति से पहले XPANZ Enery Solution LLP, LLP कंपनीज के अधिनियम, 2013 के अध्याय XXI के भाग 'I' के तहत पंजीकृत हो सकते हैं, शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में।
2. कंपनी की प्रमुख वस्तुएँ इस प्रकार हैः "संकल्पना से आयोग तक सभी प्रकार की ऊर्जा समाधानों के क्षेत्र में बहु–विषयक इकाई के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए। इकाई सभी प्रकार के सौर ऊर्जा समाधान प्रदान कर रही है।"
3. ड्राफ्ट ज्ञापन की एक प्रति और प्रस्तावित कंपनी के एसोसिएशन अक्षफ आर्टिकल्स का कार्यालय 14,JOP PLAZA, IIIrd FLOOR, SECTOR&18, NOIDA, UP–201301 में कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है।
4. सूचना यहाँ दी गई है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (CRC), भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान (IICA) में रजिस्ट्रार को लिखित रूप में अपनी आपत्ति को सूचित कर सकता है, प्लॉट नंबर 6,7, 8 सेक्टर –5 IMT मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड –122050, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर, इसके पंजीकृत कार्यालय में LLP को एक प्रति के साथ।

दिनांक 06.01.2021

आवेदकः
1.आकाश मलिक
2.अर्चना मलिक

**मिडाज इन्फ्रा ट्रेड लिमिटेड**

सीआईएन : एल65910डीएल1994पीएलसी062379

पंजी. कार्यालय : 301, 2633–2634, बैंक स्ट्रीट, करोल बाग, नई दिल्ली–11005

फोन : 011–42633934, ई–मेल आईडी – midasinfratrade@gmail.com, वेबसाइट : www.mitl.org.in

सूचना

(क) वार्षिक सामान्य बैठक

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 26वीं वार्षिक सामान्य बैठक शनिवार, 30 जनवरी, 2021 को अप. 04.00 बजे 2633–2634, बैंक स्ट्रीट, करोल बाग, नई दिल्ली–11005 में आयोजित की जाएगी ("बैठक")।

वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु वार्षिक रिपोर्ट बैठक आयोजन की सूचना सहित सदस्यों को डाक/कुरियर द्वारा उनके पंजीकृत पते पर भेजी जा चुकी है और उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक विधि से भेजी जा चुकी है जो अपना ई–मेल पता डिपॉजिटरीज/कम्पनी के पास पंजीबद्ध करवा चुके हैं।

उक्त वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट (www.mitl.org.in) पर उपलब्ध है तथा निरीक्षण के लिए कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में भी प्रत्येक कार्यदिवस को कार्य समय के दौरान, बैठक की तिथि तक उपलब्ध है।

कम्पनी इसके सदस्यों को बैठक में पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित प्रस्तावों पर उनके मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा करने की सुविधा प्रदान कर रही है ("ई–वोटिंग")। सदस्यगण अपना वोट बैठक के स्थान से इतर किसी अन्य स्थान से डाल सकते हैं ("रिमोट ई–वोटिंग")। कम्पनी ने ई–वोटिंग प्रदान करने के लिए नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं बतौर एजेन्सी अनुबंधित की हैं।

रिमोट ई–वोटिंग संबंधी सूचना, जिसमें अन्य के साथ यूजर आईडी तथा पासवर्ड बैठक के आयोजन की सूचना की प्रति सहित दिए गए हैं, सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है।

बैठक की सूचना तथा ई–वोटिंग हेतु सूचना का प्रारूप कम्पनी की वेबसाइट : www.mitl.org.in तथा एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com/ पर उपलब्ध है। रिमोट ई–वोटिंग सुविधा बुधवार, 27 जनवरी, 2021 को पूर्वा. 09.00 बजे आरंभ होगी तथा शुक्रवार, 29 जनवरी, 2021 को अप. 05.00 बजे समाप्त होगी। उपरोक्त तिथि और समय के पश्चात रिमोट ई–वोटिंग सुविधा की अनुमति नहीं होगी।

कोई व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों/लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में शुक्रवार, 16 अक्टूबर, 2022 को दर्ज मौजूद होगा, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग/बैठक में वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा। कोई व्यक्ति, जो बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट–ऑफ तिथि को शेयरधारक है, वह evoting@nsdl.com.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया बैठक की सूचना में भी दी गई है, जो कम्पनी की वेबसाइट तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यदि सदस्य ई–वोटिंग के लिए पहले ही से एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वह मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के लिए कर सकता है। सदस्यगण जो रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके होंगे, वे भी बैठक में शामिल हो सकते हैं, परंतु अपना वोट दोबारा डालने के हकदार नहीं होंगे।

(ख) बही बंदी

कम्पनी के सदस्यों की पंजिका और शेयर अंतरण बहियां शुक्रवार, 22 जनवरी, 2021 से शुक्रवार, 29 जनवरी, 2021 तक (दोनों तिथियां शामिल हैं) बंद रहेंगी।

मिडाज इन्फ्रा ट्रेड लिमिटेड के निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
हस्ता./–
रजनीश चोपड़ा
प्रबंध निदेशक

स्थान : दिल्ली
तिथि : 04–01–2021


## रुपया 15 पैसे गिरकर 73.17 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की वजह से निवेशकों में जोखिम उठाने की क्षमता प्रभावित हुई और यूरोप में लॉकडाउन के कारण अधिकांश एशियाई मुद्राओं के अनुरूप अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया भी अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 15 पैसे की गिरावट दर्शाता 73.17 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों के निर्बाध निवेश जारी रहने तथा विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने से रुपए की गिरावट पर कुछ अंकुश लग गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.02 प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित रुख के साथ खुला। यह कारोबार के दौरान 73.27 प्रति डॉलर के निम्नस्तर तथा 73.02 प्रति डॉलर के उच्चस्तर स्तर तक भी गया।

## बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकार्ड 192.87 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण मंगलवार को उछलकर 192.87 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। शेयर बाजार में लगातार तेजी से कंपनियों का बाजार मूल्यांकन बढ़ा है। शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार 10वें कारोबारी सत्र में तेजी रही। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 2,883.82 अंक यानी 6.33 प्रतिशत उछलकर मंगलवार को 48,437.78 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 10 कारोबारी सत्रों में 14,08,195.89 करोड़ रुपए उछलकर रिकार्ड I,92,87,518.94 करोड़ रुपए (2,600 अरब डॉलर) पर पहुंच गया। देश में कोविड–19 के दो टीकों को मंजूरी मिलने के बाद से निवेशकों में भरोसा बढ़ा है जिसका असर बाजार पर पड़ रहा है।

## कोविड वैक्सीन की मंजूरी से स्वास्थ्य, आर्थिक मोर्चे पर उम्मीदें बढ़ीं: वित्त मंत्रालय रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक रिपोर्ट में कहा है कि कोविड–19 वैक्सीन की मंजूरी से स्वास्थ्य और आर्थिक मोर्चे पर आशावाद को बल मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, त्योहारी मौसम और सर्दियों के मौसम की शुरुआत के बावजूद कोविड–19 के प्रभावी प्रबंधन, उच्च आवृत्ति संकेतकों में लगातार सुधार और वी–आकार के उभार के साथ ही लॉकडाउन के प्रतिबंधों में ढील दिए जाने से भारतीय अर्थव्यवस्था कोरोना वायरस महामारी का मुकाबला कर सकी। नए साल की शुरुआत लंबे समय से प्रतीक्षित कोविड–19 वैक्सीन की मंजूरी और विभिन्न देशों में टीकाकरण की शुरुआत के साथ हुई। वित्त मंत्रालय की दिसंबर की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया, दुनिया भर में मामलों में बढ़ोतरी और नए स्ट्रेन की आशंका के बावजूद इससे स्वास्थ्य और आर्थिक मोर्चे, दोनों पर आशावाद को बल मिला। भारत में साप्ताहिक और दैनिक संक्रमण के मामलों में कमी आई है और वह कोविड की गति को झुकाने में सफल रहा है।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

मैं राधा देवी उर्फ़ राधिका देवी पत्नी श्री प्रेम सिंह निवासी ऐ30 बी गली नंबर 8 वेस्ट विनोद नगर दिल्ली 92, यह दोनों नाम मेरे ही है और भविष्य में सभी दस्तावेज़ों में मुझे राधिका देवी के नाम से जाना जाए।

PD(8866)A


# एक राष्ट्र- एक गैस ग्रिड पर काम कर रही सरकार : मोदी

## ● देश में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी होगी दुगुनी

भाषा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऊर्जा क्षेत्र को लेकर अपनी सरकार का खाका देश के समक्ष रखते हुए कहा कि ऊर्जा उपभोग में स्वच्छ प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को दोगुने से अधिक किया जाएगा और पूरे देश को एक गैस पाइपलाइन ग्रिड से जोड़ा जाएगा ताकि लोगों और उद्योगों को किफायती ईंधन मुहैया कराया जा सके। प्रधानमंत्री ने 450 किलोमीटर लंबी कोच्चि–मंगलुरू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि उनकी सरकार आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राजमार्ग, रेलवे, मेट्रो, विमानन, जल, डिजिटल और गैस संपर्क पर अभूतपूर्व काम कर रही है। इस पाइपलाइन को तीन हजार करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। एक तरफ पांच–छह साल में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के नेटवर्क को दोगुना कर करीब 32 हजार किलोमीटर का बनाया जा रहा है, दूसरी ओर गुजरात में सौर व पवन ऊर्जा को मिलाकर दुनिया के सबसे बड़े हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा संयंत्र पर काम चल रहा है। इनके अलावा आवागमन के इलेक्ट्रिक साधनों के साथ ही जैव ईंधन के विनिर्माण पर जोर दिया जा रहा है। उपाय देश को प्रदूषण फैलाने वाले कोयला तथा तरल ईंधनों पर उच्च निर्भरता कम करने में मदद करेंगे। अभी देश की कुल ऊर्जा जरूरत में 58 प्रतिशत की पूर्ति कोयले से होती है, जबकि पेट्रोलियम व अन्य तरल ईंधन 26 प्रतिशत योगदान देते हैं। देश में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न ऊर्जा संसाधनों में प्राकृतिक गैस की महज छह प्रतिशत और अक्षय ऊर्जा की दो प्रतिशत से भी कम हिस्सेदारी है। ऊर्जा संसाधनों में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी अभी के 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक 15 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। यह अपेक्षाकृत स्वच्छ विकल्प है और इसे पाइपलाइन से ढोया जा सकता है, जिससे वाहनों के माध्यम से होने वाली ढुलाई में खर्च होने वाले ईंधन की बचत में भी मदद मिलेगी।

## एपीडा ने मांस निर्यात नियमावली से हलाल शब्द हटाया

**नई दिल्ली।** कृषि निर्यात से संबंधित संस्था एपीडा ने अपनी रेड मीट नियमावली से हलाल शब्द को हटा दिया है और यह स्पष्ट किया है कि निर्यात के उद्देश्य से जानवरों का वध आयातक देश या खरीदार की मांस संबंधी जरूरत के अनुसार किया गया है। इस कदम का दक्षिणपंथी संगठनों ने स्वागत किया है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा जारी संशोधित रेड मीट नियमावली में लिखा है, जानवरों का वध देशा आयातक की जरूरत के अनुसार किया गया है।

# बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स, निफ्टी नई ऊंचाईयों पर

## ● लगातार दसवें दिन तेजी

भाषा। मुंबई

शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दसवें दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक उछलकर नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। वित्तीय और आईटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार में तेजी रही।कारोबारियों के अनुसार निरंतर विदेशी पूंजी प्रवाह से बाजार को समर्थन मिला। हालांकि, रुपए की विनिमय दर में गिरावट से तेजी पर कुछ अंकुश लगा। कारोबार की शुरुआत में नकारात्मक रुख रहने के बावजूद 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरूआती गिरावट से उबरते हुए अंत में 260.98 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की चढ़कर 48,437.78 अंक नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 48,486.24 अंक के उच्चस्तर तक गया। सेंसेक्स सात कारोबारी सत्रों में रिकार्ड स्तर पर रहा है।


ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर– 23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005

**सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी**

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :–

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | चंदर (कर्जदार), तेजपाल (सह कर्जदार) LBDEL00002384207 | फ्लैट नंबर– 54, तिसरी मंजिल, सेक्टर –34, पॉकेट –2, ब्लॉक– ई3, एलआईजी रोहिणी दिल्ली 110085. क्षेत्र– 345 वर्ग फीट। | रू. 15,91, 148/- (दिसम्बर 08, 2020 तक) | रू. 13,46, 000/- <br> रू. 1,34,600/- | जनवरी 30, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | फरवरी 05, 2021 दो. 12:00 बजे से |
| 2. | बामदेव मिश्रा (कर्जदार), श्रद्धा मिश्रा (सह कर्जदार) LBNOD00002385629 | फ्लैट नंबर 17, ब्लॉक बी 5, चौथी मंजिल, डीडीए, सेक्टर –34, पॉकेट –2, रोहिणी एलआईजी दिल्ली दिल्ली 110085 क्षेत्र– 345 वर्ग फीट। | रू. 15,04, 312/- (दिसम्बर 08, 2020 तक) | रू. 13,46,000/- <br> रू. 1,34,600/-- | जनवरी 30, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | फरवरी 05, 2021 दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **फरवरी 04, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर– 23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक– **फरवरी 04, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 08, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **फरवरी 04, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8584874809/8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : जनवरी 06, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने तोड़े गए मंदिर के पुनर्निर्माण के आदेश दिए

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को इवैक्यू प्रॉपर्टी ट्रस्ट बोर्ड (ईपीटीबी) को आदेश दिया कि एक सदी से अधिक पुराने उस हिंदू मंदिर का पुनर्निर्माण प्रारंभ करें, जिसे पिछले हफ्ते खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भीड़ ने तोड़ दिया था और उसमें आग लगा दी थी। न्यायालय ने कहा कि इस हमले से देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। डॉन अखबार ने खबर दी कि उच्चतम न्यायालय ने हमले का संज्ञान लिया था और स्थानीय अधिकारियों को पांच जनवरी को अदालत में पेश होने के आदेश दिए थे। न्यायालय ने बोर्ड को निर्देश दिया कि पाकिस्तान में ऐसे सभी मंदिरों एवं गुरुद्वारों का ब्यौरा अदालत को सौंपे जो चालू या बंद हैं।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले के टेरी गांव में बुधवार को मंदिर पर कट्टरपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पार्टी (फजल उर रहमान समूह) के सदस्यों द्वारा हमले की मानवाधिकार समूहों एवं अल्पसंख्यक हिंदू नेताओं ने कड़ी निंदा की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश गुलजार अहमद की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने ईपीटीबी को निर्देश दिया कि देश भर के मंदिरों में अतिक्रमण को हटाएं और अतिक्रमण में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई करें।

न्यायमूर्ति अहमद ने कहा कि करक की घटना ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा किया है। ईपीटीबी एक स्वायत्तशासी बोर्ड है जो विभाजन के बाद भारत चले गए हिंदुओं और सिखों की धार्मिक संपत्तियों और मंदिरों एवं गुरुद्वारों का प्रबंधन करता है। सुनवाई के दौरान खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव, पुलिस प्रमुख और अल्पसंख्यक अधिकारों के आयोग के प्रमुख डॉ. शोएब सडल भी मौजूद थे। अखबार ने लिखा कि सडल ने करक जिले में मंदिर का दौरा किया और मामले में विस्तृत रिपोर्ट सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सौंपी। उन्होंने अदालत से कहा कि प्रांतीय ईपीटीबी ने मंदिर की रक्षा नहीं की। उच्चतम न्यायालय ने अल्पसंख्यक अधिकारों के आयोग के एक सदर्स्ईय टीम को हमले की जांच करने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति इजाजुल अहसान ने इसके बाद पुलिस प्रमुख से पूछा कि जब मंदिर के पास पुलिस जांच चौकी थी तो हमला कैसे हो सकता है। न्यायाधीश ने पूछा, आपकी खुफिया एजेंसियां कहां थीं? पुलिस प्रमुख ने अदालत से कहा कि घटना के दिन मंदिर के पास जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल का प्रदर्शन चल रहा था, जो मौलाना फैजुल्लाह द्वारा प्रायोजित था।

पुलिस प्रमुख ने कहा, प्रदर्शन स्थल पर मौजूद छह उलेमाओं में से केवल मौलाना मोहम्मद शरीफ ने भीड़ को उकसाया। अधिकारी ने अदालत को सूचित किया कि हमले में संलिप्त 109 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि उस वक्त ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक सहित 92 पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। मुख्य न्यायाधीश अहमद ने कहा कि निलंबन पर्याप्त नहीं है। न्यायाधीश ने ईपीटीबी के अध्यक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें सरकार की मानसिकता के साथ अध्यक्ष पद पर नहीं बैठना चाहिए। दालत ने निर्देश दिया, आपके कर्मचारी मंदिरों एवं गुरुद्वारे की जमीन पर व्यवसाय कर रहे हैं। उन्हें गिरफ्तार कीजिए और मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू कराइए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए मौलवी शरीफ से धन लिया जाना चाहिए।



ईरान में अपने गंतव्य की ओर भेजे जाने से पहले सेना ने ड्रोन का किया प्रदर्शन किया

# दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के मादक पदार्थ तस्कर की हत्या

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** में भारतीय मूल के एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की उसके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद उसके गुस्साए समर्थकों ने दो संदिग्ध हत्यारों के सिर काट दिए और उनके शवों को आग के हवाले कर दिया।

टेडी माफिया के नाम से मशहूर यागनाथन पिल्लई को उसके शैल्क्रॉस स्थित घर पर सिर में दो बार गोली मारी गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार पिल्लई से कोई मिलने आने वाला था, इसलिए उसकी बेटी ने दो लोगों को घर में आने दिया। इसके बाद उसने गोली की आवाज सुनी।

पुलिस के अनुसार, समुदाय के कुछ लोग पिल्लई को एक स्थानीय अस्पताल

**● पिल्लई (59) के घर पिछले साल छापेमारी की गई थी और उसके खिलाफ अवैध रूप से हथियार और गोला बारूद रखने का मामला दर्ज किया गया था**

ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। इस दौरान कुछ अन्य लोगों ने दोनों कथित हत्यारों को घेर लिया, उन्हें मारा-पीटा, गोली मारी और उनके सिर काटकर सड़क पर ही उनके शवों को आग के हवाले कर दिया।पिल्लई (59) के घर पिछले साल छापेमारी की गई थी और उसके खिलाफ अवैध रूप से हथियार और गोला बारूद रखने का मामला दर्ज किया गया था। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि पिल्लई यहां बहुत लोकप्रिय था, उसे यहां का रॉबिन हुड माना जाता था। वह हमेशा समुदाय के लोगों की मदद करता था, चाहे वह अवैध धन से ही क्यों न हो।पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर जै नैकर ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस और निजी सुरक्षा अधिकारियों पर भी समुदाय के लोगों ने गोली चलाई। इसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पब्लिक ऑर्डर पोलिसिंग यूनिट को बुलाया गया। इलाके में स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है।इलाके में मादक पदार्थ तस्करों के बीच दबदबा कायम करने को लेकर काफी समय से लड़ाई जारी है और पिछले 10 महीने में पिल्लई, उसके 32 वर्षीय बेटे सहित कई लोगों की हत्या कर दी गई।

# राष्ट्रपति पद के लिए लड़ाई जारी रखूंगा: ट्रंप

**एपी।** डाल्टन (अमेरिका)

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद पर बने रहने के लिए जी-जान से लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने रिपब्लिकन सांसदों से भी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत को पलटने के लिए प्रयास करने को कहा है।

इस सप्ताह संसद की बैठक होगी जिसमें इलेक्टोरल कॉलेज वोट के नतीजों की पुष्टि की जाएगी। ट्रंप समर्थकों ने सोमवार रात को जॉर्जिया में रैली निकाली। ट्रंप ने समर्थकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन व्हाइट हाउस नहीं पहुंचने वाले हैं। ट्रंप ने कहा कि उनकी यात्रा का मकसद संसद की बैठक से पहले रिपब्लिकन सांसदों का उत्साह बढ़ाना है, लेकिन अपने संबोधन में अधिकतर समय उन्होंने



चुनाव पर ही चर्चा की और कहा कि जीत हमारी हुई है। इससे पहले ट्रंप ने वाशिंगटन में रिपब्लिकन सांसदों से जोर दिया कि वे बुधवार को होने वाले संसद के संयुक्त सत्र में औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराएं। संसद के सत्र में जो बाइडन के जीत की पुष्टि की जानी है।हालांकि ट्रंप के इस अड़ियल रुख पर कई लोग विरोध जता चुके हैं। अमेरिका के 10 जीवित पूर्व रक्षा मंत्रियों ने एक लेख में लिखा, नतीजों पर सवाल खड़ा करने का समय खत्म हो गया है। जॉर्जिया में चुनाव प्रचार के लिए मौजूद उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा, मैं आपसे वादा करता हूं कि बुधवार को संसद में हमारा दिन होगा।

## ट्रंप के समर्थकों के प्रदर्शन के मद्देनजर वाशिंगटन डीसी के मेयर ने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस में बुधवार को होने वाले संभावित मतदान को लेकर निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के पूर्वनिर्धारित प्रदर्शन के मद्देनजर मेयर ने हिंसा की आशंका को देखते हुए राजधानी में नेशनल गार्ड के जवानों की तैनाती की मांग की है। मतदान नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत सुनिश्चित करेगा। ट्रंप के समर्थक उनके चुनावी धोखाधड़ी के दावे के समर्थन में मंगलवार और बुधवार को रैली निकालने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप समर्थकों के प्रदर्शन के मद्देनजर वाशिंगटन डीसी के महापौर ने नेशनल गार्ड की तैनाती के लिए अनुरोध किया है।वाशिंगटन डीसी के कार्यवाहक पुलिस प्रमुख रॉबर्ट कौंटी ने सोमवार को कहा, ऐसी आशंका है कि शहर में हथियारों से लैस लोग आ सकते हैं। इससे पहले दिसंबर में ट्रंप समर्थकों की रैली में हिंसा हुई थी। ट्रंप लगातार ऐसे प्रदर्शनों को बढ़ावा देते हैं और उन्होंने निजी तौर पर इनमें शामिल होने के संकेत भी दिए हैं। सप्ताहांत में उन्होंने रैली के समर्थन में ट्वीट किया, मैं भी वहां मौजूद रहूंगा। ऐतिहासिक दिन।

# नववर्ष पर सबसे अधिक करीब 60,000 बच्चों का जन्म भारत में हुआ : यूनिसेफ

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** की बाल संस्था यूनिसेफ के अनुसार नववर्ष पर दुनियाभर में 3,71,500 से अधिक बच्चों का जन्म हुआ और इनमें सबसे अधिक करीब 60,000 शिशुओं का जन्म भारत में हुआ है।

यूनिसेफ ने कहा कि दुनियाभर में नए साल के पहले दिन 3,71,504 शिशुओं का जन्म हुआ। 2021 के पहले बच्चे का जन्म फिजी में और आखिरी बच्चे का जन्म अमेरिका में हुआ।संस्था ने कहा कि विश्वभर में जन्मे बच्चों की करीब आधी संख्या 10 देशों - भारत (59,995), चीन (35,615), नाइजीरिया (21,439), पाकिस्तान (14,161), इंडोनेशिया (12,336), इथियोपिया (12,006), अमेरिका (10,312), मिस्र (9,455), बांग्लादेश (9,236) और कांगो गणराज्य (8,640) से है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि 2021 में 1.40 करोड़ बच्चों के जन्म का अनुमान है और उनकी औसत उम्र 84 साल होने की संभावना है।यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक हेनरीटा फोर ने सभी देशों से 2021 को बच्चों के लिहाज से भेदभाव रहित, सुरक्षित और स्वस्थ वर्ष बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज के दिन जन्मे बच्चे यहां तक कि एक साल पहले जन्मे शिशुओं से भी अलग दुनिया में आए हैं। नया साल उनके लिए नए अवसर लेकर आए। वर्ष 2021 में यूनिसेफ की स्थापना के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर यूनिसेफ और इसकी सहयोगी संस्थाएं संघर्ष, बीमारी और जीवन जीने के अधिकार की रक्षा के साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए लिए किए गए कामों का जश्न मनाएंगी और इस अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन तथा घोषणाएं करेंगी। फोर ने कहा, आज दुनिया वैश्विक महामारी, अर्थव्यवस्था में गिरावट, बढ़ती गरीबी और बढ़ती असमानता के दौर से गुजर रही है, ऐसे में यूनिसेफ के काम की हमेशा की तरह बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा, पिछले 75 साल से यूनिसेफ संघर्ष, विस्थापन, प्राकृतिक आपदाओं और संकट के दौर में दुनिया के बच्चों के लिए मौजूद रहा। नववर्ष के आगाज के साथ बच्चों के अधिकारों के प्रति हम अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाई जाए, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में रहें। कोविड-19 को देखते हुए यूनिसेफ ने बच्चों के लिए रीइमैजिन अभियान समेत कई कार्यक्रम शुरू किए।



व्हाइट हाउस में सोशल मीडिया डायरेक्टर डेन स्केवीनो इंवाका ट्रंप (डोनाल्ड ट्रंप की बेटी) की तस्वीर लेते हुए

# महामारी ने भारत को खुद को मजबूत करने और वैश्विक मंच पर आगे आने के लिए प्रेरित किया: भारतीय राजदूत

**भाषा।** बीजिंग

**चीन में भारत** के राजदूत विक्रम मिस्री ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने भारत को खुद को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया है और इस महामारी ने दिखाया है कि भारत व्यापक क्षमताओं के साथ न केवल अपनी मदद करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भलाई के लिए काम करेगा।

हांगकांग से प्रकाशित अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में एक आलेख में मिस्री ने लिखा कि महामारी के विनाशकारी प्रभाव को आंकना मुश्किल था और इसका असर बहुत अधिक रहा।

भारतीय राजदूत ने कहा, लेकिन इस क्रम में सबसे अहम बात बढ़ता अंतरराष्ट्रीय सहयोग है, खासतौर पर जब हमारा आपसी जुड़ाव निरंतर बढ़ रहा है। इसी अनुरूप उभरती बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था में भारत अपने तात्कालिक पड़ोस को सर्वाधिक ध्यान देता रहेगा, जहां लेन-देन रहित व्यवहार पर आधारित पड़ोस प्रथम की उसकी नीति साझा गतिविधियों का आधार तैयार कर रही है।

मिस्री ने सोमवार को प्रकाशित लेख में लिखा, उसी समय हमारा व्यापक पड़ोस भी हमारे इतिहास और धरोहर का अभिन्न हिस्सा रहा है और एक्ट ईस्ट नीति एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सागर (क्षेत्र के सभी देशों के लिए सुरक्षा और प्रगति) दृष्टि के माध्यम से हमारी सहभागिता जाहिर हुई है जिसमें हमारे समुद्री पड़ोसी देशों के साथ साझेदारी का प्रारूप है। उन्होंने कहा कि दुनिया को अधिक विश्वस्त और सक्षम सहयोगी चाहिए और भारत मानता है कि वह इस भूमिका को निभा सकता है। मिस्री ने लिखा, महामारी ने दिखाया कि भारत व्यापक क्षमताओं के साथ न केवल अपनी मदद करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भलाई का वाहक बनेगा। आत्मनिर्भर भारत आत्म-केंद्रित भारत नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थाई सदस्य के रूप में एक जनवरी से शुरू हुए भारत के दो वर्ष के कार्यकाल के संदर्भ में उन्होंने कहा, इस बात से सहमत हूं कि बहुध्रुवीय दुनिया को आज अधिक बहुलवाद की जरूरत है और हम संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय निकायों को समकालीन वास्तविकताओं के साथ तालमेल के साथ अधिक प्रतिनिधित्व वाला बनाने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# मैक्सिको ने आपात इस्तेमाल के लिए ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेने का के टीके को दी मंजूरी

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको ने देश में रुके हुए टीकाकरण कार्यक्रम को बहाल करने उद्देश्य से ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के टीके के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। मैक्सिको ने पहले फाइज़र के टीके के आपात स्थिति में इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। देश में दिसम्बर के तीसरे सप्ताह तक 44,000 टीके लगाए गए थे। मैक्सिको के नियामकों ने अब एस्ट्राजेनेका के टीके को मंजूरी दी है।सहायक स्वास्थ्य सचिव ह्यूगो लोपेज-गैटल ने बताया कि उन्होंने गलती से चीन के टीका निर्माता कैनसिनो को मंजूरी की जानकारी दी थी। जबकि इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता के पूर्ण अध्ययन के परिणाम अभी तक पेश नहीं किए गए है।उन्होंने कहा कि मैक्सिको को सस्ते और एक खुराक वाले कैनसिना के टीके से उम्मीद है। उन्होंने कहा, इससे हमारे लिए चीजें अधिक आसान होंगी।

# वैश्विक नेताओं ने वैज्ञानिक नवाचार और निर्णायक कार्रवाई में भारत के नेतृत्व की सराहना की

**न्यूयॉर्क।** विश्व नेताओं ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के लिए वैज्ञानिक नवाचार और निर्णायक कार्वाई में भारत के नेतृत्व की सराहना की है।सराहना ऐसे समय में की गई है, जब भारत कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम चलाने को तैयार है। गौरतलब है कि भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने रविवार को सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित कोवैक्सीन के आपात स्थिति में इस्तेमाल किए जाने की मंजूरी दे दी।बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए ट्वीट किया, विश्व जब वैश्विक महामारी को खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है, ऐसे में वैज्ञानिक नवाचार और टीका निर्माण क्षमता में भारत का नेतृत्व बेहतरीन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम ने भी ट्वीट किया कि भारत लगातार निर्णायक कार्वाई कर, कोविड-19 वैश्विक महामारी को खत्म करने के अपने संकल्प का प्रदर्शन कर रहा है।

## क्विक न्यूज

### भारतवंशी नीरज अंतानी ने ओहायो के सीनेटर के तौर पर शपथ ली

**वाशिंगटन।** भारतवंशी नीरज अंतानी ने अमेरिका के ओहायो के सीनेटर के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही वह राज्य की सीनेट का हिस्सा बनने वाले भारतीय मूल के पहले अमेरिकी बन गए है।ओहायो सीनेट के लिए चुने गए अंतानी (29) ने सोमवार को शपथ ली।शपथ लेने के बाद अंतानी ने कहा, मुझे खुशी है कि मै समुदाय का प्रतिनिधित्व करने के काबिल बना। बतौर सीनेटर अंतानी का कार्यकाल चार साल का होगा।अंतानी ने कहा, मैं ओहायो वासियों के लिए हर दिन कड़ी मेहनत करूंगा ताकि उन्हें अपने सपनो को पूरा करने का मौका मिले। इस अनिश्चित अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य चुनौतियो के बीच हमें निश्चित रूप से ऐसी नीतियां लागू करने की आवश्यकता है जो ओहायो के लोगो को लाभ पहुंचाए। इससे पहले, अंतानी 2014 से ही 42वें ओहायो हाउस डिस्ट्रिक्ट के लिए राज्य प्रतिनिधि के तौर पर सेवा दे चुके है। वह ओहायो राज्य प्रतिनिधि सभा का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे युवा सदस्य रहे है।

### बाइडन ने चुनावी नतीजों को लेकर लगातार शिकायतें करने के लिए ट्रंप पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले वर्ष तीन नवम्बर को हुए चुनाव के नतीजे बदलने के प्रयास कर रहे डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि निवर्तमान राष्ट्रपति अपना काम करने की बजाय अधिक्तर समय शिकायत करने में लगा रहे है।ट्रंप ने अभी तक राष्ट्रपति चुनाव मे हार स्वीकार नही की है और चुनाव के नतीजो के खिलाफ कई संघीय मुकदमे उन्होने दायर कर रखे है। उनका दावा है कि चुनाव मे बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गई है।चुनाव अधिकारी और मीडिया उनके दावो को निराधार बता रहे है। ट्रंप कई मुकदमे हार भी चुके है। बाइडन ने सोमवार को जॉर्जिया मे एक चुनावी रैली मे कहा, राष्ट्रपति समस्याओ के बारे मे कुछ करने की बजाय अधिक्तर समय शिकायते करने मे लगा रहे है। मुझे समझ नही आता कि वह अब भी पद पर बने क्यो रहना चाहते है जबकि उन्हे काम ही नही करना है। बाइडन, जॉर्जिया मे दो डेमोक्रेटिक उम्मीदवारो का समर्थन कर रहे थे। इन चुनाव के बाद ही स्पष्ट होगा कि यहां सीनेट पर किस पार्टी का कब्जा होगा।प्रथम चुनाव मे किसी उम्मीदवार के जीत हासिल ना करने पर दूसरे रन ऑफ चुनाव कराए जाते है। इलेक्टोरल कॉलेज ने दिसम्बर मे राष्ट्रपति चुनाव के नतीजो की घोषणा करते हुए बाइडन को सभी 50 राज्यो मे आधिकारिक तौर पर विजेता घोषित कर दिया था।आधिकारिक नतीजो के अनुसार बाइडन को 306 और ट्रंप को 232 इलेक्टोरल वोट मिले है। अमेरिकी कांग्रेस छह जनवरी को सदन की बैठक मे इलेक्टोरल कॉलेज के नतीजो और बाइडन की जीत को आधिकारिक तौर पर प्रमाणित करेगी।

### सऊदी अरब ने की कतर से लगने वाली जमीनी सीमा और हवाई मार्ग खोलने की घोषणा

**उल उला (सऊदी अरब)।** कतर के साथ वर्षों से चले आ रहे कूटनीतिक संकट को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सऊदी अरब ने उसके साथ लगने वाली जमीनी सीमा और हवाई क्षेत्र को खोलने का फैसला लिया है। इस घोषणा के बाद अब कतर के शासक मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचेगे। अधिकारियो ने यह जानकारी दी।सऊदी के इस निर्णय के चलते वर्षों से चले आ रहे इस कूटनीतिक संकट को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकेगा। इस संकट के कारण अमेरिका के रक्षा सहयोगियो के बीच गहरे मतभेद है, सामाजिक संबंध खत्म हो चुके है और अरब देशो का परंपरागत गठबंधन टूट गया है। कुवैत और अमेरिका तीन वर्ष से भी अधिक समय पहले शुरू हुए इस संकट को खत्म करने के असफल प्रयास कर चुके है, हालांकि खाड़ी देशों के नेताओं के सम्मेलन से एक दिन पहले सोमवार को इस संकट को खत्म करने के लिए कदम उठाने की घोषणा की गई। यह घोषणा ऐसे वक्त की गई है जब जो बाइडन अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले है। इस घोषणा का समय विशेष ही कहा जाएगा क्योंकि हो सकता है कि सऊदी अरब ट्रंप प्रशासन को एक अंतिम कूटनीतिक जीत दिलाना चाहता हो, वही आगामी बाइडन प्रशासन के साथ गर्मजोशी भरे संबंध बनाना चाहता हो क्योंकि ऐसा अनुमान है कि बाइडन का रुख सऊदी के प्रति सख्त हो सकता है। सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने कतर पर इस्लामिक कट्टरपंथी समूहो को समर्थन देने का आरोप लगाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिए थे जिसके चलते इस छोटे से लेकिन प्रभावशाली खाड़ी देश की एकमात्र जमीनी सीमा 2017 के मध्य से अधिक्तर समय बंद ही रही है। इन देशो को कतर के ईरान के साथ अच्छे संबंधों पर भी आपत्ति है। कतर दुग्ध उत्पादो, निर्माण सामग्री तथा अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सऊदी से लगने वाली सीमा पर निर्भर करता है। पिछले तीन साल से इस सीमा को कुछ समय के लिए खोला जाता है ताकि कतर के लोग हज यात्रा पर सऊदी अरब जा सकें।इस विवाद मे मध्यस्थता कर रहे कुवैत के विदेश मंत्री ने इस बाबत घोषणा की। वह कथित तौर पर यह संदेश कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी को देने के लिए सोमवार को दोहा गए। खाड़ी देशों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सऊदी अरब का यह फैसला अहम है लेकिन सारे मतभेद दूर होने की अभी कोई संभावना नही है।

## अब नेटफ्लिक्स पर नजर आएंगे कपिल शर्मा



**मुम्बई।** मशहूर हास्य कलाकार कपिल शर्मा अब जल्द ही नेटफ्लिक्स के लिए काम करेंगे। यह एक शो होगा या फिल्म, यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन 2021 में इसे 190 देशों में प्रसारित किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि वह नेटफ्लिक्स के साथ काम करने को उत्साहित हैं। हास्य कलाकार (39) ने एक बयान में कहा, पूरी दुनिया के लिए 2020 काफी मुश्किलों भरा रहा और अब मैं चाहता हूं कि लोग अपनी चिंताओं को भूल इस नए साल का स्वागत प्रेम, हंसी और सकारात्मकता के साथ करें। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं हमेशा नेटफ्लिक्स के साथ काम करना चाहता था, लेकिन मेरे पास उनका नंबर नहीं था। शर्मा ने कहा कि यह नया प्रोजेक्ट उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने कहा, मैं अपने प्रशंसकों के साथ इससे जुड़ी जानकारी साझा करने को उत्साहित हूं।

# 'जिन भूमिकाओं में कोई दम न हो, नहीं करना चाहती'



अभिनेत्री **शिखा तलसानिया** अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित करती आई हैं और इस बार भी वो अपनी फिल्म 'कुली नंबर 1' में अपने अभिनय से प्रभावित करने में सफल रही हैं। अमेजॉन प्राइम वीडियो पर उनकी फिल्म हाल ही में रिलीज़ हुई थी। पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** ने उनसे एक विशेष बातचीत में फिल्म में उनके रोल अंजली, सेट की स्मृतियों तथा एकायामी रोल को मना करने के पी के उनके कारणों के बारे में जाना। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

**■ फिल्म 'कुली नंबर 1' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

देखिये मैं इसमें सारा की बहन बनी हूं मेरे पिता हमारे लिए धनी पति की तलाश में रहते हैं। इसके बाद हम राजू के साथ एक ट्रिप पर जाते हैं जहां से धमाल का प्रारंभ होता है। लेकिन इसके बाद की कहानी जानने के लिए तो आपको फिल्म देखनी ही पड़ेगी।

**■ इस भूमिका को करने के पीछे आपको क्या आकर्षण लगा?**

देखिये वैसे तो ये डेविड धवन की हिट फिल्म का ही रीमेक है। डेविड सर तो जाने माने निर्देशक हैं ही। इसके अलावा फिल्म में मेरा एक नृत्य भी है जो मैंने अपने प्रिय गाने 'हुस्न है सुहाना' पर किया है।

**■ सेट की स्मृतियों में से कुछ हमारे साथ साझा करना चाहें तो...**

मुझे याद है कि जब हम 'हुस्न है सुहाना' कर रहे थे तो वरुण स्टेप्स में कुछ बदलाव कर रहा था ताकि ये और भी रोचक लगे। मैं 15 मिनट तक तो नर्वस रही लेकिन इसके बाद तो मैं भी सामान्य हो गई और मैंने भी गाने और नृत्य के बारे में अपने सुझाव दिये। फिल्म की शूटिंग अच्छा अनुभव रहा। मेरे लिए तो ये किसी सपने के सच होने जैसा अनुभव था। इसके अलावा मुझे परेष रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव तथा जावेद जाफ्री जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का अनुभव मिला जिन्हें देखकर मैं बड़ी हुई हूं। इसके बाद डेविड सर के साथ सहयोग करना भी एक आकर्षण था क्योंकि उन्होंने मेरे पिता के साथ कई फिल्में की थीं।

**■ क्या आपके पिता ने आपको फिल्मों को लेकर किसी प्रकार की सलाह दी थी?**

जी हां, वो सदैव ऐसा करते रहते हैं। मेरे माता-पिता दोनों ही सलाह देते रहते हैं। वे मेरा पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने मुझे सदा ही काम का आनंद लेते हुए काम करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि काम लगन से तथा परिश्रम से करना चाहिये। इसके अलावा सेट पर लोगों से मित्रतापूर्ण व्यवहार रखो तथा स्वयं को अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता नहीं होती। हमेशा जमीन पर पांव होने चाहिये। यही सलाह वो हर बार के लिए देते हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने कहा कि फिल्म का पूरा आनंद लेते हुए काम करना और मैंने वही किया भी।

**■ क्या आपने कोई भूमिका करने से इंकार भी किया है?**

जी हां, मैं ऐसी भूमिकाएं नहीं करना चाहती जो एकायामी हों और उनमें बहुत कुछ करने के लिए न हो। एक रोल मुझे ऑफर किया गया था जिसमें उन्हें एक मोटी लड़की का रोल कराना था। मैंने ये करने से मना कर दिया क्योंकि इसमें इसके अलावा कि मुझे मोटा दिखना था, कुछ और करने के लिए था ही नहीं। वो बस भूखी रहती थी या फिर खाती रहती थी। लेकिन यदि उसमें लड़की के मोटे दिखने के अलावा उसकी कुछ कहानी भी होती तो मैं इसे अवष्य करती। लेकिन मैं ये कहना चाहूंगी कि ये इंडस्ट्री मुझ पर बहुत दयालु रही है और मुझे ऐसे अवसर प्राप्त हुए हैं जिनमें एक अभिनेत्री के रूप में मुझे चुनौती देने की क्षमता थी।

**■ इतने सालों के बाद आपको इंडस्ट्री से क्या कुछ सीखने को मिला?**

यहां कुछ महान लोग रहे हैं। आपको तब अपने समय का सच्चा सदुपयोग करना चाहिये जब आप सेट पर हों। आपको लोगों से मित्रतापूर्ण व्यवहार करना सीखना चाहिये। लोगों और उनके काम को ध्यान से देखो और नोट करते चलो क्योंकि यहां इतना कुछ सीखने को है कि बताया नहीं जा सकता।

**■ आगे की क्या योजनाएं हैं?**

अभी मैं कुली नंबर 1 पर ही पूरा ध्यान लगा रही हूं। इसके अलावा कुछ और रोचक काम भी हैं। मैं स्टेज पर भी काम करती हूं और यही करने के लिए कुछ दिन वहां जाऊंगी। इसके बारे में अधिक जानकारी होते ही मैं आप सभी से साझा करूंगी।



## आयुष्मान खुराना कर सकते हैं किसी बड़ी फिल्म की घोषणा

**बॉलिवुड** स्टार आयुष्मान खुराना पिछले छः महीने के बाद मुंबई लौट आए हैं। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि वो यहां किसी बड़े प्रोजेक्ट को साइन करने आए हैं जिसके बारे में आने वाले दिनों में ही पता लगेगा। आयुष्मान वैसे अपने गृहनगर चंडीगढ़ में पिछली जून से ही हैं। उनका कहना है कि महामारी के दौरान उन्हें कुछ अच्छी परियोजनाएं मिली हैं जिनके बारे में बताने के लिए वो बहुत ही व्यग्र हैं। ऐसा लगता है कि उनके पास घोषित करने के लिए कोई बड़ा प्रोजेक्ट है। व्यवसाय के सूत्रों की माने तो ' ये कोई ऐसा प्रोजेक्ट है जो कहानी के हिसाब से रोचक है। इसमें वो किसी बड़े फिल्म निर्माता के साथ सहयोग करने वाले हैं। ये बातें अभी गुप्त रखी जा रही हैं लेकिन जल्दी ही इनके बारे में पता चलेगा। अभिनेता ने बताया, '2021 में मेरी तीन रिलीज़ होनी हैं और मैं चाहता हूं कि इन रिलीजों के माध्यम से मैं दर्षकों को थियेटरों तक लाऊं।' लेकिन अभी तक की जानकारी के अनुसार उनकी फिल्म 'चंडीगढ़ की आषिकी तथा डॉक्टर जी, ही हैं। तो ऐसे कयास कि एक और फिल्म की घोषणा होनी है, सच हो सकते हैं लेकिन ये सब घोषणा होने पर ही पता चल सकेगा। इससे पहले उन्होंने कहा था, 'मैं अपने ब्रैंड के सिनेमा के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करना चाहता हूं। मैं दर्षकों को कुछ अलग और सार्थक कंटेंट देने का प्रयास करता रहता हूं ताकि वे उसका आनंद ले सकें। मेरी महत्वाकांक्षा है कि मैं अपनी इंडस्ट्री के मानकों के अनुसार सर्वश्रेष्ठ फिल्म बनाऊं। हर फिल्म के माध्यम से मैं परदे पर कुछ नया लेकर आना चाहता हूं।'

## काजोल करेंगी स्त्री की सार्थक भूमिका



**अभिनेत्री** काजोल का कहना है मेरी फिल्म त्रिभंगाः टेढ़ी मेढ़ी क्रेज़ी, महिला होने तथा उनकी कमियों का उत्सव मनाने जैसी है। हमें इन अपूर्णताओं का स्वागत करना चाहिये और अपनी शर्तों पर अपना जीवन जीना चाहिये। मेरा चरित्र इसमें बातूनी तथा बिलकुल मेरे जैसा ही है लेकिन कुछ तो अलग भी है।

## शिल्पा शेट्टी ने दीं योग की उपयोगी टिप्स



**अभिनेत्री शिल्पा** शेट्टी ने इस त्यौहारी मौसम में लोगों को योग के कुछ ऐसे आसन बताए हैं जिन्हें करके आप पुनः स्फूर्ति का अनुभव कर सकते हैं। अपने एक ट्वीट में उन्होंने बताया, 'अवकाश के बाद पुनः काम पर लौटना कभी आसान नहीं होता। लेकिन शांत और कोलाहल के बीच संतुलन स्थापित करना भी अनिवार्य रूप से महत्वपूर्ण होता है। लेकिन जब भी मेरे साथ ऐसा होता है तो मैं ये व्यायाम अवश्य करती हूं और पुनः रिचार्ज हो जाती हूं।' आगे उन्होंने इसके बारे में बताया, 'आप श्वांस को भीतर लीजिये, सकारात्मक विचारों के साथ और इसके साथ ही सभी नकारात्मक विचार और भावनाओं को श्वांस के साथ प्यार और रोषनी के रूप में बाहर फेंक दीजिये। इससे आप उन चीजों पर स्वयं को एकाग्र कर सकते हैं जिनपर आप फोकस करना चाहते हैं। साथ ही आप तनाव से भी राहत अनुभव करेंगे।'

## डेमी ने स्टूडियो में की वापसी



गायक डेमी लोवेटो स्टूडियो में वापस आ चुके हैं, उनके मैनेजर स्कूटर ब्रॉन ने बताया। उन्होंने ट्विटर पर बताया कि लोवेटो अब एक नए संगीत पर काम कर रहे हैं। आंखों के इमोजीज़ के साथ उन्होंने लिखा, 'डेमी स्टूडियो में वापस आ चुके हैं।' पिछले महीने लोवेटो ने लिखा था, 'अपने प्रषंसकों के लिए एक गाना रिकॉर्ड कर रहा हूं जो मुझे सपोर्ट करते हैं और वो सब करते हैं जो मुझे प्रसन्न रखता हैं।' इस गायक का पिछला एलबम 'टेल मी यू लव मी' जो 2017 में रिलीज़ हुआ था। इस बीच उन्होंने कई सिंगल रिलीज़ किये थे जिसमें 2018 की 'सोबर', तथा पिछले साल का 'एनीवन, आई लव मी, स्टिल लव मी तथा कमांडर इन चीफ' भी थे।

## अनन्या को दीपिका हैं बहुत प्रिय

**अभिनेत्री** अनन्या पांडे का कहना है कि अभिनेत्री दीपिका पादुकोंण के साथ काम करना एक अच्छा अनुभव है और वो उन्हें सबसे मधुर व्यक्ति कहती हैं। आजकल वो दीपिका के साथ शकुन बत्रा की फिल्म में काम कर रही हैं जिसका नामकरण अभी नहीं हो सका है। इसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी भी काम करते दिखाई देंगे।

उनसे ये पूछे जाने पर कि क्या दीपिका के साथ काम करना डरावना लगता है। अनन्या ने बताया, 'नहीं बिलकुल नहीं। वो तो मेरी अत्यंत प्रिय सहअभिनेत्री हैं। वो बाहर और भीतर दोनों जगह सुंदर हैं। मैं आज तक जितने भी लोगों से मिली हूं वो उन जैसी ही अच्छी तथा स्नेही हैं। वो मेरी बहन जैसी ही हैं। हमारे संबंध भी अत्यंत मधुर हैं।'

